सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
14.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | श्रावण, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 04

मिशन चंद्रयान-3 तैयार
आज दोपहर 02:35 बजे होगा प्रक्षेपित

जगरनाथ दा को अमर रखने का जिम्मा अब डुमरी की जनता पर

1932 हमारा मुद्दा था और रहेगा : सीएम

- नावाडीह में 17097.82 लाख की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन
- लाभुकों के बीच 5,636.94 लाख की परिसंपत्ति बांटी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डुमरी विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा से पहले ही चुनावी डंका बजने लगा है। विपक्ष की बढ़ी गतिविधि के बीच झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी चुनावी जंग का आगाज कर दिया है। सीएम ने उपलब्धि गिनाते हुए विकास की झोली भी खोल दी। सीएम ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह में मौजूद बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में 17097.82 लाख की अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। यही नहीं उन्होंने लाभुकों के बीच 5,636.94 लाख की परिसंपत्ति का वितरण कर चुनावी माहौल को गरमा दिया है। अपने 47 मिनट के संबोधन में सीएम ने लोगों को भरोसा दिया कि जगरनाथ महतो के जाने के बाद पूरी सरकार आप लोगों के साथ खड़ी है। सीएम ने फिर स्पष्ट किया कि 1932 हमारा मुद्दा था और रहेगा। हम हारे नहीं हैं बल्कि लंबी छलांग के लिए दो कदम पीछे आये हैं। (शेष पेज 11 पर)

चुनावी जंग का आगाज

जगरनाथ महतो को आप जिंदा रखें

सीएम ने कहा कि दो वर्षों तक कोरोना से संघर्ष के बाद पिछले एक-डेढ़ साल में जो काम किये गये हैं, उसका अनुभव आप सभी कर रहे होंगे। अपने संबोधन के अंतिम वाक्य में जता दिया कि डुमरी सीट उनके लिए कितनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जगरनाथ महतो को अमर रखने का जिम्मा अब आप पर है। हमने जगरनाथ दा को बचाने पूरी कोशिश की, लेकिन विधि का विधान कोई टाल नहीं सकता। (पेज 2 भी देखें)

केंद्र बिंदु में रहीं बेबी देवी

पूरे समारोह के केंद्र बिंदु में बेबी देवी रहीं। उन्होंने पहली बार दस हजार से ज्यादा की संख्या में आये लोगों को संबोधित किया। उनका भाषण महज एक वाक्य का था। जोहार के साथ उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि जगरनाथ बाबू के अधूरा काम पूरा होतई...। इतना कहकर जब वह अपनी कुर्सी पर बैठने आयीं तो सीएम उनकी हौसला अफजाई करते नजर आये।

मोदी का फ्रांस में भव्य स्वागत, साइन होंगे कई रक्षा सौदे

मिलिट्री डे परेड के मुख्य अतिथि होंगे पीएम

एजेंसी

पेरिस। पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे के लिए फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंच गये, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। वह यहां 14 जुलाई को बैस्टिल डे के मौके पर शिरकत करेंगे। पीएम मोदी फ्रांस के के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ राफेल, स्कॉर्पियन पनडुब्बी समेत रक्षा सौदे समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उनके इस दौरे को भारत और फ्रांस के रक्षा संबंधों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पीएम का फ्रांस दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब दोनों देशों के रिश्तों ने हाल ही में 25 साल पूरे कर लिए हैं। पीएम ने भरोसा जताया है कि उनकी यात्रा से अगले 25 सालों में साझेदारी को नयी गति मिलेगी।

मैंक्रो ने मिलिट्री परेड पर मुख्य अतिथि बनाया : राष्ट्रपति मैंक्रो ने 14 जुलाई की मिलिट्री परेड के लिए मोदी को अतिथि चुना है। इस परेड में भारतीय सैनिकों की मौजूदगी के अलावा भारतीय वायु सेना के लिए खास तौर पर तैयार किये गये राफेल जेट्स की भागीदारी दोनों देशों के करीबी रक्षा संबंधों को बताने के लिए काफी है। (शेष पेज 11 पर)

26 और राफेल एम विमानों की खरीद को मंजूरी

पीएम मोदी की फ्रांस यात्रा के बीच सरकार ने फ्रांस से नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों तथा स्कोर्पिन श्रेणी की तीन पनडुब्बियों की खरीद की मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इन विमानों को देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा। नौसेना ने परीक्षणों के बाद अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-18 की तुलना में राफेल एम को तरजीह दी है। राफेल एम विमानों की खरीद को जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है और ये विमान फ्रांस सरकार से अंतर सरकार समझौते के तहत खरीद जायेंगे। ये विमान संबंधित उपकरणों , हथियारों, सिमुलेटर, कलपुर्जों, दस्तावेजों, चालक दल के प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक स्पोर्ट के पैकेज के तहत खरीदे जायेंगे। खरीद परिषद ने नौसेना के लिए भी जरूरत के आधार पर बाय (इंडियन) श्रेणी के तहत तीन अतिरिक्त स्कोर्पिन पनडुब्बी की खरीद को भी मंजूरी दी। राफेल तथा स्कोर्पिन पनडुब्बी की खरीद से नौसेना की मारक क्षमता में इजाफा होगा। 36 राफेल विमान पहले ही भारत खरीद चुका है।

एचइसी में बने लांच पैड और क्रेन की मदद से लांच होगा चंद्रयान-3

रांची। चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण और उसकी सफलता का सभी को इंतजार है। चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। शुक्रवार (14 जुलाई 2023) को 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे इसका प्रक्षेपण होगा। इसके लिए कई कंपनियों ने विभिन्न कल-पुर्जों और उपकरणों की आपूर्ति की है। किसी भी सैटेलाइट की लांचिंग के लिए जरूरी लांच पैड और सैटेलाइट को संभालने वाले क्रेन का निर्माण झारखंड की राजधानी रांची स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचइसी) में हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए एचइसी ने इसे बनाया था सैटेलाइट को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में भी इसका इस्तेमाल होता है।

पूजा-पाठ कर सफलता की कामना की

मिशन चंद्रयान-3 तैयार है। शुक्रवार को उल्टी गिनती शुरू होगी। श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को प्रक्षेपण यान मार्क 3 (एलवीएम3) से अपराह्न 2:35 बजे प्रक्षेपित करने की योजना है। मिशन तत्परता समीक्षा' (एमआरआर) पूरी कर ली है। वैज्ञानिकों की एक टीम चंद्रयान-3 के लघु मॉडल के साथ पूजा-अर्चना करने के लिए तिरुपति वेंकटचलपति मंदिर पहुंची। टीम ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और चंद्रयान के सफल होने की कामना की। मिशन के लिए संपूर्ण प्रक्षेपण तैयारी और प्रक्रिया का 24 घंटे का 'प्रक्षेपण पूर्वाभ्यास' किया। (पेज 12 भी देखें)

> मिशन सफल हुआ, तो भारत चांद पर पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बन जायेगा।
>
> साल 2019 में चंद्रयान-2 मिशन आंशिक रूप से ही सफल हुआ था।

धनबाद पहुंचे कोयला मंत्री ने अग्नि प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

हर माह राज्य सरकार को दी जाती है रॉयल्टी: जोशी

- नीति आयोग की बैठक में केंद्र सरकार पर लगाये गये झारखंड के आरोपों को उन्होंने किया खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी गुरुवार को धनबाद पहुंचे। कोयला खनन के दौरान शहीद हुए मजदूरों को उन्होंने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। वहीं मीडिया से बातचीत के दौरान कोयला मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार हर महीने राज्य सरकार को रॉयल्टी देती है। सीएम द्वारा नीति आयोग की बैठक में केंद्र सरकार पर लगाये गये आरोपों को उन्होंने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हर महीने झारखंड सरकार को रॉयल्टी अकाउंट में क्रेडिट कर दी जाती है। श्री जोशी ने अग्नि प्रभावित बांसजोड़ा कोलियरी एवं ऐना कोलियरी का भी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

बेहतर हो रहा कोयले का उत्पादन : कोयला मंत्री ने कहा कि हमारे देश में पहले से बेहतर कोयले का उत्पादन किया जा रहा है। वर्तमान में 1000 मिलियन टन से एक हजार बिलियन टन कोयले का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के निर्देश पर कोकिंग कोल प्रोडक्शन बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भविष्य में कोकिंग कोल का भी बेहतर उत्पादन की बात कोयला मंत्री ने कही। उन्होंने झरिया इलाके का दौरा भी किया।

कोयला मंत्री ने अधिकारियों के साथ पुनर्वास पर भी चर्चा की। साथ ही कोयले की आग बुझा कर वहां से कोयला निकालने का काम किया जा रहा है। कोयला मंत्री के धनबाद दौरे को लेकर अग्नि प्रभावित और भू-धसान क्षेत्र में बसे लोगों की निगाहें टिकी रहीं। अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्थिति काफी दयनीय हो चली है। आये दिन वह मौत के साये में जीने को मजबूर हैं।

रतन हाइट्स के पास नहीं बनेगा भवन, नक्शा रद्द

रांची। मोरहाबादी के रतन हाइट्स रेसिडेंसियल सोसायटी को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत और वीकेएस बिल्डर को बड़ा झटका मिला। झारखंड हाइकोर्ट ने रतन हाइट्स की खाली जमीन पर बिल्डिंग नहीं बनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने वीकेएस बिल्डर के नक्शा को रद्द करते हुए जमीन सोसायटी को हैंडओवर करने का भी आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेश शंकर की अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि सोसायटी की खाली जमीन पर बन रहा बिल्डिंग सही नहीं है। कोर्ट ने रांची नगर निगम से स्वीकृत नक्शा को भी गलत बताते हुए रद्द कर दिया है।

भारत ने बांग्लादेश से टी-20 सीरीज जीती

ढाका। भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज 2-1 से जीत ली। गुरुवार को आखिरी मुकाबले में भारत को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय बल्लेबाज 20 ओवर में 102 रन ही बना सके। बांग्लादेश की टीम 19वें ओवर में जीत गयी। ढाका में तीसरे टी-20 मुकाबले में भारतीय बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ जूझते रहे। जिससे बांग्लादेशी महिलाएं ने अंतिम टी-20 चार विकेट जीत गयीं।

SURJABASHA

न्यूज डायरी

10 हजार घूस लेते अमीन को एसीबी ने रंगे हाथ दबोचा

सरायकेला। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया अंचल के अमीन राज किशोर भगत को 10 हजार घूस लेते रंगे हाथों धर दबोचा। एसीबी की टीम अंचल अमीन को गिरफ्तार कर जमशेदपुर ले गई है।

हरीश यादव चार दिनों के इडी रिमांड पर

रांची। निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को गुरुवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। ईडी के अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट से आग्रह किया कि हरीश को रिमांड पर लेकर पूछताछ की इजाजत दी जाये।

दिल्ली में लाल किले तक पहुंचा बाढ़ का पानी

नयी दिल्ली। हरियाणा के द्वारा हथिनीकुंड बराज में पानी छोड़े जाने से यमुना का जलस्तर 208.53 मीटर तक पहुंच गया है। जिससे 45 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है। यमुना का पानी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से गुरुवार को दिल्ली के लाल किले तक पानी पहुंच चुका है।

ट्रक में कार की टक्कर दो कांवरियों की मौत

गिरिडीह। गुरुवार अहले सुबह बगोदर थाना क्षेत्र में कांवरियों से भरी कार ने एक खड़ी ट्रक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो कांवरियों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग जख्मी हुए हैं। मृतकों में हजारीबाग इमली कोठी के सगे भाई संतोष केसरी और दीपक केसरी शामिल हैं।

आतंकी साजिश मामले में एनआइए की छापेमारी

जम्मू-कश्मीर। आतंकी साजिश मामले में जांच के हिस्से के रूप में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के संगठनों और सहयोगियों के हाइब्रिड आतंकियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स के परिसरों पर एक और दौर की छापेमारी की। जम्मू-कश्मीर के शोपियां, अवंतीपोरा और पुलवामा जिलों में पांच स्थानों पर छापामारी की गयी है।

निलंबित विधायकों की होगी कांग्रेस में वापसी

रांची। कैश कांड के आरोप में कांग्रेस से निलंबित किये गये तीन विधायक डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप की पार्टी में वापसी होगी। कांग्रेस आलाकमान ने तीनों पक्ष को देखते हुए निलंबन वापस लेने का फैसला लिया है।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	56,400 रु./10 ग्राम
चांदी	74,000 रु./प्रति किलो

पटना में पुलिस लाठीचार्ज, भाजपा नेता की मौत, सांसद का सिर फूटा

प्रदेश अध्यक्ष बोले- सीएम पर 302 का केस करेंगे, आज राजभवन मार्च, धरना शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

पटना। रोजगार और शिक्षक भर्ती मामले को लेकर गुरुवार को पटना में भाजपा के विधानसभा मार्च पर पुलिस ने जमकर लाठी बरसायी। पुलि लाठीचार्ज में एक भाजपा नेता विजय सिंह (40) की मौत हो गयी। वह जहानाबाद के नगर भाजपा महामंत्री थे। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल भी लाठीचार्ज में घायल हो गये हैं। उनका सिर फूट गया है। अपने नेता की मौत और सांसद समेत कई नेताओं के घायल होने पर भाजपा में जबरदस्त आक्रोश है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और सुशील मोदी समेत तमाम नेताओं ने ट्वीट कर सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि यह हत्या है। (शेष पेज 11 पर)

मैं सांसद हूं मुझे लाठी मत मारो...

विधानसभा की ओर बढ़ रहे भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं को पुलिस ने डाक बंगला चौराहे पर रोक लिया और जमकर लाठीचार्ज किया। भाजपा सांसद को भी लाठी से पुलिसवालों ने पीटा। पार्टी सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल कहते रहे- वह सांसद हैं और उन पर लाठीचार्ज नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद पुलिस ने उनपर जमकर लाठियां चटकायी, जिसके कारण उन्हें गंभीर चोट लगी है। उनके सिर में चोट लगी। न सिर्फ भाजपा विधायकों और सांसद को पीटा गया, बल्कि महिला कार्यकर्ताओं को भी नहीं बख्शा गया। डाकबंगला चौराहा गुरुवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया था।

A MUST READ FOR ALL CLASS 12 PASSOUT STUDENTS

I did not prepare for JEE/NEET during class 11 and 12. Should I take a drop for JEE/NEET 2024?
You should definitely take a drop and prepare properly for 1 year as the scope of improvement for you is immense. Moreover, preparing rigorously for exams like these builds character and attitude required to attain and sustain success in the future.

I prepared for JEE/NEET during class 11 and 12 but did not get the desired result. Should I take a drop for JEE/NEET 2024?
See, you have an edge if you take a drop as you very well know the mistakes done by you during those 2 years with your 1st hand experience. So you can take a drop if you are willing to correct those mistakes and work hard rigorously for 1 more year.

Taking a drop is a personal decision as ultimately you will have to make it count with your hard work. You don't have to worry about school schedules, school exams or board exam. So you can focus completely on your entrance exams. Our passout students have done great in the past and will keep doing so. What matters is that once you take that decision, don't look back and years later on you will find this as one of the best decisions of your career.

WE ARE A RESULT OF THE DECISIONS WE MAKE

ONE STEP
BACKWARD
ONE GIANT LEAP
FORWARD

We have been delivering best results from all our passout batches for over a decade by focusing exclusively on teaching and content delivery, timely completion of syllabus & revision, personalized doubt clearance with rigorous series of tests & quizzes and keeping our students motivated throughout the session with targeted goal setting.

G-SAT
Grand Scholarship Admission Test
Test Date : 14-July-2023
For Fresh Batches Starting on : 18-July-2023

Brother's Academy
JEE Main & Advanced / NEET / OLYMPIADS
Website : www.brothersacademy.co.in

BROTHER'S ACADEMY LALPUR CAMPUS, Tirupati Tower, Circular Road, Ranchi-834001, Ph : 74884-08051, 82350-71441
BROTHER'S ACADEMY DORANDA CAMPUS, Opp. Eylex Cinemas, Hinoo, Ranchi-834002, Ph : 62014-69038, 80920-71442

गवर्नर और स्पीकर से मिला जेएसएसयू का डेलिगेशन, सौंपा ज्ञापन, मिला आश्वासन

● हकमार नियोजन नीति के खिलाफ छात्रों ने दोनों को सौंपा विधायक/ सांसद लिखित समर्थन प्राप्त दस्तावेज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के वर्तमान 60 और 40 के अनुपात से संचालित हकमार नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विस अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो से मिला। पिछले 10 मई से 25 मई तक यानी 15 दिवसीय विधायक/सांसद समर्थन प्राप्त अभियान के 60-40 नाय चलतो का प्राप्त बहुमत दस्तावेजों को गुरुवार को राज्यपाल एवं विधानसभा अध्यक्ष सौंपा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने मीडिया को बताया कि अपने लिखित आवेदन के साथ 60-40 नाय चलतो के कुल 72 विधायकों का समर्थन बहुमत दस्तावेजों राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और स्पीकर रविंद्रनाथ महतो को सौंपा गया। मांग पत्र के साथ वर्तमान नियोजन नीति पर हो रही अनियमितता की विस्तारपूर्वक जानकारी भी दोनों को दी गयी।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण ने राज्य के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति विज्ञापन में झारखंड निवासी नहीं होने की बात को गंभीरता से लेते हुए अन्य राज्यों का नियोजन नीति देखने के बाद झारखंड के नियोजन नीति में भी सुधार तथा मुख्यमंत्री के संज्ञान में देने का सकारात्मक आश्वासन दिया। वहीं विधान सभा अध्यक्ष द्वारा इसी मानसून सत्र में राज्य सरकार को संज्ञान में देने का भरोसा दिया गया। मौके पर देवेन्द्रनाथ ने समर्थन देने वाले सभी विधायक, सांसद से अपील किया है कि इस मानसून सत्र में क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा से सुसज्जित खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति लागू कर सभी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का मांग रखी जाये। ज्ञापन सौंपनेवालों में जेएसएसयू प्रमुख छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, प्रियंका एक्का, मोईजुद्दीन अंसारी, लकी रामू, योगेश भारती, रविंद्र कुमार शामिल थे।

हेमन्त सोरेन ने बोकारो को 17097.82 लाख रुपये की लागत वाली 70 योजनाओं की दी सौगात, कहा

झारखंड की तस्वीर बदलने को कृत संकल्प

● सरकार की हर योजना जन आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुरूप, आने वाली पीढ़ी को शिक्षित बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

● मुख्यमंत्री ने मॉडल डिग्री कॉलेज, नवाडीह की रखी आधारशिला, मॉडल डिग्री कॉलेज का किया उदघाटन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत दिए जाने वाले हर पशु का अब होगा इंश्योरेंस

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची/डुमरी। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड की तकदीर व तस्वीर बदलने के लिये सरकार कृत संकल्प है। सोरेन गुरूवार को बोकारो के नवाडीह में योजनाओं के उदघाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद हमने झारखंड तो ले लिया। लेकिन, पिछले दो दशकों में इस राज्य को जहां होना चाहिये, वहां नहीं पहुंच सका। तमाम संसाधनों और क्षमताओं के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। अब हमारी सरकार इस राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कृत संकल्प है। इस कड़ी में कई योजनाएं शुरू की गई है।

जन आकांक्षाओं के अनुरूप बना रहे हैं योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर योजना और नीति जन आकांक्षाओं के अनुरूप है। सरकार जो भी कार्य योजना बनाती है ए उसमें जनता की सोच और उसकी उम्मीदों का विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें। पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार की योजनाएं हैं। बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गई है। छात्रवृत्ति राशि में इजाफा किया गया है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत 15 लाख रुपए तक का एजुकेशन लोन न्यूनतम ब्याज दर पर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जायेगा।

क्वालिटी एजुकेशन पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित और मजबूत बनेए इसके लिए कई योजनाएं हैं। सरकार ने निजी विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि यहां बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नियुक्ति पत्र वितरण करने का सिलसिला लगातार जारी हैञ वहीं, जो अपना कारोबार करने के इच्छुक है, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। मौके पर मंत्री बेबी देवी, योगेंद्र प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, डीआईजी कन्हैयालाल मयूर पटेल और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

इन योजनाओं का हुआ शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 17097.82 लाख रुपये की लागत से कुल 70 परियोजनाओं का उदघाटन- शिलान्यास किया। इसमें 2322.65 लाख रुपये की 17 योजनाओं का लोकार्पण किया एवं 14775.17 लाख रुपये की 53 योजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में 10067 लाभुकों के बीच 5636.94 लाख रुपए की परिसंपत्ति बांटी।

छात्रा से दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

रांची। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को कॉलेज छात्रा को जबरन उसके घर से ले जाकर दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर देने के मामले में दोषी करार अभियुक्त रातू थाना क्षेत्र के पाली अखड़ा टोली निवासी संजय उरांव को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने अभियुक्त को उक्त आरोप में छह जुलाई को दोषी ठहराया था। घटना को लेकर मृतका की मां ने रातू थाना में 11 अप्रैल 2018 को अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान अभियुक्त संजय उरांव की गिरफ्तारी पुलिस ने 18 अप्रैल 2018 को की थी। तभी से वह जेल में है। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी परमानंद यादव ने अदालत के समक्ष छह गवाहों को प्रस्तुत किया था। छात्रा को घर से जबरदस्ती उठाकर टूटे घर में ले गया। जहां दुष्कर्म करने के बाद साक्ष्य छिपाने की नियत से उसकी हत्या कर दी थी। अदालत ने हत्या के जुर्म में उम्र कैद, दुष्कर्म के जुर्म में 20 साल एवं साक्ष्य छिपाने के जुर्म में तीन साल कैद की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

छात्रा की मौत की जांच करने कल धनबाद आएंगे प्रियंक कानूनगो

रांची। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने धनबाद के तेतुलमारी स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल की छात्रा उषा कुमारी की मौत के मामले को गंभीरता से लिया है। इसकी जांच के लिए आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो 15 जुलाई को झारखंड के धनबाद आएंगे। जानकारी हो कि विगत 10 जुलाई को धनबाद के तेतुलमारी थाना क्षेत्र की हनुमानगढ़ी कॉलोनी निवासी स्व. विजय बावरी और वंदना देवी की पुत्री उषा कुमारी ने आत्महत्या कर ली थी। वह धनबाद के तेतुलमारी स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल की छात्रा थी। विद्यालय की शिक्षिका सिंधु झा ने छात्रा को बिन्दी लगाने पर सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारा था। अपमानित किया था। इससे आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली थी।

हाईकोर्ट ने याचिका दाखिल करने वाले प्रार्थी पर लगाया एक लाख का जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को कामेश्वर प्रसाद की जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी वन अधिकारी राकेश कुमार की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने प्रार्थी के क्रेडेंशियल पर सवाल उठाया। उन्होंने कोर्ट को बताया कि पीआईएल रूल्स 2010 के तहत पारा 3 में प्रार्थी को अपना क्रेडेंशियल दिखाना चाहिए था। लेकिन प्रार्थी ने अपने खिलाफ लगे क्रिमिनल केस के बारे में याचिका में कोई जानकारी नहीं दी। इसलिए इनकी याचिका मेंटेनेबल नहीं है। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि कि भ्रष्टाचार के एक मामले में प्रार्थी के ऊपर विजिलेंस केस चल रहा है ,उसे निलंबित भी किया गया था और वह जेल भी गया था। जेल से निकलने के बाद उसका निलंबन हटाया गया है, लेकिन इन सारी बातों

को उसने अपनी याचिका में छुपाया है, वन विभाग में भी वह अन्य कर्मियों को परेशान करता है इसलिए यह जनहित याचिका की श्रेणी में नहीं आता है।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रतिवादी की बातों को सुनने के बाद प्रार्थी द्वारा खुद के बारे जानकारी छुपाने पर उसपर 1 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। साथ ही याचिका खारिज कर दी। प्रार्थी ने याचिका में कहा था कि वन विभाग द्वारा कागजों पर ही पौधारोपण का कार्य होता है। हकीकत में पौधारोपण नहीं किया जाता है। उसने याचिका में वन विभाग की नाकामियों की चर्चा की थी।

झारखंड विधानसभा भवन में नमाज कक्ष आवंटित मामले में भैरव सिंह ने याचिका ली वापस

रांची। झारखंड विधानसभा भवन में नमाज के लिए अलग से कमरा आवंटित किये जाने के मामले को लेकर भैरव सिंह की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि इसी तरह का एक मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में चल रही है, उनकी ओर से इस जनहित याचिका को वापस लेने का आग्रह किया गया. कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर कर लिया। दरअसल, प्रार्थी ने याचिका में कहा था कि विधानसभा स्पीकर के पास यह अधिकार नहीं है कि वह विधानसभा परिसर में किसी एक खास धर्म के लोगों को प्रार्थना के लिए दे सकते हैं। संविधान का हवाला देते हुए प्रार्थी ने इसकी न्यायिक जांच का आग्रह किया है। साथ ही यह भी कहा है कि यह देखा जाए क्या जनता के पैसे से बने किसी भवन को किसी एक खास धर्म के लोगों को इस्तेमाल के लिए दिया जा सकता है।

खूंटी एसपी हाईकोर्ट में हुए हाजिर

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में खूंटी एसपी अमन कुमार और अड़की थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर गुरुवार को कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए। दोनों अधिकारियों ने हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में उपस्थित होकर कोर्ट को आश्वस्त किया कि सुलेमान सैंडी पूर्ति से संबंधित मामले में सभी गवाहों का बयान एक महीने में पूरा करवा लिया जाएगा। जिसके बाद कोर्ट ने खूंटी की निचली अदालत को तीन महीने में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रितेश कुमार ने बहस की।

खबर एक नजर में

राज्य में 28 जुलाई से 3 अगस्त तक माओवादी मनायेंगे शहीद सप्ताह

रांची। नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों ने 28 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक शहीद सप्ताह मनाने का एलान किया है। झारखंड में अपनी खोई ताकत को वापस पाने के लिए माओवादी शहीद सप्ताह के दौरान हिंसक वारदातों को अंजाम दे सकते हैं। नक्सली संगठन के संस्थापक चारू मजूमदार और कन्हैया चटर्जी की याद में शहीद स्मृति सप्ताह मनाते आए हैं। साथ ही साल भर में पुलिस की गोलियों से मारे गए नक्सलियों को भी शहीद बताते हैं और उनकी याद में अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सलियों की ओर से बनाए जाने वाले शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देते हैं। भाकपा माओवादी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए अपने साथियों की याद में हर साल शहीद सप्ताह मनाते हैं।

झारखंड कांग्रेस के निलंबित तीनों विधायकों की पार्टी में जल्द होगी वापसी

रांची। झारखंड कांग्रेस के तीन विधायकों की जल्द पार्टी में वापसी हो सकती है। इन तीनों विधायकों में डॉ. इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप शामिल है। इस फैसले का खुलासा अगले दो सप्ताह में कांग्रेस आला कमान द्वारा कर दिया जाएगा। इसकी पुष्टि मंत्री आलमगीर आलम ने की है। उन्होंने बताया कि तीनों के निलंबन को वापस लेने का फैसला किया गया है। बता दें कि तीनों विधायकों को पश्चिम बंगाल में 30 जुलाई 2022 को कार से 49 लाख रुपए नकद के साथ पुलिस ने पकड़ा था। जिसके बाद उन तीनों विधायकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वहीं रांची के अरगोड़ा थाना में बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने जीरो एफआईआर कराया। इस एफआईआर में उन्होंने बताया कि सरकार गिराने के एवज में उन्हें पैसे का ऑफर दिया गया था।

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक : ..... दिनांक : .....

आम सूचना

कार्यालय ज्ञापांक 988 दिनांक 26.06.2023 के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (NIT No –JMC/05/2023-24(2nd Call) date 26-06-2023 PR No. 300995 Date 27-06-23 को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

ह0/
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 302279 Urban Development(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
(एन॰आर॰ई॰पी॰), चतरा
Email Add: nrepchatra@gmail.com

शुद्धि-पत्र

एन॰ आर॰ ई॰ पी॰, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट DMFT मद योजना अन्तर्गत् ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं.–EE/NREP/CHATRA/17/2022-23, दिनांक–04.07.2023, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 19.07.2023 है, जिसका P.R. No. 301399 NREP (22-23)_D है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.03.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.07.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 24.07.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.07.2023 पूर्वाह्न 2.00 बजे।
1. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन.आर.ई.पी., चतरा

PR 302254 NREP (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक..... दिनांक .....

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अन्तर्गत 01 (एक) पथ का निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदा सं0 01RI/2023– 24/EE/RWD/DALTONGANJ निकाली गई है, जिसका पी0आर0 नं0–301436/23–24 है में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रांची, झारखंड, पिन–834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी की स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (24.07.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाये।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR.NO.302296 Rural Work Department(23-24):D

राज्य के डिग्री कॉलेजों में अब होती रहेगी इंटर की पढ़ाई

पढ़ाई का रास्ता साफ, विभाग ने जारी किया लेटर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के डिग्री कॉलेजों में अब इंटर की पढ़ाई होती रहेगी। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने गरुवार को डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी रखने के लिए आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश विभाग कि उप निदेशक डॉ. विभा पांडेय ने जारी किया है। लेटर के माध्यम से झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बहाल की जाये। लेटर में कहा गया है कि 28 जून को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष की बैठक हुई थी। इसके बाद डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी रखने का निर्णय लिया गया था। लेटर राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के प्रिंसिपल को भेजा गया है।

वीसी के निर्देश के बाद लिये जायेंगे दाखिले : राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में सरकार के स्तर पर चिट्ठी भेज दी गयी है। सरकार के इस आदेश के आलोक में अब विवि के स्तर पर भी राज्य के कॉलेजों में इंटर में दाखिले के निर्देश दिये जायेंगे। इसके बाद राज्य के कॉलेजों में इंटर में दाखिले लिये जायेंगे और पूर्व की भांति पढ़ाई शुरू होगी। मालूम हो कि नयी शिक्षा लागू होने के साथ ही राज्य के कॉलेजों ने इंटर में दाखिला लेना बंद कर दिया था। इससे विद्यार्थियों को काफी परेशानी हो रही थी। नतीजा सीएम हेमंत सोरेन के पहल पर एक बार फिर से डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई शुरू हो रही है।

28 जून को हुई बैठक में बंद करने का हुआ था निर्णय : डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई हो या नहीं इसे लेकर 28 जून को एक बैठक हुई थी। बैठक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव की अध्यक्षता में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष और सचिव की हुई। बैठक में वर्तमान सत्र से ही नामांकन नहीं लेने के बजाय धीरे-धीरे कर सीटों की संख्या कम करते हुए एडमिशन रोकने पर विचार हुआ।

नयी शिक्षा नीति में क्या है प्रावधान : नयी शिक्षा नीति में नौवीं से 12वीं तक की पढ़ाई को एक साथ रखा गया है। नयी शिक्षा नीति के तहत राज्य के इंटर कॉलेजों में नौवीं से पढ़ाई शुरू करने व कॉलेजों का नाम बदलने की तैयारी हो रही है। जिन कॉलेजों में डिग्री व इंटर की पढ़ाई एक साथ हो रही है, वहां इस प्रावधान को लागू नहीं किया जा सकता है।

कंबाइंड मेडिकल सर्विस एग्जाम व पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा 16 को

रांची। कंबाइंड मेडिकल सर्विस एग्जाम व पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा 16 जुलाई को होगी। कंबाइंड मेडिकल सर्विस एग्जाम का आयोजन यूपीएससी कर रहा है। वहीं पारा मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से किया जा रहा है। कंबाइंड मेडिकल सर्विस एग्जाम दो पालियों (9.30 बजे से 11.30 बजे तक, दिन के 2.00 बजे से 4.00 बजे तक) में होगी। इस परीक्षा के लिए एक मात्र सेंटर गोस्सनर कॉलेज(सब सेंटर–ए व सब सेंटर–बी) में बनाया गया है।

पारा मेडिकल प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रशासन तैयार

16 जुलाई को झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से पारा मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के लिए 10 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली 10 बजे से 12.30 बजे तक और दूसरी पाली 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक होगी।

बिहार में नीतीश कुमार ने की है लोकतंत्र की हत्या : बाबूलाल मरांडी

● भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने पटना में लाठी चार्ज के दौरान पार्टी कार्यकर्ता की मौत पर कड़ी प्रतिक्रिया दी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पटना में वहां के राज्य सरकार के खिलाफ हुये प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता की हुई हत्या की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पर लोकतंत्र की आवाज को दबाने का झूठा आरोप लगाने वाले दलों को जवाब देना चाहिये कि पटना में रैली पर हुए बर्बर लाठीचार्ज में हुई मौत और सैकड़ों घायल लोगों का जिम्मेवार कौन है। उन्होंने कहा कि जदयू-राजद की सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों की हत्या करने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की समस्याओं को उठान, उसके खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार सभी को है। लेकिन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सत्ता मद में इतने चूर हैं कि उन्हें जनता की आवाज सुनाई नही दे रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की लोकप्रियता से घबराये गठबंधन के लोग चाहे बिहार में हो या बंगाल में या फिर झारखंड में, वे अपने खिलाफ उठ रही आवाज को सुनने की ताकत नहीं रखते हैं। उनका आत्मबल कमजोर हो चुका है। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे होने के कारण उनमें तिलमिलाहट व झल्लाहट है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को याद रखना चाहिये कि यही भाजपा कार्यकताओं ने लालू राबड़ी सरकार के खिलाफ संघर्ष करके आपको मुख्यमंत्री बनाया। आज वही भाजपा कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों पर आप लाठियां बरसा रहे हैं। वो दिन दूर नही जब जनता आपको कुर्सी से उतार देगी।

डुमरी उपचुनाव में सीएम हेमंत व बाबूलाल की दांव पर प्रतिष्ठा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डुमरी में उपचुनाव की घोषणा के पहले ही चुनावी डंका बजने लगा है। गुरूवार को सीएम हेमंत सोरेन के सरकारी दौरे के बावजूद इसे राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। दरअसल, डुमरी के नावाडीह में सीएम ने कई योजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास कर झामुमो के उम्मीदवार बेबी देवी के पक्ष में हवा बनाने की ही कोशिश की है। उपचुनाव को लेकर बड़े-बड़े नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे होने लगे हैं। हालांकि, यह उपचुनाव जीतना सत्ताधारी दल के अलावा एनडीए के लिये खास राजनीतिक महत्व रखता है। चर्चा है कि सीएम हेमंत सोरेन के साथ-साथ भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की प्रतिष्ठा भी इस उपचुनाव से जुड़ी है।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार इस उपचुनाव में सीधे तौर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के नवमनोतीत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। डुमरी का चुनावी माहौल इमोशन और करप्शन शब्द के ईर्द गिर्द घूमने लगा है। दिवंगत जगरन्नाथ महतो की राजनीतिक जमीन पर इमोशन और विकास के मुद्दे पर यूपीए-एनडीए में सीधी भिड़ंत होने के आसार हैं। इसी क्रम में सीएम ने गुरूवार को अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनायी और जगरन्नाथ महतो के सपनों को पूरा करने में सहयोग मांगा। चुनावी तारीख के ऐलान से पहले सीएम ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह में मौजूद बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में योजनाओं की झोली खोल दी। उन्होंने 17097.82 लाख की अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन कर बता दिया कि यह सीट उनके लिए कितने मायने रखती है। यही नहीं उन्होंने लाभुकों के बीच 5,636.94 लाख की परिसंपत्ति का वितरण कर चुनावी माहौल को गरमा दिया है। उन्होंने सावित्री बाई फुले योजनाए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम जैसी योजनाओं का जिक्र किया। साथ ही, निजी क्षेत्रों में स्थानीय को 75 प्रतिशत आरक्षण के लिए उठाए गये कदम की जानकारी दी। उन्होंने सौ यूनिट तक फ्री बिजली देने, छात्रों को विदेश में पढ़ाई का मौका देने और उच्च शिक्षा के लिए कम ब्याज पर ऋण देने के लिए किए जा रहे कार्यों को गिनाया। इस कार्यक्रम के केंद्र बिंदु में बेबी देवी रहीं।

उल्लेखनीय है कि राजनीति का इमोशनल फॉमूर्ला मधुपुर में भी आजमाया जा चुका है। दिग्गज झामुमो नेता हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद उनके पुत्र हफीजुल हसन को मंत्री बना दिया गया था। जिसका पार्टी को फायदा भी हुआ। लेकिन सवाल है कि क्या डुमरी में भी वही फायदा मिल सकता है।

भ्रष्टाचार व परिवारवाद को भाजपा ने बनाया है हथियार

2019 के विधानसभा चुनाव के बाद दुमका, मधुपुर, बेरमो, मांडर और रामगढ़ में उपचुनाव हो चुके हैं। सिर्फ रामगढ़ को छोड़ दें तो सभी सीटों को बचाने में सत्ताधारी दल सफल रहे हैं। लेकिन डुमरी उपचुनाव के वक्त की तस्वीर अलग है। झारखंड में चल रही ईडी की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। दो आईएएस अधिकारी समेत कई पत्थर कारोबारी और सत्ता के दलाल सलाखों के पीछे हैं। उपर से दिग्गज बाबूलाल मरांडी को कमान देकर भाजपा ने आदिवासी हित का दाव खेल दिया है। गैर आरक्षित धनवार सीट जीतने वाले बाबूलाल मरांडी चुनाव को डुमरी इलाके की अच्छी समझ है। दूसरी तरफ बाबूलाल मरांडी भ्रष्टाचार के हवाले से सरकार को खासकर सोरेन परिवार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। लेकिन सवाल है कि क्या यह फॉमूर्ला भाजपा के लिए काम करेगा। जो हो, यह सब कुछ समय के गर्भ में है।

जगन्नाथपुर में तेजी से चल रहा लाइट हाउस प्रोजेक्ट का काम

फोटो : समीर

रांची की सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहीं परमिट फेल 15 स्कूल बसें, नोटिस जारी

जिला प्रशासन को जांच शुरू करने से पहले किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार

खबर मन्त्रज्ञ ब्यूरो

रांची। राजधानी की सड़कों पर बेखौफ परमिट फेल स्कूल की बसें दौड़ रही हैं। जिला प्रशासन के स्तर पर भी स्कूली बसों की जांच नहीं की जा रही है। नतीजा में परमिट फेल स्कूल की बसें बे'खौफ' राजधानी की सड़कों पर बच्चों का लाने-ले जाने का काम कर रही हैं और प्रशासन तमाशबीन बनी देख रही है। प्रशासन को भी इस तरह के कबाड़ बसों से किसी बड़े दुर्घटना का इंतजार है। बड़े दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी जगेंगे और एक-दो बसों

के खिलाफ कार्रवाई के बाद फिर चैन की निंद सो जायेंगे।

15 स्कूल बसें के मालिक को नोटिस

स्कूलों में चल रही 15 से अधिक स्कूल व कॉलेज की बसें बिना रिन्युअल कराये चलायी जा रही है। इन बसों का परमिट फेल हो चुका है। बच्चों को लाने-ले जाने वाली इन बसों को परिवहन नियम के पालन के साथ ही सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य है। परिवहन विभाग से परमिट व फिटनेस सर्टिफिकेट लेना जरूरी है। ऐसे वाहन मालिकों को उप परिवहन आयुक्त सह सचिव श्याम नारायण राम ने नोटिस जारी किया है। कहा है कि सात दिनों के अंदर परमिट रिन्युअल नहीं कराने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इन स्कूल और कॉलेज बसों का परमिट फेल

लॉरेटो स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग, टेंडर हार्ट स्कूल, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, हिल व्यू नर्सिंग स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, संत फ्रांसिस स्कूल, संत जॉन्स स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल कांके, भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन मांडर, आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मनन विद्या मनरखन महतो स्कूल और सिंबोसिस इंस्टीट्यूट की बसों का परमिट फेल हो गया है लेकिन उन्हें बेखौफी राजधानी की सड़कों पर बच्चों को लेकर चलायी जा रही है।

राजेंद्र प्रसाद से मिलने उनके आवास पहुंचे दीपक प्रकाश

रांची। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नव नियुक्त सदस्य व झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश गुरुवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के आवास पहुंचे। राजेन्द्र प्रसाद ने दीपक प्रकाश को अपने आवास पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर बधाई दी। इस अवसर पर मोर्चा से जुड़े मूलवासी सदान के कई प्रबुद्धजन शिक्षाविद् व झारखंड आंदोलनकारी उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रुप से झारखंड आंदोलनकारी व मोर्चा के सलाहकार, क्षितीश कुमार राय, शिक्षाविद , डॉ राम प्रसाद, डॉ अनिल कुमार मिश्रा, विशाल कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

रतन हाइट्स मामले में नगर आयुक्त से पास संशोधित नक्शे को हाइकोर्ट ने किया रद्द

एक माह में गड्ढा भरने व जमीन हैंडओवर करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रतन हाईट्स रेसिडेंशियल सोसाइटी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने रतन हाईट्स बिल्डिंग रेसिडेंशियल सोसाइटी की याचिका को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने नगर आयुक्त द्वारा संशोधित नक्शा पास किए जाने के आदेश एवं संशोधित नक्शे को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि 46 कट्ठा पर जो कॉमन एरिया था वह कॉमन एरिया ही रहेगा। कोर्ट ने लैंड ओनर और बिल्डर वीकेएस रियलिटी को गड्ढा भरने और यदि उसमें कोई कंस्ट्रक्शन किया है तो उसे हटाने, रिटेनिंग वॉल हटाने और उस जमीन को एक माह में सोसाइटी को हैंड ओवर करने का दिया निर्देश है।

मामले में पूर्व में फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, करीब 4 माह से सुनवाई चल रही थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पक्ष रखा था। वहीं प्रतिवादी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा एवं अजीत कुमार ने पैरवी की थी, हस्तक्षेपकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने पैरवी की थी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता शशांक शेखर ने पैरवी की। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि 86 कट्ठा का नक्शा पास हुआ था वह सही था, उसमें कॉमन एरिया डिसाइडेड था। इसलिए 86 कळा में से 46 कट्ठा को अलग कर उसका संशोधित नक्शा पास करना गलत है। इसलिए नगर आयुक्त द्वारा पास किए गए संशोधित नक्शा को रद किया जाता है।

राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी

23 सालों में सिर्फ दो बार आयी वैकेंसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची यूनिवर्सिटी समेत इस वक्त राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में विवि शिक्षकों की बहुत कमी है। मौजूदा समय में लगभग 40% यूनिवर्सिटी शिक्षकों का पद खाली है। स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति के बिना पढ़ाई का स्तर सुधारा नहीं जा सकता। ऐसे हालातों में इस तरह की उम्मीद भी करना बेमानी होगी। शिक्षकों की कमी का सीधा असर एकेडमिक एक्टिविटी पर पड़ रहा है। राज्य के विश्वविद्यालयों में यूनिवर्सिटी शिक्षक और कर्मचारी हर महीने रिटायर हो रहे हैं। लेकिन इनके स्थान पर नई नियुक्ति नहीं हो रही है। वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद पिछले 23 सालों में सिर्फ दो बार वर्ष 2008 और वर्ष 2018 में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए वैकेंसी आई है। हाल ही में यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने देशभर के सभी विश्वविद्यालयों को खाली पदों पर नियम के अनुसार शीघ्र नियुक्ति करने को कहा है। इस संबंध में विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा देशभर के विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर जानकारी भी दे दी गई है।

छात्रों का भविष्य अंधेरे में

शिक्षकों की कमी से न सिर्फ पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि नेट ग्रेडिंग पर भी असर पड़ता है। इससे विद्यार्थियों के भविष्य पर भी असर पड़ता है। राज्य के विश्वविद्यालयों के अंतर्गत कुल 62 कॉलेज हैं। इसमें से 90 परसेंट प्रिंसिपल का पद खाली है। प्रभारी प्रिंसिपल के भरोसे कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं। रांची यूनिवर्सिटी के अंतर्गत 18 अंगीभूत कॉलेज हैं, लेकिन स्थाई प्रिंसिपल इनमे से सिर्फ तीन हैं।

अवैध शराब बेचने के जुर्म में चार साल कैद की सजा

रांची। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्ण कांत मिश्र की अदालत ने गुरुवार को अवैध तरीके से महुआ चुलाई शराब का व्यापार करने के मामले के अभियुक्त सफरूद्दीन अंसारी को दोषी पाकर चार साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 36 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में उसे एक साल की साधारण कारावास काटनी होगी। चान्हो थाना अंतर्गत लुन्ड्री गांव का रहने वाला आरोपी सफरूद्दीन 20 दिसंबर 2019 को सुखदेव नगर थाना अंतर्गत मधुकम में महुआ चुलाई शराब की आपूर्ति करने जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उक्त ऑटो को पकड़ा और ऑटो से 6 बोरा महुआ चुलाई अवैध शराब बरामद किया। पूछताछ करने पर कोई कागजात नहीं दिखाया। इस घटना को लेकर उत्पाद पदाधिकारी ने कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया। कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से तीन गवाहों का बयान दर्ज कराया गया। जिसके आधार पर कोर्ट ने अभियुक्त को सजा सुनाई।

हीरो एशियन चैंपियंस के लिए ट्रॉफी का अनावरण

रांची। हॉकी इंडिया ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में गुरुवार को हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए ट्रॉफी का अनावरण किया। युवा मामले और खेल मंत्री तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्रॉफी का अनावरण किया। 3 अगस्त से शुरू हो रहे इस प्रतियोगिता में भारत, कोरिया, मलेशिया, जापान, पाकिस्तान और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा होगी।

पास द बॉल अभियान शुरू किया गया : ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम में मंत्री अनुराग ठाकुर, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप कुमार टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष और तमिलनाडु हॉकी के अध्यक्ष शेखर मनोहरन, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों और ओलंपियनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पास द बॉल अभियान शुरू किया गया और इसमें अनुराग ठाकुर को हॉकी स्टिक से हॉकी बॉल को ड्रिबल करते और भारतीय हॉकी लीजेंड जफर इकबाल को पास करते हुए देखा गया।

पास द बॉल और ट्रॉफी टूर का उद्देश्य : पास द बॉल और ट्रॉफी टूर का उद्देश्य हॉकी का एक शानदार माहौल बनाना, हॉकी प्रशंसकों के बीच प्रत्याशा पैदा करना और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए समर्थन बढ़ाना है।

नरेंद्र मोदी ने चार करोड़ से अधिक पक्के घर बनवाये : कमलेश राम

रांची। कांके विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मालसिरिंग पंचायत के विभिन्न टोलों में भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने गुरुवार को महाजनसंपर्क अभियान चलाया। जिसके तहत घर-घर संपर्क अभियान में लोगों से मिलकर उन्हें मोदी सरकार द्वारा 9 वर्षों में कराये गये मुख्य विकास कार्यों की पत्रक व पुस्तिका भेंट की। कमलेश राम ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले 9 वर्षों में करीब 4 करोड़ से अधिक पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं।

बरसात को लेकर रांची नगर निगम है पूरी तरह तैयार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मॉनसून शुरू हो गया है हालांकि रांची में वैसी बारिश नहीं हुई है। लेकिन आने वाले दिनों को देखते हुए बारिश में होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए रांची नगर निगम के द्वारा लगातार कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। शहर में किसी भी प्रकार के संक्रामक रोग ना फैले इसके लिए दो माह से नगर निगम की टीम लगी हुई है। जिनके द्वारा डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया सहित अन्य बीमारी के नियंत्रण के लिए कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव शहर में किया जा रहा है। साथ

ही दवाईयों का छिड़काव करने के बाद नगरिकों को जागरूक भी किया जा रहा है । इन सभी कामों को अंजाम तक पहुंचाने में नगर निगम के करीब 2300 कर्मी दिन रात लगे हुए हैं।

उप प्रशासक रजनीश कुमार ने बताया कि हम शहर के मुख्य मार्ग की सफाई रात में कर रहे हैं । ताकि लोग जब सुबह उठे तो उन्हें फ्रेश हवा मिल सके। साफ-सफाई को लेकर नगर निगम कोई कोताही नहीं बरत रहा है । कोताही बरतने के आरोप में 4 सुपरवाइजर की वेतन कटौती की गई है। उप प्रशासक ने कहा कि लक्ष्यों और उद्देश्यों को समय पर प्राप्त करने के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। यदि हम सभी अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी एवं सूक्ष्मता से करेंगे तो हमारे राज्य की स्वच्छता रेटिंग पहले से काफी बेहतर हो जाएगी। उन्होनें लोगों से यह अपील भी की प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें ताकि नाली जाम की समस्या ना हो, लगभग सारी नालियों को ढक दिया गया है।

बेहतर शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को मिलेगी 40 हजार रुपये की सहायता राशि

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती एवं विभिन्न प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला सुपरवाइजर एवं अन्य उपस्थित थें। मौके पर डीसी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। जिसके तहत कक्षा आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं में पढ़ने वाली किशोरियों एवं 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर किशोरियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। शेष बचे किशोरियों को लाभान्वित करने के लिए विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं, जिले में 55 हजार से अधिक शत किशोरियों को योजनाओं से जोड़कर लाभ प्रदान करना लक्ष्य है। वहीं, 18 से 19 वर्ष की ऐसी किशोरियां जो स्कूल से ड्रॉपआउट

हो चुकी है उन्हें चिन्हित कर आवेदन लिए जा रहे हैं ताकि शत प्रतिशत योग्य किशोरियों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जागरूकता उद्देश्य से जिला के सभी प्रखंड के लिए जागरूकता रथ रवाना किया गया है, जो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में भ्रमण कर योजना के तहत मिलने वाले लाभ, योजना की पात्रता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया इत्यादि के संबंध में जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक करेगा। ताकि योजना के शत-प्रतिशत योग्य किशोरियों को लाभ प्रदान किया जा सके। उपायुक्त ने कहा योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों के साथ विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित किया जा सकता है।

क्या है सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत अच्छी शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को 40000 रुपये की सहायता राशि मिलेगी। योजना के तहत कक्षा 8वीं में 2500, कक्षा 9वीं में 2500, 10वीं में 5000, कक्षा 11वीं में 5000, कक्षा 12वीं में 5000, 18 से 19 वर्ष की किशोरी को एक मुश्त 20000 बीस हजार रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी।

ऐसे करें आवेदन

किशोरी अपने पोषक क्षेत्र के संबंधित आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों के साथ विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित करेंगी। प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा अविनाश पांडे से मिली

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व झारखण्ड प्रभारी अविनाश पाण्डें से मुलाकात की। मुलकात के क्रम में श्रीमती सिन्हा ने झारखण्ड प्रभारी के साथ संगठन पर चर्चा करते हुए बताया कि राजेश ठाकुर के नेतृत्व में झारखण्ड प्रदेश में कांग्रेस संगठन पूर्व की अपेक्षा अधिक मजबूत हुई है। हर कार्यकर्ता में एक नया जोश का संचार हुआ है, जिससे वे पूरी सक्रियता एवं कर्मठता के साथ कार्य कर रहे हैं। संगठन पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूत हुई है। सिन्हा ने बताया कि प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं की भीड़ उमड़ पड़ती है, जो राज्य की जनता के बीच एक अच्छा संदेश जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस द्वारा गत बुधवार को आयोजित मौन व्रत का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

राज्य की सभी गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने का होगा प्रयास : राजीव रंजन

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया गौशाला का निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी ने गुरुवार को रांची गौशाला न्यास समिति द्वारा संचालित हरमू रोड स्थित गौशाला एवं सुकुरहुटू स्थित गौशाला का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। दोनों स्थानों पर गौशाला पहुंचते ही विधि विधान से ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के संग अध्यक्ष औा उपाध्यक्ष ने गौ माता का पूजन किया ततपश्चात पूरी गौशाला का निरीक्षण करते हुए गौ माताओं को अपने हाथों से गुड़ चोकर एवं हरी घास खिलायी। वहीं, गौशाला न्यास समिति द्वारा अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिह्न देकर दोनों नेताओं का स्वागत किया गया।

इस दौरान आयोग के नव मनोनीत अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मेरी पूरी प्रतिबद्धता है कि सरकार के स्तर से नवीन योजनाए लाकर गौशाला को आत्मनिर्भर बनाया जाये। उन्होंने कहा कि कृत्रिम तरीके से चारा के रूप घास का उत्पादन एवं पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिकोण से गो कास्ट का उत्पादन काबिले तारीफ है। इसके लिए राज्य के अन्य गौशाला को भी प्रेरित किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा गौशाला से केंचुआ खाद की खरीदी हो इसके लिए बहुत जल्द कृषि मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री से वार्ता कर इसका हल निकाला जाएगा। उन्होंने ने गौशाला के अंदर बीमार गायों के हो रहे उपचार पर संतोष जाहिर करते और अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही।

उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहेगा इस राज्य की पहचान गौ संरक्षक राज्य के रूप में हो। गो हत्या एवं गो तस्करी बंद हो, गो रक्षा के नाम पर इस राज्य में अराजकता फैलाने की इजाजत अब किसी को नहीं होगी। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हमे गौ सेवा पर ध्यान केंद्रित करना है।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का स्वागत करनेवालों में ट्रस्टी चेयरमैन रतन जालान, अध्यक्ष पुनीत पोद्दार, सचिव प्रदीप राजगढीया, ट्रस्टी सतीश तुलसयान, वासुदेव भाला, मुकेश काबरा, संजय सर्राफ, प्रेम मित्तल, किशोरीलाल चौधरी, दीपक पोद्दार, प्रकाश काबरा, नीरज, छोटेलाल जैन, अरुण बुधिया, खेमचंद्र श्रीवास्तव के साथ आयोग के पदाधिकारी डॉ जय तिवारी एवं चंदन श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

अर्हता नियमों में सरकार से वार्ता कर सरलीकरण का प्रयास हो

गौशाला न्यास समिति के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने अपने स्वागत संबोधन में कहा की 116 वर्ष पुरानी संस्था के कार्यालय में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए हमे बेहद प्रसन्नता हो रही है। हमे पूरी उम्मीद है इनके कार्यकाल में आयोग निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने अध्यक्ष से आग्रह किया कि अर्हता नियमों में सरकार से वार्ता कर सरलीकरण का प्रयास करें ताकी फाइलों का निष्पादन द्रुत गति से हो सके।

रंगदारी मामले में गिरफ्तार हुआ दारोगा का भाई

खूंटी। खूंटी पुलिस ने रंगदारी के मामले में डेविड सांगा को गिरफ्तार किया है। वह खूंटी में पदस्थापित 2018 बैच का दारोगा दानियल सांगा का भाई है। दानियल कर्रा थाना में पदस्थापित है। पुलिस ने बताया कि जहां कर्रा पुलिस के 2018 बैच के दारोगा दानियाल सांगा का भाई डेविड सांगा अपराध की दुनिया का बादशाह बनना चहता था। जानकारी के अनुसार, दारोगा दानियाल सांगा अक्सर अपने भाई डेविड को सुधरने और गलत काम छोड़ने की सलाह देते थे, लेकिन डेविन ने उनकी बातों को हवा में उड़ा दिया और व्यापारियों से लगातार रंगदारी की मांग करता रहा। डेविड पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इससे पहले भी वह हथियार के बल पर व्यवसायियों से रंगदारी मांगने का काम करता था। उसके खिलाफ कर्रा थाना में कई मामले दर्ज हैं। वह कई बार जेल जा चुका है। पुलिस को डेविड की कई दिनों से तलाश थी। आखिरकार गुरुवार को पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने 7.6. प्वाइंट का एक पिस्टल और गोलियां भी बरामद की हैं। डेविड के बाकी साथियों को रांची के लापुंग पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

डीएसपीएमयू में प्लेसमेंट प्रक्रिया शुरू हो, नहीं तो करेंगे तालाबंदी : एबीवीपी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के वोकेशनल विभाग के छात्रों ने प्रबंधन के समक्ष प्लेसमेंट के सुचारू संचालन के लिए विरोध प्रदर्शन किया और कुलपति से बात की। छात्रों की समस्या सुनकर कुलपति ने छात्रों को आश्वस्त किया कि एक हफ्ते के अंदर प्लेसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम चालू हो जाएंगे और प्लेसमेंट ऑफिसर की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही साथ वोकेशनल के विभागों को जिम्मेदारी देते हुए जल्द से जल्द विश्वविद्यालय में छात्रों के चयन के लिए कंपनियां आये ऐसा प्रयास किया जाएगा

मालूम हो कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कई व्यावसायिक विभागों की पढ़ाई होती है, जिनसे सामान्य विभाग से मुकाबले कई गुना ज्यादा पैसा लिया जाता है। लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन वोकेशनल विभाग के विद्यार्थियों को भी केवल डिग्री दे रही है। वोकेशनल विभाग में पढ़ रहे छात्रों के नामांकन लेने का उद्देश्य प्लेसमेंट होता है। लेकिन विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल बीते कई सालों से पूरी तरह निष्क्रिय है। अभाविप प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक आनंद कुमार ने कहा कि वोकेशनल विभाग के छात्रों के लिए जल्द से जल्द प्लेसमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम चालू हो और जल्द से जल्द प्लेसमेंट के लिए कंपनी विश्वविद्यालय में आये एवं विवि में प्रोफेशनल प्लेसमेंट ऑफिसर की नियुक्ति की जाये, ताकि विद्यार्थियों को प्लेसमेंट में होने वाली परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। अगर ऐसा नहीं होता है तो एबीवीपी तालाबंदी करेगी। मौके पर पवन नाग, सोनू, अनुराग, गौरव, प्रिंस, ऋषभ, गौतम, शिवशंकर, प्रसिद्ध सहित सैंकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद थे।

वरुण जालान बने राष्ट्रीय अमृतधारा संयोजक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय अमृतधारा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ ने मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष वरुण जालान को राष्ट्रीय अमृतधारा संयोजक नियुक्त किया है। इस पर वरुण जालान ने श्री भट्टड़ एवं प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा- आपने जो मुझे राष्ट्रीय दायित्व दिया है, उस पर मैं पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

वरुण जालान ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच 802 शाखाओं और 44,000 युवाओं की संस्था है। इसमें तकरीबन 2500 अमृतधारा कार्यरत हैं। इस आलोक में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा शनिवार (15 जुलाई) को प्रातः 9:30 बजे ज्योति संगम लेन अपर बाजार रांची में अपने पांचवें स्थायी अमृतधारा का उद्घाटन करेगा। बताया गया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरुण गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच, विशिष्ट अतिथि संजय सेठ सांसद रांची, संजीव विजयवर्गीय पूर्व उपमहापौर, वरुण जालान राष्ट्रीय अमृतधारा प्रभारी एवं ज्योति संगम लेन के सभी पदाधिकारी अमृतधारा का उद्घाटन करेंगे।

बताया गया कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस सप्ताह (15 जुलाई से 22 जुलाई तक) के अवसर पर रांची शाखा द्वारा 8 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 15 जुलाई को स्थायी अमृतधारा का उद्घाटन, 16 जुलाई को पौधरोपण, 17 जुलाई को रक्तदान शिविर, 18 जुलाई को कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान, 19 जुलाई को गोसेवा, 20 जुलाई को अंगदान-देहदान पर सिग्नेचर कैंप, 21 जुलाई को खेलकूद कार्यक्रम, 22 जुलाई को चिकित्सा शिविर कैंप लगाया जायेगा। ये सभी कार्यक्रम झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में आयोजित किये जायेंगे।

गूगल की कार्यपद्धति, रीति-नीति से अवगत हुए सरला बिरला विवि के छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक के संरक्षण में विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक के बोर्ड रूम में गुरुवार को इंटरनेशनल एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में गूगल आएनसी., सिन्नी कैलिफोर्निया, यूएसए (अमेरिका) के इंजीनियरिंग डॉयरेक्टर डॉ रामा के गोविंदराजू ने अपने प्रेरक एवं अनुभवात्मक विचार साझा किये। उन्होंने सरला बिरला विश्वविद्यालय के शोध छात्रों एवं प्राध्यापकों को विश्व की अति विशिष्ट कंपनी गूगल की कार्यपद्धति, रीति-नीति, प्रबंधन एवं अभियांत्रिकी व तकनीकी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सविस्तार प्रकाश डाला।

अपने व्याख्यान के क्रम में डॉ गोविंदराजू ने प्लैनेट स्केल सिस्टम, डेटा सेंटर, विभिन्न प्रारूपों में वीडियो के प्रबंधन, फाइलों के संपीड़न, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर आर्किटेक्चर के पीछे मार्गदर्शक सिद्धांत, क्वांटम कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग आदि के बारे विस्तृत चर्चा की। प्रश्नोत्तर सत्र में उन्होंने रिसर्च छात्रों के प्रश्नों का उचित उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासा का समाधान भी किया। सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि एक्सपर्ट टॉक में विश्वविद्यालय के सभी ऑफिसर, संकायाध्यक्ष, सह संकायाध्यक्ष, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एवं अध्यापकों तथा रिसर्च स्टूडेंट्स सहभागिता करते हुए गूगल कंपनी के कई महत्वपूर्ण प्रबंधकीय एवं तकनीकी पहलुओं से अवगत हुए।

खबर एक नजर में

बीआइटी मेसरा का 63वां स्थापना दिवस समारोह कल

रांची। बीआइटी मेसरा के जीपी बिड़ला सभागार में 14 और 15 जुलाई, 2023 को 68वें स्थापना दिवस का आयोजन होगा। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या 14 जुलाई को इंडियन आइडल गायिका शगुन पाठक शामिल होंगी। इसके बाद पारंपरिक पाइका नृत्य होगा और समापन रावा इंडिया समूह के प्रदर्शन के साथ होगा। इसके बाद 15 जुलाई की सुबह 10 :30 बजे उद्घाटन समारोह होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सह बीआइटी मेसरा के चांसलर सीपी राधाकृष्णन होंगे। उद्घाटन सत्र के अंत में आरएंडडी भवन में फोटोग्राफिक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जायेगा।

विरमित हुए आइपीएस डॉ एम तमिलवानन, दी गयी विदाई

रांची। झारखंड कैडर के 2008 बैच के आईपीएस डॉ एम तमिलवानन को सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए विरमित कर दिया। गुरुवार को सीआईडी मुख्यालय में उनको विदाई दी गई। डॉ तमिलवानन की प्रतिनियुक्ति हैदराबाद के वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में उप निदेशक के रूप में की गई है। इस संबंध में केंद्र सरकार के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर डॉ तमिलवनन को तुरंत कार्यमुक्त करने को कहा था, ताकि वे केंद्र में अपना नया कार्यभार ग्रहण कर सकें।

चैती दुर्गा मंदिर में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

रांची। शुक्रवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तलाब में मेदांता अस्पताल के तत्वावधान में नि :शुल्क स्वास्थ जांच शिविर लगाया जा रहा है। मेदांता अस्पताल, चैती दुर्गा मंदिर एवं भगवा नारी मंच के सौजन्य से नि :शुल्क जांच शिविर लगाया जा रहा है। कैंप के दौरान ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर जांच, बीपी जांच एवं परामर्श जांच की सेवायें निशुल्क दी जायेगी। इसमें मेदांता के डॉ मुकेश कुमार अग्रवाल, डॉ कृष्णा के दास मरीजों को परामर्श देंगे।

कामिका एकादशी महापर्व मनाया गया

रांची। श्रावण कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी महापर्व अत्यंत श्रद्धा भाव एवं भक्तिमय वातावरण में गुरुवार को आयोजित किया गया। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब, जूही, बेला, मोगरा व रजनीगंधा के मालाओं से मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही, मंदिर में विराजमान बजरांबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

कामदा एकादशी पर खाटू नरेश का हुआ विशेष श्रृंगार

रांची। सावन माह की कामदा एकादशी के अवसर पर हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश को दिवा कालीन पहला श्रृंगार करके प्रातः आरती करके भोग अर्पित किया गया। दोपहर में भोग व शंख आरती करके मंदिर के पट विश्राम हेतु बंद कर दिए गए। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि एकादशी के अवसर पर कोलकाता से फूल माला मंगवा कर खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान श्री रिद्धि सिद्धि श्री शिव परिवार श्री बजरंगबली श्री लड्डू गोपाल जी श्री शालिग्राम जी प्राचीन चित्र व गुरुजनों का दिव्य मनोहारी संध्या कालीन द्वितीय विशेष श्रृंगार किया गया। गोधूलि बेला के पहले गर्भगृह को दर्शन के लिए खोल दिया गया। दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दरबार में हाजिरी लगायी।

आजादी का महोत्सव पर चला पौधरोपण अभियान

रांची। आजादी का महोत्सव के अवसर पर गुरूवार को राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान चलाया गया। माननीय मंत्री भारत सरकार नितिन गड़करी के निदेर्शानुसार पूरे देश में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसकी शुरूआत माननीय मंत्री नितिन गड़करी ने तिरूपति से की। इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एनएस-33 के किनारे (झाबरी गाँव) में 1000 हजार पौधे लगाया। इस अवसर पर विजय कुमार,परियोजना निदेशक, ने पौधारोपण की शुरूआत की साथ ही उपस्थित लोगों को इसका का महत्व समझाया। इस अवसर पर पैट्सी के सचिव अर्चित आनंद ने भी पौधा लगाया । इस अवसर पर पैट्सी के अधिकारियों सहित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, खिदडीह के छात्र/छात्राएँ शामिल थी।

बालाजी मंदिर में भगवान वेंकटेश की हुई विशेष आराधना

रांची। गुरुवार को श्रावण कृष्ण पक्ष की कामदा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर बालाजी मंदिर में आगमोक्त विधि से हुये कई अनुष्ठान । प्रातः भगवान का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम एवं वेकटेंश स्तोत्रम के बाद षोडशोपचार पूर्वक नित्याराधन संपादन हुआ। इसके बाद परमानंदस्वरूप सनातन परिपूर्ण ब्रश श्रीमन्नारायण का दंत धावन, आचमनीय, पुनराचमनीय, छत्र, चंवर, व्यजन दर्पण,पादुका आदि उपचारोंको मंत्रों से समर्पण किया। फिर मन्दहास्य युक्त मुखवाले भगवान के चेहरे को सुगंधित संब्रानी धूप के धूयें में मलमली कपड़े को सुवासित करके बारंबार पोछा गया। सुगंधित फूलराशियों से भगवान के चारों व्यूहों, इनके साथ श्रीदेवी लक्ष्मी, आयुधवर चक्रराज सुदर्शन। इन सभी विग्रहों का एक समान उपचार और सेवा हुई। महाआरती हुई और फलाहारी व्यंजनों का नैवेद्य चढ़ाया गया। अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर पूजन अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया।

प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी एसएन ओझा का हुआ स्वागत

रांची। राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय सचिव शेष नारायण ओझा को प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। पदभार ग्रहण करते ही शेष नारायण ओझा द्वारा बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। इस अवसर पर शेष नारायण ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवा कांग्रेस संगठन हर मोर्चे पर आगे बढ़ कर लड़ाई लड़ती है। देश में बढ़ती बेरोजगारी के आंकड़े को बताते हुए निरंकुश केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि गुरुवार की हुई बैठक में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के रांची, देवघर, जामताड़ा, कोडरमा, रामगढ़ ,बोकारो, धनबाद, सरायकेला-खरसावां, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम , दुमका, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम जिला एवं लीगल सेल की समीक्षात्मक बैठक की एवं आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की कल से रिम्स में दो दिनी कार्यशाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के रांची जिला शाखा की ओर से शनिवार से दो दिनी कार्यशाला तथा कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। 15 से रिम्स के ट्रामा सेंटर में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस का उदेश्य रांची तथा राज्यभर के सभी शिशु रोग विशेषज्ञों को चिकित्सा के नवीनतम पद्धतियों से अवगत कराना व आपस में इन आधुनिकतम चिकित्सा पद्धतियों से संबंधित अनुभवों को साझा करना है। इस सेमिनार में लगभग 100 से अधिक शिशु रोग विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। उक्त बातें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मिता पॉल,डॉ प्रेम रंजन ,डॉ. राजेश कुमार (बालपन चिल्ड्रेन हॉस्पिटल बुटी मोड) डॉ. अनिताभ और डॉ. शैलेश चन्द्र ने संयुक्त रुप से गुरुवार को आईएमए भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। शिशु रोग विशेषज्ञों ने कहा कि इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए वर्धमान मेडिकल कॉलेज से डॉ. टीएन घोष, देवघर एम्स से डॉ सार्थक दास,कलकता से डॉ. देवव्रत सिन्हा, डॉ राजीव सिन्हा, नई दिल्ली से डॉ रत्ना दुआ गिरी और दार्जलिंग से डॉ के राउत आ रहे हैं।

दो दिवसीय कार्यशाला व कॉन्फ्रेस में 15 जुलाई शनिवार को बच्चों के विस्तारित पोषण और अनुवांशिक रोगों पर चर्चा होगी। वहीं 16 जुलाई रविवार को रांची पेडिकॉन तथा झारखंड राज्य मिड टर्म सीएमई का आयोजन किया जायेगा। साथ ही राज्य के मेडिकल कॉलेजों में पढ़ने वाले मेडिकल स्नातक छात्रों के लिए रिम्स के डॉ. पार्था चौधरी के द्वारा क्वीज का आयोजन किया जायेगा। इसमें जीतने वाले छात्रों को अगले राउंड में ईस्ट जोन क्वीज में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कॉन्फ्रेंस में डॉ. रत्ना दूआ गिरी अनवांशिक रोगों पर चर्चा करेंगी। डॉ. राजीव सिन्हा गर्दे के रोगों पर व डॉ. देवव्रत नंदी शिशु ह्रदय रोगों से संबंधित जानकारियां देंगे। डॉ. शैगात महतो बच्चों के लिवर और पिलिया पर चर्चा करेंगे तथा डॉ सार्थक दास बच्चों में होने वाला मोटापा और उससे जुड़ी समस्याओं पर प्रकाश डालेंगे। डॉ. टीएन घोष का विषय बुखार के साथ होने वाले चर्म से जुड़े लक्षण होंगे। वहीं रांची से डॉ. ओपी महनसरिया सांस के तकलीफों से जुड़ी समस्याओं और डॉ रवि बच्चों के विकास पर अपनी बातें रखेंगे।

रांची में जीतो की ब्राइडल स्टोरी प्रदर्शनी 10-11 अगस्त को

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑगेर्नाइजेशन (जीतो) की ओर से 10 और 11 अगस्त को स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में द ब्राइडल स्टोरी प्रदर्शनी लगायी जायेगी। प्रदर्शनी की तिथि तय करने के लिए गुरुवार को होटल रेनडियु में बैठक हुई। इसमें रांची की पूर्व महापौर आशा लकड़ा मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि जीतो युवा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है।

संगठन की ओर से बताया गया कि ब्राइडल स्टोरी की प्रदर्शनी स्वर्णभूमि के दोनों बैंक्वेट हॉल में लगायी जायेगी। बड़े ब्रांड्स एवं डिजाइनर्स प्रदर्शनी में हिस्सा लेंगे। इसमें वर-वधु संबंधी पोशाक के साथ ही ज्वेलरी भी उपलब्ध रहेंगे। इसके अतिरिक्त फोटो शूट इवेंट मैनेजमेंट, डेस्टिनेशन मैरिज के लिए कई रिजॉर्ट्स के स्टॉल्स भी लगाये जायेंगे। दूसरे हॉल में पर्वों से जुड़े सामान जैसे दीपावली के दीए, मुर्तियां, बाल गोपाल के पोशाक, राखी इत्यादि के स्टॉल रहेंगे। साथ ही फैशन से संबंधित परिधान, ज्वेलरी, जूते, होम डेकोर, कॉसमेटिक्स और खाने - पीने के 10 स्टॉल लगाये जायेंगे।

प्रदर्शनी में कौन से ब्रांड कहां के रहेंगे : मुंबई- दहा डिमन डायमंड ज्वेलरी, पारश दोहे के डिजाइनर पोशाक। जयपुर- वेश्रासी के परिधान। कोलकाता- मिशिचीवियस फैशन के डिजाइनर कपड़े, रैप स्टूडियो के डिजाइनर पोशाक। रांची- सिल्वर स्टूडियो चांदी के डिजाइनर डेकोरेटिव सेट्स।

एमिटी यूनिवर्सिटी में आयकर रिटर्न फाइलिंग पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और चांसलर के विजन और मिशन के साथ आगे बढ़ते हुए, एमिटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड फाइनेंस ने गुरुवार को 'आयकर रिटर्न फाइलिंग' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। डॉ अशोक के. श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। आइसीएआइ के रांची चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष, सीएमए अरुणजय कुमार सिंह ने कुल आय के प्रावधानों और गणना को समझाने के साथ सत्र की शुरुआत की और प्रतिभागियों को फाइलिंग की प्रक्रिया को समझने के लिए एक लाइव आइटीआर फाइलिंग का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के लिए 50 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था।

दवा का दो दिनी मेला आइएमए भवन में आज से

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। त्योहारों के मौसम सावन में डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) की ओर से शुक्रवार से दो दिनी दवा मेला का आयोजन आइएमए भवन करमटोली चौक मोराबादी में किया जा रहा है। दवा मेला 2022 की सफलता से दवा की सदस्य काफी उत्साहित हैं।

आयोजकों ने बताया कि पिछले मेले की आय को पीएम राहत कोष में एक चेक के माध्यम से भेजा गया था। इसे केंद्रीय जनजातीय एवं कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा को सौंपा गया था। दीपा चौहान ने बताया कि दवा को इस मेले से इससे भी बेहतर कामयाबी की उम्मीद है।

स्टॉल की बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है। गारमेंट्स, फ्यूजन वियर, एथनिक वियर, हैंडीक्राफ्ट्स, मधुबनी पेंटिंग, सामान जैसे बैग, स्कार्फ और स्टोल, जूते, घर के सामान, अचार पापड़, सौंदर्य- स्नान उत्पाद, इनडोर -आउटडोर पौधों से संबंधित सामान ..... काफी सारी वस्तुओं का स्टाल लगाया जाएगा। एकल और कोशिश जैसे गैर सरकारी संगठन भी बिक्री के लिए मसाला, तेल, दीये, कार्ड और गिफ्ट बैग जैसे अपने उत्पाद की बिक्री करेंगे। एक फूड-कोर्ट की व्यवस्था की जा रही है जहाँ आगंतुक जलपान कूपन द्वारा खरीद सकते हैं। कोलकाता, रामगढ़ के अलावा निश्चित रूप से रांची के महिला उद्यमियों, विक्रेताओं को इस दिन का बेसब्री से इंतजार है।

दवा की संस्थापिका झूमा सरकार और चेयरपर्सन विनीता शरण संस्था के कार्य के प्रति हमेशा समर्पित रहती हैं। दवा सदस्यों का निकाय, जिसमें डॉक्टरों की पत्नियां और महिला डॉक्टर्स भी शामिल हैं। शहरी और ग्रामीण जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों के लिए यह संस्था लगातार काम कर रहा है। दवा 2023 की वर्तमान टीम जिसमें सीमा माहेश्वरी (अध्यक्ष), मधु गुप्ता (सचिव), अमृता वैद्य (कोषाध्यक्ष), रिंकू चौधरी, अंजू सिंह, पल्लवी शरण हैं। दवा मेला 2023 की पूरी टीम सफल आयोजन के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। मेले की आय से जरूरतमंदों की सहायता की जाएगी। दवा रांची के समस्त नागरिकों से अनुरोध करता है कि आप सब अपने परिजनों, सखी सहेलियों के संग आयें और दवा मेला 2023 को सफल बनायें।

अलग-अलग सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

पंडरा का था मृतक अतुल वर्मा घायल सोनू सिंह रिम्स में भर्ती

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। तिलता रिंग रोड स्थित पुल के समीप गुरुवार को दिन के करीब ढाई बजे बजाज कंपनी की पल्सर मोटर साइकिल जेएच 01 एफसी 7736 डिवाइडर से टकरा गयी। इससे बाइक चला रहे 19 वर्षीय अतुल कुमार वर्मा की मौत घटनास्थल पर ही हो गयीए जबकि पीछे बैठे 18 साल का सोनू कुमार सिंह जख्मी हो गया। उसके सिर समेत शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोटे आयी है। उसे रिम्स में भर्ती कराया गया है। मृतक पंडरा ओपी क्षेत्र के विजय पथ पशु आहार गली, रोड नंबर-दो निवासी हजारी प्रसाद वर्मा का पुत्र था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर रिम्स से पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया है। बाइक को जब्त कर लिया गया है।

कैसे घटी घटना

अतुल और सोनू बाइक से चुटिया के लिये निकले।वहां से दलादिली चौक पहुंचे। इससे पूर्व वह किसी रेस्तरां में जमकर कर शराब पी ली। इसके बाद रिंग रोड से घर के लिये चले। जैसे ही पुल के नजदीक आयेए नशे से धुत अतुल ने डिवाइडर को टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर गये और अतुल ने वहीं दम तोड़ दिया। इधर घटना के बाद मुहल्ले में मातमी सन्नाटा है। मृतक दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई शुभम वर्मा प्राइवेट जॉब करता है। अतुल की तीन बहनें हैं। नेहा की शादी हो चुकी है। अंशु और ट्विंकल कुमारी पढ़ाई कर रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां कांता देवी बार-बार बेहोश हो रही थी। उनके पिता की मानें तो अतुल वर्मा मैट्रिक की परीक्षा लिखने से पहले ही पढ़ाई छोड़ दी थी और गलत संगत में चला गया था।

धारदार हथियार से चाचा ने की भतीजे की हत्या

तमाड़। थाना क्षेत्र के बघई गांव में जमीन विवाद में चाचा ने भतीजे को धारदार हथियार दाऊली से मारकर हत्या कर दी। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर घटना की जांच में जुट गयी है। मृतक की पहचान मंगल मुंडा के रूप में हुई। इधर हत्या करने के बाद आरोपी चाचा बुधन सिंह मुंडा फरार हो गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चाचा भतीजे में जमीन को लेकर काफी वर्षों से विवाद चल रहा था। गुरुवार की सुबह से ही दोनों आपस में झगड़ रहे थे। मौका देखकर बुधन मुंडा ने मंगल मुंडा पर दाऊली से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे मौके पर ही मंगल मुंडा की मौत हो गई। तमाड़ पुलिस द्वारा शव को शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा।

डंपर-कार में भिड़ंत कार छोड़ भागा चालक

ओरमांझी। थाना क्षेत्र आरके मोटल डुंडे के पास एक डंफर से काले रंग की नई क्रेटा कार की टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया। गुरुवार चार बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि रांची से रामगढ़ की ओर तेज गति से जा रही केटा कार जेएच01एफडी-9809 आगे-आगे जा रही डंफर से ओवरटेक करने के दौरान टकरा गई। जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा दुर्घटना ग्रस्त कार को जब्त कर लिया गया गया है। शाम पांच बजे के करीब हुई दूसरी दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि किसोर एक्सपोर्ट कुल्ही में कर्मी विकास कुमार अपने बजाज बाइक जेएच01डीएल-5463 में सवार हो रांची से ओरमांझी जा रहा था। वह जैसे ही जैविक उद्यान के पास पहुंचा। रांची से रामगढ़ की ओर तेज गति से जा रही एक सफेद रंग की स्वीफ्ट कार जेएच01बीजे-7076 ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार सड़क में फेंका गया। वहीं कार का अगला पहिया फट गया। दुर्घटना के बाद चालक कार छोड़ कर फरार हो गया।

एक नजर में

भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

ओरमांझी। भाजपा मंडल के द्वारा गुरूवार को जनसंपर्क से जनसमर्थन अभियान चालाया गया। अभियान में शामिल कार्यकताओं ने लोगों के घर-धर जाकर मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। अभियान में अमरनाथ चैधरी, अलखनाथ महतो, सुनील कुमार, बोधनाथ महतो, शिवचरन महतो, शशि मेहता, रामलखन महतो, मनोज महतो, मनेश महतो, उलाश महतो, अगमलाल मुंडा, जग्गू महतो, अंजनि देवी, किरण देवी, नवीन महतो शामिल थे।

कांवरियों का जत्था बाबाधाम रवाना

पिपरवार। पुरानी राय से बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण करने हेतु कांवरियों का एक जत्था की बाबा नगरी के लिए रवाना हुआ। कांवरियों के इस जत्थे में शामिल धर्मनाथ महतो, राजेश महतो, प्रेम प्रसाद, मुकेश महतो, दीपक महतो, जलेश्वर महतो, पवन महतो, दिनेश महतो, रवि कुमार, अमलेश कुमार, मंटोक कुमार, प्रेम प्रजापति देवघर के लिए रवाना हुए। सभी कावरियों को तारकेश्वर महतो, दिलीप महतो एवं दीपक महतो ने यात्रा के मंगलमय होने की शुभकामना के साथ विदा किया।

स्पीड न्यूज

बेड़ो : विद्यार्थी मेधा सम्मान समारोह आज

बेड़ो। बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मेधा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री एवं सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की उपस्थिति होंगे। इस कार्यक्रम में बेड़ो प्रखंड अंतर्गत मैट्रिक और इंटरमीडिएट में 60: से ज्यादा अंक लाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्रए मोमेंटो आदि देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी सम्मानित उपस्थित होंगे।

इटकी अमन कमेटी भंग

इटकी। इटकी अमन कमेटी को भंग कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी कमेटी के अध्यक्ष सलीम अंसारी ने गुरुवार को दी। उन्होंने व्यक्तिगत व कमेटी की आपसी विवाद सहित अन्य कारणों से अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की भी घोषणा की। मौके पर अफसर इमाम, अमीन अंसारी, कलीम अंसारी, गुलजार व लाला खान सहित अन्य शामिल थे।

160 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण

ठाकुरगांव। बुढ़मू प्रखंड के मनातू गांव में गुरुवार को जनवितरण प्रणाली के 160 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। वितरण हेसलपीरी पंचायत के मुखिया कुशेन्द्र पाहन, वार्ड सदस्य परमेश्वरी देवी ने किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि जल्द ही अन्य गांवों में भी वितरण किया जायेगा। मौके पर सोनी देवी, सरिता देवी, अघनी देवी समेत अन्य मौजूद थे।

बिहार में पीट कर जिला महामंत्री की हत्या की भाजपा ने की निंदा

पिपरवार। भारतीय जनता पार्टी पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने बयान जारी कर आज बिहार की राजधानी पटना में भाजपा द्वारा शांति तरीके से किये जा रहे विधानसभा मार्च के दौरान जहानाबाद भाजपा जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह को पुलिस द्वारा लाठी से पिटाई करके हत्या कर दिये जाने की मैं घोर निंदा करता हूं। कहा कि राज्य सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए बिहार की निर्मम गठबंधन नीतीश कुमार एवं तेजस्वी यादव की नेतृत्व वाली जानलेवा सरकार ने भाजपा के नेता की जान ली है। जिसे मैं कठोर निंदा करता हूं।

ब्रह्मभोज में विधायक अंबा प्रसाद हुईं शामिल

पिपरवार। पिपरवर कोयलांचल क्षेत्र के निकट बुंडू निवासी विधायक प्रतिनिधि श्री राजेंद्र कुमार गुप्ता जी के स्वर्गीय पिता श्री राम कुमार गुप्ता जी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद हुई शामिल। दिवंगत आत्मा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार के सदस्यों को ढाढस बंधाया।

शौच को गयी पत्नी और बहन पर फेंका कंकड़, विरोध करने पर पति को पीटा

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के टुंडहुली में शौच गई पत्नी और बहन पर कंकड़ फेंका, विरोध करने पर पति की पिटाई कर दी। घटना के संबंध में बताया गया कि गांव के पवन करामली की पत्नी और बहन रात को आठ बजे के करीब घर के बाहर बने शौचालय में शौच को गई थी। तभी घात लागाए गांव का श्रवण मुंडा द्वारा कंकड़ फेकने लगा। विरोध करने पर अश्लील इसारा भी किया गया। घर आकर दोनों ने जब स्वजनों की घटना की जानाकरी दी

पिटायी से घायल पति पवन।

तो स्वजनों ने सुबह में लड़का के स्वजन व गांव वालों से बात करने की बात कही, सभी सोने की तैयारी कर रहे थें, तभी रात 10.45 बजे के करीब श्रवण मुंडा फिर घर में घूस गया। मामले को लेकर विवाद होने पर श्रवण मुंडा ने पवन करमाली की पिटाई करने लगा। बीच बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी व मां की भी पिटाई कर दी, और जाते जाते जान से मारने की धमकी भी देता गया। जिससे स्वजन काफी डरे हुए हैं। पवन करमाली द्वारा ओरमांझी थाना में लिखिल शिकायत कर आरोपित पर कार्रवाई करने व सुरक्षा की मांग की गई है। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं घटना को लेकर स्वजनों के साथ स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है।

मोबाइल चोर नाबालिग को किया पुलिस के हवाले

खलारी। खलारी थाना क्षेत्र के सप्ताहिक ब्रहस्पतिवार बाजार में एक नाबालिग मोबाइल चोर को पकड़कर ग्रामीणों ने खलारी पुलिस के हवाले किया। जानकरी के अनुसार सप्ताहिक ब्रहस्पतिवार बाजार में बाजार करने आये व्यक्ति का मोबाइल नाबालिक बच्चा ने हाथ की सफाई करते हुए पकड़ाया। हालांकि जिसका मोबाइल था उक्त नाबालिक लड़का से मोबाइल ले लिया गया। नाबालिक लड़का तीन पहाड़ीएसाहेबगंज का निवासी बात रहा है। जिसे पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

ओरमांझी : सर्पदंश से महिला की मौत

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव मधुकमा पथलगढ़वा निवासी स्व सुखदेव उरांव की पत्नी कोशिला देवी की सर्पदंष से मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि मंगलवार को कोशिला देवी मछरदानी लगा कर अपने घर में सोयी हुई थी। रात 11 बजे के करीब एक सांप मछरदानी के अंदर घूस कर पैर में काट लिया। जिससे उसकी नींद खुल गई। बिस्तर के अंदर विशैले करैत सांप देख कर चिखने लगी। महिला के चिल्लाने स्वजन पहुंचे और सांप को पकड़ कर एक डबा में डाल दिया। फिर झाड़फूंक में लग गये। स्थिति बिगड़ने पर उसे रिम्स ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान बुधवार रात एक बजे उसकी मौत हो गई।

हथियार खरीद-बिक्री का प्लान बना रहे दो युवकों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। वरीय पुलिस अधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवैध हथियार का खरीद फरोख्त का प्लानिंग कर रहे अपराधियों को चान्हो पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रेस रिलीज के अनुसार बीते बुधवार को अपराह्न तीन बजे वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को गुप्त सूचना मिली कि चान्हो थाना क्षेत्रान्तर्गत तरंगा मोड़ के पास कुछ युवक हथियार की खरीद-बिक्री करने का फिराक में हैं। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस के द्वारा थाना

प्रभारी चान्हो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान के पास छापामारी की गयी तो दो युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे पुलिस द्वारा खदेड़कर पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्तियों में अभिषेक शर्मा, आकाश कुमार गुप्ता दोनो थाना क्षेत्र के चोरेया निवासी और उनके सहयोगी लोधमा थाना क्षेत्र डेविड सांगा इन अपराधियों के पास से 7.65 एम एम का 16 जिन्दा गोली और एक देशी पिस्टल बरामद किया गया। छापामारी दल में चान्हो थाना के पुअनि रंजय कुमारए थाना प्रभारी, सअनि संजय कुमार सिंह, सअनि साजिद खां सहीत सशस्त्र बल शामिल थे।

कलाम अध्यक्ष और वसीम अकरम बने सचिव, जाबिर अंसारी उपाध्यक्ष

हुरहुरी में मुहर्रम को लेकर बैठक, कमेटी गठित

रातू। प्रखंड के हुरहुरी में गुरुवार को मुहर्रम को लेकर हुयी बैठक में कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से कलाम अंसारी अध्यक्ष और वसीम अकरम सचिव चुने गये। जाबिर अंसारी को उपाध्यक्ष और सरफराज अंसारी को उप सचिव बनाया गया। मुल्तान अंसारी को कोष की जिम्मेवारी दी गयी। संरक्षक मंडली में लाइसेंसधारी नियामत अंसारी, रज्जब अली, रिजवान अंसारी व मियांजान अंसारी हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में शहबाज, अमीरुल, इरफान, शहजाद, परवेज, दिलरुबा, साकिर, शमशाद, फौजन, आफताब, सफीउल्लाह, सुहैल, तौफिक, शाहिद, जाबिर, सलामत, असलम, इमरान, अशफाक, फिरोज, हकीम, मकसूद, तजमुल व निसार आदि शामिल हैं। वहीं हुरहुरी नयांटोली में नौजवान कमेटी की बैठक तनवीर हसन की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुहर्रम का त्योहार सादगी से मनाने पर चर्चा की गयी।

मारुति मंगल परिवार का प्रशिक्षण आज से, 500 सदस्य होंगे शामिल

रातू। सामाजिक एवं धार्मिक संस्था मारुति मंगल परिवार ने युवाओं का दायित्व बोध और समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष का बीड़ा उठाया है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में इसकी शाखाएं हैं। शुक्रवार से बिजुलिया महादेव टंगरा स्थित मारुति मंगल भवन में 12 जिले के संस्था से जुड़े करीब 5 सौ नये सदस्यों को तीन दिनी आवासीय प्रशिक्षण दिये जायेंगे। इसमें रांची, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़, गढ़वा, लातेहार, हजारीबाग, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला, खरसांवा व पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। इसका उद्घाटन केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो करेंगे। यह जानकारी खुद श्री महतो ने गुरुवार की शाम पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को एकजुट कर रही है। युवाओं में शिक्षा का संचार और उन्हें खेल के प्रति जागरूक बनाया जा रहा है।

चुनौतियों का सामना करते हुए भविष्य का करें निर्धारण

ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह में प्रखंड के टॉपर विद्यार्थी सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

लापुंग। माता-पिता सहित सभी का सम्मान करना और भरपूर मेहनत करते हुए अधिक.से.अधिक मेहनत व बुद्धिमता का उपयोग करते हुए जीवन में आनेवाली हर परिस्थिति में अनुकूल आचरण कर उपलब्धियां प्राप्त करना सभी विद्यार्थियों की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में प्रखंड

स्तरीय ग्रामीण मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह 2023 के दौरान पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कही। गुरुवार को लापुंग के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित ग्रामीण मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह 2023 में लापुंग प्रखंड के मैट्रिक मे प्रखंड टॉपर आरती नाग 93ण्20:ए सेकेण्ड टॉपर सीमा कुमारी 93:ए थर्ड टॉपर आमंत्री कुमारी 92ण्60: सभी निर्मला हाई स्कूल महुगांव सहित थर्ड टॉपर मनीषा कुमारी 92ण्20: प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग तथा थर्ड टॉपर दशरथ लोहरा 92ण्60: हाई स्कूल दोलैचा सहित मैट्रिक एवं इंटर के टापर्स विद्यार्थियों और प्रखण्ड के विविध विद्यालयों के शीर्ष स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को ट्रॉफीए मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आने वाले समय में चुनौतियों का सामना करते हुए अपने भविष्य का निर्धारण करना आज सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

इन्होंने निभायी भूमिका

मौके पर जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयविरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी, पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, बीपीओ लीलावती तिर्की, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, बीआरपी रेशम शाहदेव, बबलु कुमार महतो, लालकेश्वर यादव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक स्वर्ण लता कुजूर, मतियस कंडुलना, नीलम लकड़ा, सलीम सहाय तिग्गा, बहादुर उरांव, जोहन उरांव सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधान शिक्षकों सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई- निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/02/2023-24(4th Call)

कार्य की विस्तृत विवरणी :

ग्रुप सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	डुमरी प्रखण्ड में कस्तूरबा गाँधी बालीका विद्यालय, डुमरी में किचेन शेड एवं डाइनिंग हॉल का निर्माण कार्य।	24,99,500.00	50,000.00	5,000.00	03 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.07.2023 से दिनांक 31.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 01.08.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे अपराह्न।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 302270 Rural Development (23-24)_D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER D.W.&.S.DIVISION RANCHI EAST RANCHI

Very ShortQUOTATION NOTICE NO-

Sealed quotations are hear by invited for the work. "Supplying labour, plumber & vehicle with driver, fuel and lubricants for Repairing & Maintenance of Drilled Tube well under the different blocks i.e., Bundu, Sonahautu, Rahe, Tamar, Ormanjhi, Angara and Silli Blocks only in Ranchi districts under D.W.&.S.Division, Ranchi East, Ranchi for the year, 2023-2024.

The Sealed quotations will be received on before dated 21.7.2023 up to 03.00PM &will be opened on the same day at 04.00PM by the under singed at the time. The under singed reserves the right to accept or rejects the quotation without assigning any reasons thereof.

1. Name of Advertiser : Executive Engineer, D.W.&.S.Divison Ranchi East Ranchi
2. Last Date and time for Receiving the Quotation : 21.07.2023 upto 03.00PM.
3. Date & Time of Opening The Quotation : 21.07.2023 at 04.00 PM
4. Place and receiving the Quotation receiving & its opening : Office of the Executive Engineer, D.W.&.S.Division. Ranchi East, Ranchi
5. The Participating agency must be registered with D.w.&.S.Department of Jharkhand Sate (Farm or Company) and having experience for the similar work.

Executive Engineer,
D.W.&.S. Division, Ranchi East, Ranchi

PR 302287 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA
VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice

Tender Reference No. DWSD/CTR/RRP/10/2023-24 (2nd Call) DT : 12.07.2023

Sl. No.	Particular	Details				
1	Name of Work	Changing of Ro tten Riser Pipe in I.M -II Drilled Tube Well with 32 mm Medium Class G.I Riser Pipe and Connecting Rod for Drilled Tube Well in Different Blocks of Chatra District on "TURNKEY BASIS" under D.W.&S. Division, CHATRA for the Year 202 3-24				
	Group No.	Qty.	Estimate Cost	Earnest Money	Cost of BOQ(Rs.)	Time of Completion
	CTR/RRP-03	73 Nos.	10,65,384/-	22,000/-	2,500/-	03 Months
2	Date of Tender Uploading in Website	15.07.2023 at 5:00 PM				
3	Last Date / Time for Submission of Tender Documents	21.07.2023 upto 5:00 PM				
4	Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy)	22.07.2023 upto 3:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh.				
5	Date of Opening Tender	22.07.2023 at 5:00 PM				
6	Name & Address of Opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)				
7	Name & Address of Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)				
8	Contact No. of Procurement Office	+91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273				
9	Helpline No. of e -Procurement Cell	0651-2480345				

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be final & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 302232 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
संख्या 04/2023–24 Re (3rd Call)

1. विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2 परिमाण विपत्र बिकी की तिथि :–दिनांक 21.07.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक 24.07.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4 निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 24.07.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5 परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6 निविदा प्राप्त करने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7 निविदा खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8 कार्य मद :–DMFT मद
9 कार्यो का विस्तृत विवरण :–

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	बसिया	गुमला जिला अंतर्गत बसिया प्रखण्ड में मगरला पंचायत के ग्राम महाराजगंज में अखड़ा पक्की रोड से अखड़ा तक पी0सी0सी पथ निर्माण।	3,94,200.00	8000.00	750.00	03 माह
2	रायडीह	गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड परिसर में पुस्तकालय भवन हेतू पी०सी०सी० पथ एवं डीप बोरिंग का निर्माण कार्य।	7,84,000.00	15,700.00	1,250.00	03 माह

निविदा की शर्तें:– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 302275 Rural Development(23-24).D

पीएम का फ्रांस दौरा

पी एम नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान प्राथमिक ध्यान रक्षा पर हो सकता है, लेकिन दोनों देश 9900 मेगावाट जैतापुर परमाणु से संबंधित विकास सहित डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग में बड़े कदम उठाने के लिए तैयार हैं। पांच वर्षों के बाद, भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को भी पुनर्जीवित किया गया है और 14 जुलाई को दोनों पक्षों के 10-12 कॉर्पोरेट नेताओं के साथ विदेश मंत्रालय के कार्यालय क्वाई डी'ऑर्से में बैठक हो रही है। जबकि भारतीय पक्ष की सह-अध्यक्षता जुबिलेंट भरतिया समूह के सह-अध्यक्ष हरि भरतिया करेंगे, जबकि फ्रांसीसी पक्ष का नेतृत्व सूचना प्रौद्योगिकी फर्म कैपजेमिनी एसई के अध्यक्ष पॉल हर्मेलिन करेंगे। हर्मिलिन को फ्रांस सरकार ने भारत के साथ कारोबार के लिए प्वाइंट पर्सन के तौर पर भी नियुक्त किया है। कैपजेमिनी भारत में लगभग 200,000 लोगों को रोजगार देती है और पुणे में 6जी प्रयोगशाला खोलने के लिए तैयार है। भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2014 से दोगुना होकर 14 बिलियन यूरो हो गया है, जिसका संतुलन भारत के पक्ष में है। हालाँकि, दोनों देशों के बीच जिस बड़ी चीज पर फिलहाल काम चल रहा है, वह है मोदी द्वारा अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान फ्रांस में डिजिटल भुगतान तकनीक यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस या यूपीआई का संभावित लॉन्च। 2023 में वढक और सिंगापुर के ढ८ठङ्क६ ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे किसी भी देश के उपयोगकताओं को सीमा पार लेनदेन करने की अनुमति मिल गई। यदि मैक्रॉन सरकार यूपीआई के साथ भी ऐसा करने के लिए सहमत हो जाती है - एनपीसीआई, यूपीआई के पीछे की कंपनी, और फ्रांस की लायरा एक साल से इस पर काम कर रही है - तो फ्रांस यूपीआई वाला पहला यूरोपीय देश बन जाएगा।

सेंसेक्स में उछाल

शे शेयर बाजार में विगत कुछ महीनों से उछाल की स्थिति बनी हुई है। 4 जुलाई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 274 अंकों की बढ़त के साथ 65,479 पर बंद हुआ। अपने शुरूआती कारोबार में बीएसई 381.55 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 65,586.60 अंकों के स्तर पर पहुंच गया। साल के अंत तक सेंसेक्स 70,000 के स्तर पर पहुंच सकता है। फिर, 28 जून को यह 19,000 के स्तर को पार कर गया। गुरुवार को सेंसेक्स 66,064.21 की ऊंचाई तक गया जानकार बताते हैं निफ्टी इस साल के अंत तक 21,000 के स्तर पर पहुंच सकता है। शेयर बाजार में लगातार उछाल से पिछले 3 महीनों में शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में 40 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। शेयर बाजार में उछाल का कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) द्वारा ज्यादा निवेश करना है। इसमें अमेरिका और यूरोप के निवेशकों की संख्या अधिक है। जून महीने में विदेशी निवेशकों ने भारत में 47 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया था। विदेशी निवेशकों द्वारा भारत के बाजार में निवेश करने से चीन की परेशानी बढ़ रही है, क्योंकि चीन का बाजार कम निवेश होने से ठंडा पड़ता जा रहा है। विदेशी निवेशक चीन के बाजार से लगातार पैसा निकाल रहे हैं, जिसका कारण चीन का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का नरम एवं निर्माण एवं विनिर्माण क्षेत्र का सुस्त रहना है। इसके कारण चीन की अर्थव्यवस्था पहले से कुछ कमजोर हो गई है। चीन में जनवरी-फरवरी महीने में विदेशी निवेशकों ने अच्छा-खासा निवेश किया था, लेकिन बाद के महीनों में निवेशकों ने 34 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि निकाल ली। भारत पर विदेशी निवेशको का भरोसा निश्चित तौर पर विकास की दिशा में बढ़ता कदम है।

मोदी सरकार के 9 साल: विद्युत क्षेत्र का संपूर्ण कायाकल्प

पिछले नौ वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलावों को संभव बनाया है। निरंतर लोड शेडिंग और बिजली की कमी वाले दिन अब इतिहास हो गए। वर्ष 2014-15 से पहले, बिजली की आपूर्ति में होने वाला घाटा आश्चर्यजनक रूप से 4.5 प्रतिशत था। हालांकि, 2014 में इस सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से बिजली उत्पादन क्षमता में 185 गीगावॉट की प्रभावशाली वृद्धि की गई है। इसके साथ भारत बिजली की कमी वाले देश की जगह अधिशेष बिजली वाला देश बन गया है। आज हमारी कुल स्थापित क्षमता 417 गीगावॉट है, जोकि 222 गीगावॉट की चरम मांग से लगभग दोगुनी है। परिणामस्वरूप, भारत अब पड़ोसी देशों को बिजली का निर्यात कर रहा है।

पारेषण (ट्रांसमिशन) के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2013 के बाद से, लगभग दो लाख सर्किट किलोमीटर तक फैली पारेषण लाइनों का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित किया गया है जो पूरे देश को एक ही आवृत्ति (फ्रीक्वेंसी) पर संचालित होने वाले एक एकीकृत ग्रिड से जोड़ता है। इन पारेषण लाइनों में 800 केवी एचवीडीसी जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया गया है और ये समुद्र तल से 15000/16000 फीट की ऊंचाई पर स्थित श्रीनगर - लेह लाइन सहित कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण व दुर्गम इलाकों से होकर गुजरती हैं। देश के एक कोने से दूसरे कोने तक 112 गीगावॉट बिजली स्थानांतरित करने की क्षमता ने भारत को एक एकीकृत बिजली बाजार में बदल दिया है, बिजली स्थानांतरित करने की यह क्षमता 2014 में मात्र 36 गीगावॉट की थी। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली मिलने लगी है।

सभी लोगों तक बिजली पहुंचाना इस सरकार के प्रयासों का एक प्रमुख फोकस रहा है। हमारी सरकार के सत्ता में आने से पहले, आजादी के 67 साल बाद भी 18,000 से अधिक गांव और कई बस्तियां बिजली से वंचित थीं। अगस्त 2015 में, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 1000 दिनों के भीतर हर गांव को विद्युतीकृत करने के लक्ष्य की घोषणा की थी। पहाड़ी क्षेत्रों और रेगिस्तानी इलाकों में लॉजिस्टिक से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, सरकार ने निर्धारित समय से 13 दिन पहले, केवल



- आरके सिंह

> इन प्रयासों की सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की औसत उपलब्धता 2015 में 12 घंटे से बढ़कर आज 22.5 घंटे हो गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में अब औसतन 23.5 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। परिणामस्वरूप, डीजी सेट का बाजार अब समाप्त हो गया है!

987 दिनों में ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इस उपलब्धि को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने 2018 में ऊर्जा क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण खबर के रूप में मान्यता दी थी।

इस सफलता को आधार बनाकर आगे बढ़ते हुए, सरकार ने हर घर को बिजली से जोड़ने का लक्ष्य रखा। उल्लेखनीय तरीके से, यह लक्ष्य 18 महीनों के भीतर ही हासिल कर लिया गया और कुल 2.86 करोड़ घरों को बिजली से जोड़ा गया। बिजली पहुंचाने की दिशा में यह तेज प्रसार ऊर्जा क्षेत्र के इतिहास में अभूतपूर्व है, जिसे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी से मान्यता मिली है। मोदी सरकार की नीति यह सुनिश्चित करने की है कि कोई भी पीछे न छूटे।

इन प्रयासों की सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की औसत उपलब्धता 2015 में 12 घंटे से बढ़कर आज 22.5 घंटे हो गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में अब औसतन 23.5 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। परिणामस्वरूप, डीजी सेट का बाजार अब समाप्त हो गया है!

सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा पर अपना ध्यान केन्द्रित करके पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की है। वर्ष 2015 में, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 2022 तक 175 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य की घोषणा की थी। वर्तमान में, कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों के तहत अतिरिक्त 84 गीगावॉट के साथ भारत ने 172 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित की है। इस विकास ने भारत को नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले देश के रूप में स्थापित किया है। अपनी इस ख्याति के कारण भारत ने दुनिया भर के प्रमुख कोषों से निवेश को आकर्षित किया है। इसके अलावा, भारत ने निर्धारित समय से नौ साल पहले ही 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 40 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता की अपनी प्रतिबद्धता हासिल कर ली है। वर्तमान में, स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 43 प्रतिशत हिस्सा यानी कुल 180 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आता है।

सरकार उत्सर्जन की तीव्रता को कम करने में भी सफल रही है। वर्ष 2005 के स्तर की तुलना में उत्सर्जन की तीव्रता को 33 प्रतिशत - 35 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य को हासिल करके, भारत ने खुद को वैश्विक तापमान में 2-डिग्री से कम वृद्धि करने के विचार के अनुरूप चलने वाले एकमात्र जी-20 देश और प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है, उजाला (एलईडी वितरण), प्रदर्शन करें, उपलब्धि हासिल करें और व्यापार करें परफॉर्म, अचीव एंड ट्रेड (पीएटी), उपकरणों के लिए स्टार रेटिंग कार्यक्रम और ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र जैसे विभिन्न कार्यक्रमों ने कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में प्रति वर्ष 159 मिलियन टन की कमी लाने में योगदान दिया है। व्यावसायिक और आवासीय भवनों में ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से तैयार किया गया बिल्डिंग कोड इस दिशा में एक और बड़ा कदम है। हमने अब 2005 के स्तर के मुकाबले 2030 तक अपने कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को एक बिलियन टन और हमारी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करने का संकल्प लिया है। इन लक्ष्यों को भी हम 2030 से पहले हासिल कर लेंगे।संपूर्ण विद्युत क्षेत्र में व्यापक सुधार लागू किये गये हैं। वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) में दक्षता और वित्तीय अनुशासन में सुधार लाने हेतु वित्तपोषण को एटीएंडसी संबंधी नुकसान में कमी के साथ जोड़ना, ऊर्जा लेखांकन और ऑडिट को लागू करना तथा राज्य सरकारों द्वारा सब्सिडी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना जैसे विभिन्न उपाय किए गए हैं।

खास बात

साइना नेहवाल पहुंची अमरनाथ

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने पवित्र अमरनाथ गुफा में पूजा-अर्चना की और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सबसे छोटे बालटाल मार्ग के माध्यम से गुफा मंदिर में प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के लिंग के 'दर्शन' किए। भारत की शीर्ष बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल इस समय अमरनाथ यात्रा के लिए कश्मीर में हैं। राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा कीं। साइना नेहवाल के साथ उनके माता-पिता भी मौजूद हैं, जिन्हें उनके द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है। शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने पवित्र अमरनाथ गुफा में पूजा-अर्चना की और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सबसे छोटे बालटाल मार्ग के माध्यम से गुफा मंदिर में प्राकृतिक रूप से बने बर्फ के लिंग के 'दर्शन' किए।

साइना नेहवाल ने कहा कि हमने अमरनाथ जी के बहुत अच्छे दर्शन किए। मैं अपनी मां के साथ दर्शन करने में सक्षम होने के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। उन्होंने कहा कि मैं अमरनाथ श्राइन बोर्ड और वहां हमारी मदद करने वाले सेना के लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं...मैं बहुत संतुष्ट हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब आप ऐसी जगह आते हैं जहां आपको सकारात्मकता और शक्ति मिलती है, और मन शांत होता है। आत्मविश्वास बहुत अच्छा लगता है... अनुभव बहुत आरामदायक था।

1,46,508 तीर्थयात्री कर चुके हैं दर्शन

एक जुलाई से अब तक कुल 1,46,508 तीर्थयात्री अमरनाथ मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। हिमालयी क्षेत्र में स्थित 3,888 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की 62 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा एक जुलाई को शुरू हुई, जो 31 अगस्त तक चलेगी। दक्षिण कश्मीर के हिमालयी क्षेत्र में स्थित अमरनाथ मंदिर के लिए 9200 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक और जत्था बृहस्पतिवार को यहां आधार शिविर से रवाना हुआ।

बृहस्पतिवार को तड़के साढ़े तीन बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 194 वाहनों के काफिले में 6,035 तीर्थयात्री पहलगाम के लिए निकले जबकि 3,206 तीर्थयात्रियों को लेकर 112 वाहनों का काफिला बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।

न्याय और प्रेम

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंद जी परमहंस

न्याय भी हो जाए और प्रेम भी ऐसा सिर्फ ईश्वर ही कर सकता है। ईश्वर ही ऐसा कर सकता है जिसमें न्याय भी हो और प्रेम भी। राजा दिलीप की कथा बताते हुये उन्होंने कहा कि गुरु वशिष्ठ की गाय नंदनी की रक्षा में उन्होंने अपने प्राण की परवाह नहीं की। इस जीवन में जो कुछ भी किया जाता है उसका परिणाम अवश्य मिलता है। इस त्याग के बाद ही राजा दिलीप पिता बने और पुत्र रधु के नाम पर ही रधु कुल को संसार जानती है जिस कुल के राजा राम की चर्चा सर्वाधिक होती है। कश्यप मुनि और तक्षक के प्रकरण पर स्वामी जी ने कहा कि कश्यप मुनि ने तक्षक को दिखा दिया कि वे राजा परीक्षित को बचा सकते हैं। तब तक्षक ने कहा कि क्या आप प्रकृति के न्याय को बदलना चाहते हैं। कश्यप मुनि लौट गये उन्होंने ईश्वर के न्याय का सम्मान किया। वहीं शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को सात दिनों में ही ज्ञान और वैराग्य से परिपूर्ण कर दिया जिसके कारण तक्षक के काटने और प्राण निकलने का कष्ट उन्हें नहीं हुआ। इस प्रकार न्याय और प्रेम दोनों संभव हुआ। कश्यप मुनि का न्याय और शुकदेव जी के प्रेम से ईश्वर के नियम की रक्षा हो सकी। भारतीय संस्कृति, धर्म का आधार क्षमा है। ईश्वर आपको अनेको बार क्षमा करता है। आपको सुधरने, परोपकारी बनने का अवसर देता है आवश्यकता है आप उसे समझें और गंभीरता से लें। हमारी संस्कृति की विराटता को समझें बिना इस पर किसी प्रकार का सवाल उठाना गलत है। निश्चित है जो किया है वही पाना है।

सुबह शाम लोकतंत्र की दुहाई देनेवाले लोकतंत्र की जननी बिहार में लोकतंत्र का गला घोंटा रहे हैं,हिटलरशाही पर उतारू हैं। बेतहाशा पुलिस लाठीचार्ज में घायल भाजपा जहानाबाद के महामंत्री श्री विजय कुमार सिंह जी की मौत की बेहद ही दुखद सूचना मिल रही है। अन्य सैकड़ों कार्यकर्त्ता चोटिल हैं।

- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री

आपके ट्वीट

आत्म विस्मृति ही मनुष्य के दुःख का मूल कारण है । हमारी आत्म-सत्ता स्वयं ही आनन्द और अबाध शान्ति का स्रोत है । अंतमुर्खी होते ही स्थिरता, आनन्द, परिपूर्णता और अस्तित्व की संपूर्ण दिव्यतायें अनुभूत होने लगती हैं ।

- स्वामी अवधेशानंद गिरी

अब अगर आप सही हो
तो कुछ भी साबित करने की कोशिश मत करो
, बस सही बने रहो
गवाही वक़्त खुद दे देगा।

-अनुपम खेर, अभिनेता

सावन यानी शिव को रिझाने का समय

आर.के. सिन्हा

सामयिक

सावन का पहला सोमवार बीती 10 जुलाई को पूरी आस्था के साथ मनाया गया। देशभर के शिवालयों में सुबह चार बजे से बारह बजे रात्रि तक तमाम भक्त आते रहे। सूरज की पहली किरण फूटने से पहले ही भक्तों का तांता मंदिरों में लग गया था।

शिव का जीवन ही इस बात का प्रतीक है कि प्रकृति से तालमेल स्थापित कर ही जीवन में सुख-शांति, सरलता, सादगी, शौर्य, योग, अध्यात्म सहित कोई भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। आषाढ़ मास से ही वर्षा ऋतु की शुरूआत होती है। श्रावण मास आते-आते चारों तरफ हरियाली छा जाती है। यह सभी के मन को लुभाने वाली होती है। श्रावण मास में प्रकृति का अनुपम सौंदर्य देखते ही बनता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चारों तरफ बसंत ऋतु ही छाई हुई है। संसार के प्राणियों में नई उमंग व नव जीवन का प्रसार होने लगता है। प्रकृति की अनुपम छठा को देखकर भगवान शिव आनंदित व आत्मविभोर हो जाते हैं। श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। श्रावण मास के प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता है।

ऐसे में जब भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं तो संसार में ऐसा कुछ भी नहीं, जो वह अपने भक्तों को न दे पाएं। भगवान शिव को रिझाने में भक्तजन अपनी मनोकामना के लिए नाना प्रकार के यत्न करते हैं। सावन का महीना शुरू होने के साथ ही बोल बम के जयकार भी चारों तरफ सुनाई देने लगे हैं। इसके साथ ही श्रावण शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पवित्र गंगाजल लाने के लिए कावड़ियों का तीर्थ स्थलों पर जाने का सिलसिला जारी है। पूरे सावन को भगवान शिव का महीना ही माना जाता है। इस बार तो अधिक मास के कारण श्रावण पूरे दो महीने तक चलेगा।

शिवपुराण की कथा के अनुसार, श्रावण मास में भगवान शिव को प्रसन्न करने के तीन मार्ग हैं - पहला जलाभिषेक, दूसरा बेल पत्र, पुष्प चंदन, कमलपुष्प व पंचामृत से पूजा अर्चना और तीसरा जप-तप के द्वारा। इनमें से किसी भी एक मार्ग का अनुसरण किया जा सकता है। वस्तुतः भिन्न-भिन्न कामनाओं के अनुरूप विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को चढ़ाने का भी प्रावधान है।शिव महापुराण, स्कंध पुराण, विष्णु पुराण व नारद पुराण भी इसी तरफ संकेत करते हैं। सभी देवी-देवताओं ने मिलकर कैलाश पर्वत को दुल्हन की तरह सजाया था। कैलाश पहुंचने पर श्रावण मास शुरू हो गया। सभी देवी-देवताओं ने मिलकर पूरे श्रावण मास को उत्सव के रूप में मनाया।

शिव का सावन प्रकृति के साथ साहचर्य का संदेश है। शिव अगर नीलकंठ हैं और दुनिया के लिए अकेले जहर को अपने गले में धारण कर सकते हैं, तो उसके साथ-साथ भांग और धतूरा खाने और पीने वाले भी शिव ही हैं। शिव की दोनों तस्वीरें साथ-साथ जुड़ी हुई हैं। भारत में करोड़ों लोग समझते हैं कि शिव धतूरा पीते हैं, शिव की पलटन में लूले-लँगड़े हैं, उसमें जानवर भी हैं, भूत-प्रेत भी हैं और सब तरह की बातें जुड़ी हुई हैं। लूले-लँगड़े, भूखे के मानी क्या हुए? गरीबों का आदमी। शिव सबके हैं। इसका अर्थ ही यह है कि शिव सभी बेसहारा प्राणियों के सहारा हैं। भांग-धतूरा का वे सेवन नहीं करते बल्कि अपने भक्तों को अपने दुगुर्णों को छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कहते हैं -लाओ अपने सारे दुर्वसन मुझे दे दो और तुम शुद्ध भाव से मेरी आराधना में लगो।मानव जीवन का वास्तविक लक्ष्य क्या है? जीवात्मा अनादिकाल से प्रकृति के प्रवाह में अणु-रूप में नानाविध शरीर धारण करते हुए काल की गति के साथ बह रहा है।

कॉर्टून वर्ल्ड

नाटो से क्या करें उम्मीद...

साभार कॉर्टून मूववेंट

लेटर टू एडीटर

छोटे उद्योग पर मार

देश में छह करोड़ पैंतीस लाख एमएसएमई हैं। विनिर्माण उत्पादन में इनका हिस्सा पैंतालीस फीसद है। करीब बारह करोड़ लोगों का रोजगार इनसे जुड़ा है। हालांकि रिजर्व बैंक इन उद्योगों को बिना किसी अड़चन के कर्ज मुहैया कराने के लिए व्यावसायिक बैंकों पर लंबे समय से दबाव बना रहा है, कई रियायतों की घोषणाएं भी की हैं। लेकिन ये सब फलीभूत नहीं हो पा रही हैं।

- रविशंकर सिंह, रांची

रिलायंस का कैपिटल

देश की 83 पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (पीएसयू) की सारी मार्केट केपीटलाइजेशन 15.16 लाख करोड़ रूपए है। वहीं मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मार्केट केपिटलाइजेशन 15.30 लाख करोड़ रूपए है। इस साल की शुरूआत में देश की सभी पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग की मार्केट कैपिटलाइजेशन रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से दो गुना थी।

- सुभाष कुमार, हजारीबाग

नेताओं की टर्र-टर्र और महिमा टमाटर की

सिंघई सुभाष जैन

व्यंग्य

जो चिल्ला-चिल्ला कर एक रुपये किलो में नहीं बिक पाता था अब डेढ़ सौ पार कर गया है टमाटर। आगामी महीनों में विधानसभा चुनाव होना है। राजनीतिक दल यही कह रहे हैं कि वे डेढ़ सौ पार कर लेंगे। टमाटर ने तो चुनाव के पहले ही उनके लक्ष्य को चुनौती दे डाली। खबर यह भी है कि अब आगामी महीनों में चुनावी सभाएं होंगी। सभाओं में नेताओं के स्वागत-सम्मान के लिए अभी से ही टमाटरों को गोदाम में एकत्रित किया जा रहा है। जनता मितव्ययी रास्ता चुनती है अतः सम्मान फल के बतौर टमाटर चुन लिया गया है। टमाटर की गेंदबाजी से अच्छे-अच्छे नेताओं के चेहरों के भाव लाल-पीले देखे जा सकते हैं।

टमाटर पहले तो सभी तरकारियों से गठबंधन कर लेता था। लेकिन अब वह अपने पैरों पर बलपूर्वक शान से खड़ा हो गया है। एकला चलो रे वाला भजन गा रहा है। वो अब सब्जबाग से दूर रहकर अमृत की भांति सब्जी के बघार में आचमन बन गया है। पहले तो घर में कोई भी सब्जी न होने पर टमाटर मसलकर नमक लगाकर रोटी खा लिया करते थे। अब वो संभ्रांत वर्ग में सम्मिलित हो गया है। दर्शन दुर्लभ हो रहे हैं। सब्जियों के ठेले पर उपभोक्ता उसे स्पर्श कर सुख का अनुभव कर रहे हैं।

चुनाव के पहले जनता को पेट्रोल के भाव विस्मरण करवाने के लिए सत्ता से गठजोड़ कर बैठा है टमाटर। लोगबाग अब पेट्रोल की नहीं टमाटर की चर्चा में लग गए हैं। वर्षा अच्छी हो रही है। बोवनी का समय शुरू हो गया है। किसान सोच रहे हैं कि क्या बोएं! टमाटर के सौदे नकद के होते हैं। सोयाबीन बोएं या टमाटर!



चुनावी वातावरण में नेताजी मेढक की भांति इस पलड़े से उस पलड़े में जाते हुए दिखाई देते हैं। मेढक की टर्र-टर्र से टमाटर को नैतिक शाब्दिक बल मिल रहा है। तिराहे-चौराहे पर खड़े होकर यहां-वहां घूमते शोहदे आजकल हाथों में टमाटर लिए दिखाई दे रहे हैं। आसपास की फूलों की दुकान ठप हो गई है।

हमारे यहां एक क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। प्रथम पुरस्कार एक कैरेट टमाटर है। द्वितीय पुरस्कार एक डलिया भर टमाटर है। तृतीय पुरस्कार दोनों हथेलियों में भर टमाटर है। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार में एक-एक टमाटर रखे ग?ए हैं।

गुलदस्तों में फूल कम टमाटर ज्यादा बांधे जा रहे हैं।

नये गीत का सृजन हो गया है– छू लेने दो इन टमाटरों को कुछ और सब्जी नहीं है।

पड़ोसनें सुबह व संध्या के समय घर की खिड़कियां बंद रखने लगी हैं। क्या पता ये स्वर गूंजने लगे– एक टमाटर देना। सब्जी बघारनी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

मांडू में 11 अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

- चार देसी पिस्तौल, एक रिवाल्वर 12 गोली और 11 मोबाइल बरामद
- पुलिस के हत्थे चढ़े सभी अपराधी हजारीबाग जिले के निवासी हैं
- यह गिरोह जुआरियों को लूटने के लिए जा रहा था, पुलिस की सक्रियता से विफल हुए : एसपी

रामगढ़। मांडू पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से देसी पिस्तौल, रिवाल्वर, देसी कट्टा, परंपरागत हथियार, गोलियां आदि बरामद किए गए हैं। इस बात की जानकारी गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी पियूष पांडे ने दीउन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अपराधियों का गिरोह एक मारुति वैन में बैठकर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए निकला है। इसके बाद जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान शुरू कर दिया गया। जांच के दौरान मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार के नेतृत्व में बनी टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर हजारीबाग की ओर जाने वाली रूट में एक मारुति ओमनी जेएच 02 आर 4996 को रोका। उस मारुति वैन में 11 अपराधी बैठे हुए थे।

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि जांच के दौरान अपराधियों के पास से मैगजीन सहित 4 देसी पिस्तौल, मैगजीन सहित एक रिवाल्वर, मैगजीन सहित एक देसी कट्टा, 12 जिंदा गोली, एक खाली मैगजीन, एक मिसफायर गोली और 11 मोबाइल मिले हैं। पुलिस ने मारुति वैन को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में सभी 11 लोग हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं। इनमें टाटीझरिया थाना क्षेत्र के भराजो गांव निवासी किशोर कुमार उर्फ बिहारी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चानो सखिया गांव निवासी मुकेश कुमार, ओरिया गांव निवासी हिमांशु कुमार, राकेश साहू, कटकमदाग थाना क्षेत्र के बसई गांव निवासी बॉबी कुमार, बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव निवासी अजीत कुमार साहू, कुंदन कुमार, कोर्रा चौक निवासी सोनू कुमार उर्फ सैंडी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरवा बस्ती निवासी बलराम मुंडा, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मरहैता गांव निवासी तैयब अंसारी और कटकमसांडी थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी विकास गुप्ता उर्फ शिवा शामिल हैं। एसपी ने बताया कि अपराधियों का यह गिरोह जुआरियों को लूटने के लिए जा रहा था उनकी यह योजना पुलिस की सक्रियता की वजह से विफल हो गई। सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास की भी जानकारी ली जा रही है। हजारीबाग के अलावा रांची बोकारो व अन्य जिलों में भी इनकी गिरफ्तारी की सूचना भेजी गई है, ताकि इन अपराधियों के खिलाफ विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज प्राथमिकी की जानकारी मिल सके।

स्पीड न्यूज

जिंदल स्टील एंड पावर, पतरातू को स्वास्थ्य विभाग ने किया सम्मानित

बासल (रामगढ़)। झारखंड सरकार स्वास्थ विभाग द्वारा राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के करपोरेट इंगेजमेंट टू एंड टीबी के तहत जिन्दल स्टील एंड पावर पतरातु को सम्मानित किया गया। जेएसपी फाउन्डेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल तथा जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिंदल द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत रामगढ़ जिला के पतरातु प्रखंड में योजनाबद्ध तरीके से स्वास्थ, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, ग्रामीण बच्चियों के लिए खेलकूद तथा स्वास्थ से संबंधित अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इस क्रम में रामगढ़ जिला प्रशासन तथा जेएसपी फाउन्डेशन पतरातु के संयुक्त तत्वाधान में पतरातु प्रखण्ड में टीबी मरीजों को मित्र बनाकर उन्हें अतिरिक्तपोषण आहार उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर जिंदल स्टील एंड पावर के प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया को स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता एवं श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सम्मानित किया। पुरस्कार मिलने से जिंदल के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

इंटर महिला कॉलेज के पूर्व सचिव ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

रामगढ़। इंटर महिला महाविद्यालय के पूर्व सचिव अरूण कुमार सिन्हा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन दिया है। उन्होंने बताया कि इंटर महिला महाविद्यालय रामगढ़ झारखंड अधिविद्य परिषद , माध्यमिक शिक्षा निदेशालय झारखंड सरकार द्वारा गठित शासी निकाय के तहत संचालित होती है। उन्होंने बताया कि यह राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित अनुदानित शिक्षण संस्थान है। ज्ञापन में श्री सिन्हा ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व प्रभारी प्राचार्या रागिनी श्रीवास्तव एवं समाज शास्त्र की व्याख्याता पुनम सिंह को कार्यकाल समाप्त होने के बाद शासी निकाय द्वारा अविलंब सेवानिवृत कर दिया गया था। वहीं, वाणिज्य विऽाग के व्याख्याता मोहम्मद नौशाद अहमद का कार्यकाल मई 2023 में ही समाप्त होने के बाद भी शासी निकाय मौन है।

रामगढ़ जेल में कैदियों की टीबी जांच

रामगढ़। रामगढ़ जेल परिसर में कैदियों को टीबी की बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कारागार के सभी कैदियों की टीबी की जांच की गई। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. स्वराज ने टीबी मुक्त भारत के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि भारत को 2025 तक टीबी मुक्त कराना है। उन्होंने बताया कि टीबी का बैक्टीरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक हवा के माध्यम से फैलता है। यह हमारे फेफड़े को प्रभावित करता है। साथ ही शरीर के अन्य अंगों को भी संक्रमित कर सकता है। यदि समय से टीबी का इलाज नहीं कराया गया तो वह आसपास के कम से कम 10-15 स्वस्थ लोगों को संक्रमित कर सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी के मरीजों को निश्चय पोषण योजना अंतर्गत हर माह 500 रुपये दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त जिला टीबी विभाग के प्रयास से निक्षय मित्र द्वारा पोषण युक्त सामग्री पैकेट भी दिया जाता हैं।

मुखिया ने छात्रों को दी खेल सामग्री

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में विद्यार्थियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि जीवन में पढ़ाई का बुहत महत्व है। जो बच्चे कम उम्र से ही खेल पर विशेष ध्यान देते हैं वे भविष्य में बेहतर खिलाड़ी बनकर अपना जीवन संवार लेते हैं। उन्होंने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है, बेहतर प्रदर्शन कर खेलो में भी केरियर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में प्रमुख खेलों का टीम बनाकर उन्हें निरंतर खेल कीट उपलब्ध कराया जाएगा। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। मौके पर प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, शिक्षिका अनीता देवी, सीमा देवी, रेखा देवी, अनुपमा कच्छप, शुभलक्ष्मी, सईदा खातून, रीता कुमारी आदि मौजूद थें।

विधायक के कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को लाना दुखद : विश्वरंजन

भदानीनगर (रामगढ़)। भुरकुंडा पंचायत भवन में आयोजित 74वां वन महोत्सव कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद को खुश करने के लिए भीड़ के रूप में उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लाना दु:खद है। विधायक को अब ये समझना होगा की समाज में उनकी स्वीकार्यता कम हो गई है। इस घटना से ये स्पष्ट होता है की विधायक के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए विद्यार्थियों का इस्तेमाल किया गया है। उक्त बातें आजसू के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने गुरूवार को प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में मैंने जिला शिक्षा अधीक्षक से बात की तो उन्होंने कहा की शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालय के बच्चों को उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने का कोई विभागीय आदेश जारी नहीं किया गया था। सिन्हा ने कहा कि चिलचिलाती धूप में विधायक के स्वागत के लिए गैर विभागीय कार्यक्रम में बच्चों को भीड़ का हिस्सा बनाकर उपस्थित कराना निंदनीय है। श्री सिन्हा ने शिक्षा विभाग इस मामले पर ठोस विभागीय कार्यवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्राचार्य बच्चों को उक्त स्थल पर लाने वाले शिक्षक, संबंधित जो भी लोग इसके दोषी हैं उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए।

बगोदर : सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

बाबाधाम से पूजा कर हजारीबाग लौट रहे थे पांच कांवरियां

खबर मन्त्र संवाददाता

बगोदर के घड़ी मोड़ के समीप हुआ हादसा, तीन घायल

रोते बिलखते मृतक के परिजन।

हजारीबाग। हजारीबाग के बगोदर में भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई है, जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। मृत भाईयों की पहचान संतोष केसरी और दीपक केसरी के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार दोनों भाई देवघर से पूजा कर वापस आ रहे थे तभी यह भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें की दोनों भाईयों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों भाई देवघर स्थित बाबाधाम से पूजा-अर्चना कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच जैसे ही गाड़ी बगोदार के घड़ी मोड़ के पास पहुंची तभी उनकी कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परचक्खे उड़ गए। इस भीषण टक्कर में दोनों भाईयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि इस टक्कर में तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों को बेहतर ईलाज के लिये रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद बगोदर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को निकला और अस्पताल पहुंचाया। घायलो का ईलाज फिलहाल रिम्स में चल रहा है। इधर इन दोनों भाइयो का दाह संस्कार मुक्तिधाम में कर दिया गया। केशरवानी समाज के नगर अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद केशरी ने बताया कि परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। ये दोनों भाई कमाऊ सदस्य थे। इन दोनों की चार बेटियां और एक बेटा है। इन लोगों की पढाई और शादी के लिए समाज को आगे आना होगा। हम मदद के लिए सदर विधायक से मिलेंगे ताकि इनलोगों की पढाई और पालन पोषण में दिक्कत न हो। समाज को ऐसे वक़्त में मदद करने की जरूरत है।

सीसीएल कर्मी की सड़क हादसे में मौत

चरही। उल्हारा के पास परेज से डियूटी कर वापस प्रेमनगर लौट रहे सीसीएल कर्मी की बुधवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दीपन कुमार दास (डिस्पैच क्लर्क) करीब 9.15 बजे परेज से डियूटी कर बाइक जेएच 11 एल/5400 से आवास प्रेमनगर लौट रहे थे। उल्हारा के पास बाइक का संतुलन बिगड़ गया और पीछे से एक हाइवा ने टक्कर मार दिया, वे सड़क पर गिर गए। माथे में गंभीर चोट लगने के कारण काफी खून बह गया।जब इस घटना की जानकारी कर्मियों को मिली तो घायल कर्मी को एम्बुलेंस के माध्यम से तत्काल इलाज के लिए नईसराय अस्पताल रांची रोड़ भेजा गया।अस्पताल जाने के क्रम में कर्मी की मौत हो गई।इस सूचना को मिलते ही सारे कर्मी एकजुट होकर कोलियरी के सभी कार्यों बंद कर दिया।

कर्मियों की मांग है कि प्रबंधन मृतक के परिजन को तत्काल नौकरी और मुआवजा दिया जाय। जब-तक प्रबंधन मांगों को पूरा नहीं करती है।तब-तक कोलियरी के सभी कार्य बंद रहेगा।खबर लिखे जाने तक प्रबंधन इस पर कोई निर्णय नहीं कर पाई है।कोलियरी सभी कार्य बंद पड़े हैं।

जेएम कॉलेज में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज के सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य विद्यानंद तिवारी एवं संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह ने की। भारत सरकार के आजादी के अमृत काल में युवा खेल मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं दर्जनों स्वयंसेवक शामिल हुए। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य आयोजन 8 और 9 अगस्त को दिल्ली में होना है। चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय ने महाविद्यालय पहुंचकर सोनाली सिंह एवं ड शीला सिंह को पंचायत में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। मुखिया विकास पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा चीफ हाउस पंचायत में कई उत्कृष्ट कार्यक्रम किए गए हैं जो सराहनीय कार्य है।

पुंडी खदान जल्द होगी चालू : रामबाबू

कुजू। सीसीएल मुख्यालय के डायरेक्टर टेक्निकल ऑपरेशन रामबाबू प्रसाद ने गुरूवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की टीम के साथ क्षेत्र के करमा, पुंडी व आरा परियोजना पहुंचे। इस दौरान करमा में उन्होंने अधिकारियों से खान से जुड़े कई समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने खराब स्थिति के बीच उत्पादन हो रहे कोयले के लिए अधिकारियों के कार्य का सरहाना किया। उन्होंने बताया कि इस बार डीओ होल्डरों को ई ऑक्शन में कोयला ज्यादा दिया जायेगा। इधर उन्होंने पुंडी में खदान का निरीक्षण करते हुए बताया कि दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच में परियोजना का विस्तारीकरण का कार्य चालू किया जाएगा। न्होंने महाप्रबंधक व पीओ से विस्तारीकरण को लेकर मुख्यालय आने की निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जब तक डुमरबेड़ा पूरी तरह से खाली नहीं होता तब तक आरा परियोजना का विस्तारीकरण का कार्य चालू नहीं किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने तत्काल सीसीएल के सर्वेयर से मुरपा स्थित अधिग्रहित जमीन का मार्किंग करने का निर्देश दिया।मौके पर महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा, परियोजना पदाधिकारी पवन कुमार, खान प्रबंधक संजय सिंह, सेफ्टी ऑफिसर चंद्रवीर नारायण, एसओपी गिरीश चंद्रा, एडिशनल जीएम ऑपरेशन बीपी गुप्ता, एसओपी माइनिंग एके सिंह, कार्मिक प्रबंधक भूषण यादव, सर्वेयर एसके सिंह के अलावे रतन प्रसाद, एसओ माईनिंग अजीत सिंह, आरा पीओ ओपी सिंह, पर्सनल मैनेजर भुषण यादव, परशुराम सिंह, आशुतोष, मुरली मनोहर, एनके प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

पौधा की सुरक्षा भी जरूरी : अंबा प्रसाद

भुरकुंडा पंचायत में लगाये गये फलदार व छायादार वृक्ष के 700 पौधे

भुरकुंडा (रामगढ़)। वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन विभाग झारखण्ड के तहत पतरातू वन प्रक्षेत्र और रामगढ़ वन प्रमंडल के तत्वावधान में गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत प्रांगण में पूरे धूमधाम से समारोह पूर्वक 74वां वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएफओ नीतिश कुमार और संचालन आरएफओ पतरातु एके चौधरी एके चौधरी ने किया। वहीं स्वागत भाषण मुखिया अजय पासवान ने दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने किया। इससे पूर्व अतिथियों का सांस्कृतिक नृत्य व गीत के साथ स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद किन्नर समाज द्वारा विधायक अम्बा प्रसाद का फूल माला पहनाकर व मुखिया अजय पासवान ने बुके देकर जोरदार स्वागत किया। विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, वन विभाग के अधिकारी डीएफओ नीतिश कुमार ने पौधारोपण किया। इसके बाद लगभग 700 फलदार व छायादार पौधे लगाकर इसके संरक्षण का भी संकल्प लिया। विधायक ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही काफी नहीं इसकी सुरक्षा भी जरूरी है। प्राकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। मौके पर पूर्व पार्षद दर्शन गंझू, वरिष्ठ कांग्रेसी चमन लाल, विधायक प्रतिनिधि अमित साहू, राजकिशोर पांडेय, सुजीत पटेल, योगेन्द्र सिंह खरवार, अंजन प्रसाद, प्रेम विश्वकर्मा, रेणुका दास, लखन राम, चंदन साव, आजाद भुंइया, संजय मिश्रा, विश्वरंजन सिन्हा, अनिल पासवान, उपमुखिया संजीत राम, पंसस दीपक कुमार भुइया, घुटवा पंसस हफरीद अंसारी, रोशन पासवान, रॉवेल एक्का, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

पौधरोपण कर बच्चों की तरह करें देखभाल : रीता देवी

जिप उपाध्यक्ष रीता देवी ने कहा कि जंगलों के कटाई के कारण प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप दिनप्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से जंगल को कम से कम नुकसान पहुंचाने की अपील की। साथ ही उन्होंने अधिक से पौधे लगाकर अपने बच्चों की तरह देखभाल करने की भी अपील की। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से एक एकड़ की जगह कम जमीन वाले लोगों को आम बागवानी की सुविधा देने की अपील की।

एक पेड़ सौ पुत्र के समान : कौशल्या

कौशल्या देवी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। बेहतर भविष्य के लिए पर्यावरण को संतुलित रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होते हैं, इसलिए हमसबों का अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

पतरातु प्रखंड में लगेगा दो लाख पौधा : डीएफओ नितिश कुमार ने बताया कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने व हरियाली के लिए पूरे पतरातू प्रखंड लगभग 2 लाख छायादार, फलदार व औषधीय किस्म के पौधे लगाए जायेंगे।

एक नजर में

लठियां से कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

बरही। लठियां गांव से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान मुहल्ले वासियों ने हर-हर महादेव का जयघोष लगाकर कांवरियों को रवाना किया। इससे पूर्व कांवरियों ने मंदिर में मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशियाली व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के ॐ नम: शिवाय, बोल बम आदि भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। कांवरियों ने बताया कि सुल्तानगंज से गंगा जल भरकर देवघर स्थित वैद्यनाथ महादेव मंदिर के लिए रवाना होंगे। जहां शिव का जलाभिषेक करेंगे। सभी कांवरियों को पंसस संतोषी कुमारी ने अंग वस्त्र देकर रवाना किया। देवघर रवाना होने वालों में विकास कुमार, लक्ष्मण यादव, राजेश राणा, अशोक यादव, संदीप कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, राजेश यादव, राजदेव यादव, सुबोध यादव, सिंटू पंडित, सुनील यादव, अवधेश यादव, रंजीत राणा, पिंकी कुमारी, कौशल्या देवी, रीना देवी, संजय यादव, अर्जुन यादव आदि शामिल हैं।

बाबूलाल से मिले सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव

बरही। भाजपा के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने शिष्टाचार मुलाकात किया। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान गणेश यादव ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भगवा गमछा ओढ़ाकर व बुके देकर दिल्ली से रांची लौटने पर उनका स्वागत किया। मुलाकात के दौरान गणेश यादव ने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से विस्तार पूर्वक बातें हुईं। इस दौरान उन्होंने बताया कि बरही विधानसभा में इस बार पार्टी की जीत सुनिश्चित है। पार्टी की जीत को सुनिश्चित कराने के लिए हरेक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जुट गए है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से बरही विधानसभा में स्थानीय व्यक्ति को टिकट देने का आग्रह किया।

विष्णुगढ़ : पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

विष्णुगढ़ । भेलवारा पंचायत के बन्हे पुरनापानी मैदान में पोडया और पला पतितरी बारकट्ठा के बिच पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का मुखिया लक्ष्मी देवी ने किक मार कर उद्घाटन किया। पहला दिन 2.0 से विष्णुगढ़ प्रखंड के जोरिया जाता । मुखिया ने कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है जिससे मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर कुमार महतो, सारो देवी, साबित देवी, चेतलाल महतो, अर्जुन महतो, अर्जुन बेसरा, विजय मरांडी समेत कई लोग मौजूद थे।

पारतुंबा में लगा फलदार और औषधीय पौधा

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग की एनएसएस इकाई की ओर से गुरुवार से गांव लिए गोद पारतुंबा में कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान शुरू किया. इस मौके पर एनएसएस के कार्यकताओं के साथ व्याख्याताओं और प्राचार्य ने भी गांव में जगह-जगह साफ-सफाई की। वहीं गांव में आम, नीम, आंवला, अमरूद, एलोवेरा, गेंदा, चमेली समेत करीब 30 से अधिक फलदार और औषधीय पौधे लगाए। साथ ही नवप्राथमिक विद्यालय पारतुंबा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शकुंतला कुमारी समेत ग्रामीणों के बीच पौधे भी बांटे। एनएसएस इकाई की सह समन्वयक पुष्पा कुमारी व गुलशन कुमार के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। स्कूल में टीचिंग लर्निंग मेटेरियल भी बांटे गए। महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने स्कूली बच्चों को खेल-खेल में पढ़ना सिखाया। वहीं विद्यालय के बच्चों ने भी कविता व गाने सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण को बचाए रखने की जिम्मेवारी पूरे समाज की है। पौधे सिर्फ शुद्ध वायु ही नहीं देते, बल्कि संपूर्ण पर्यावरण को संतुलित करते हैं। मौके पर सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजली, संदीप कुमार खलको, संदीप कुमार सिन्हा आदि ने भी सहयोग किया।

आजसू कार्यकर्ता सम्मेलन 16 को

विष्णुगढ़। गुरुवार को अजसू पार्टी ने विष्णुगढ़ ब्लॉक रोड स्थित महादेव देहाती के आवास में पार्टी के केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार 16 जुलाई को होने वाले लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एक बैठक रखी गई जिसमे मुख्य अतिथि रूप में मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी प्रखंड कमिटी के सभी पदाधिकारी,महिला मोर्चा के प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी पंचायत स्तरीय महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारी अनुसांगिक इकाई के सभी पदाधिकारियों एवं सभी पंचायत के अध्यक्ष,सचिव की उपस्थिति अनिवार्य है। सम्बंधित बातों की जानकारी प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल ने दी।

डीसी ने अदाणी फाउंडेशन को किया सम्मानित

बड़कागांव। उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अदाणी फाउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड में पहले चरण के तहत टीबी के 60 मरीजों को गोद लिया था, जो स्वस्थ हो गए। अब दूसरे चरण के तहत टीबी के 70 मरीजों को गोद लिया गया है, जिन्हें हर महीने पोषण किट अदाणी फाउंडेशन की ओर से दिया जा रहा है। यह किट मरीजों को अगले छह महीनों तक के लिए प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड में लगातार सीएसआर के तहत हो रहे कार्यों की सराहना की गई। मालूम हो कि अदाणी फाउंडेशन की ओर से प्रखंड में अंतर्गत विभिन्न गांवों में लगातार नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, मुफ्त दवा वितरण और नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

दारू से कई कांवरियां बाबाधाम हुए रवाना

दारू। गुरुवार को दारू बक्शीडीह, दारू खैरिका, झुमरा सहित कई अन्य जगहों से भक्तो की टोली गाजे बाजे के साथ निकली ' बक्शीडीह के पुराना दुर्गा मंडप से दो गाडयों से भक्तों की टोली निकली जिन्हे बिदा करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। सुल्तानगंज जाने वालों में भैया अखिलेश कुमार, रौशन सिन्हा, राजन सिन्हा, राहुल सिन्हा, विकाश कश्यप, शिशिर कुमार, आरती सिन्हा , स्मिता सिन्हा, मनोज कुमार आदि शामिल थे।

दुकान में चोरी करने वाला मास्टरमाइंड धराया

हजारीबाग। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत क्लब फार्मा महालक्ष्मी सर्जिकल और चोपड़ा मेडिकल में चोरी किया जाने वाला भी अभियुक्त सूरज राम निवासी धनबाद गली सरदार चौक को मामला 304 ऑब्लिक 23 दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है'वही 2022 शेख भिखारी हॉस्पिटल ऑक्सीजन गैस पाइप चोरी मामले में पहले भी यह युवक जेल जा चुका है।

हेल्थ केयर और मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में जॉब की कमी नहीं

जॉब ग्रोथ

10 साल में 22 से 30% तक रहने की संभावना है

हेल्थ केयर सेक्टर में बडे-बडे प्राइवेट ग्रुप भी कदम रख रहे हैं, जिसके चलते लेटेस्ट फैसिलिटीज से लैस नए-नए हॉस्पिटल खुलते जा रहे हैं। मेडिकल टूरिज्म का कॉन्सेप्ट अब महानगरों के बाद टू-थ्री टीयर सिटी में आकार ले रहा है। ऐसे में बायो-मेडिकल इंजीनियर्स की डिमांड आने वाले समय में और भी बढने की उम्मीद है। चांस मेडिकल इंस्ट्रूमेंट मैन्युफैक्चरिंग, ऑर्थोपेडिक एंड री-हैबिलिटेशन इंजीनियरिंग, मॉलक्यिूलर इंजीनियरिंग की कई ब्रांचेज में बायोमेडिकल इंजीनियर के लिए जॉब के चांसेज हैं। कॉरपोरेट सेक्टर्स में भी इनके लिए अवसर हैं। बीपीएल, लार्सन एंड टूब्रो, विप्रो मेडिकल और सिमेंस जैसी कंपनियां तो योग्यता और अनुभव के आधार पर इस तरह के प्रोफेशनल्स को अपने सेल्स और मार्केटिंग डिपार्टमेंट में नियुक्त तो करती ही हैं, साथ ही कई दूसरे डिपार्टमेंट्स में भी इनकी काफी डिमांड है।

आप्टोमेट्री के एक्सपपर्ट

फोर्ब्स की टॉप टेन लिस्ट में शामिल ऑप्टोमेट्री की जॉब ग्रोथ रेट आने वाले सालों में 33 परसेंट तक रह सकती है। आंखें हमारी बॉडी का सबसे महत्वपूर्ण पार्ट हैं। यही हमें दुनिया के रंग दिखाती हैं। इस कारण इनकी केयर हम सभी की प्रॉयरिटी रहती है। आंखों की बेहतर देखभाल कैसे की जाए, यह हमें ऑप्टोमेट्रिस्ट ही बताते हैं। इसके लिए इन्हें स्पेशल ट्रेनिंग दी जाती है। इससे रिलेटेड कोर्स करके इस फील्ड में भी करियर बना सकते हैं। यूएस समेत इंडिया में भी इनकी काफी डिमांड है।

कोर्स ऑप्शन

इसमें करियर बनाने के लिए ऑप्टोमेट्री में बैचलर डिग्री या बीएससी अथवा डिप्लोमा कोर्स करना जरूरी है। सभी कोर्सेज में एंट्री के लिए हायर सेकेंडरी साइंस स्ट्रीम फिजक्सि, केमस्ट्री, मैथमेटिक्स या बायोलॉजी व अंग्रेजी के साथ कम से कम 50 फीसदी अंक से पास होना जरूरी है। डिप्लोमा कोर्स दो वर्ष का और बैचलर डिग्री चार वर्ष का है। इसमें तीन साल का कोर्स और एक साल की इंटर्नशिप करनी होती है। इंटर्नशिप के पीरियड में स्टूडेंट को किसी क्लीनिक या हॉस्पिटल में आई स्पेशलिस्ट की कमांड में वर्क करना होता है।

क्या करना होता है

ये आंखों की देखभाल और आई टेस्टिग में यूज आने वाले इंस्ट्रूमेंट्स के रख-रखाव के स्पेशलिस्ट हैं। ये आई टेस्टिग करके चश्मा अथवा लेंस लगाने की एडवाइज भी देते हैं। ये आंखों की डिजीज, कलर ब्लाइंडनेस, दूर व पास देखने की प्रॉब्लम आदि का भी पता लगाते हैं।

वेतनमान

किसी अच्छे इंस्टीट्यूट से कोर्स करने के बाद शुरुआती दौर में 10 से 15 हजार रुपये तक मिल जाते हैं। जैसे-जैसे इस फील्ड में एक्सपीरियंस बढता है और क्वालिटी निखरती है, सैलरी भी उसी अनुपात में बढती चली जाती है।

करियर की संभावना

भारत में कोर्स करने के बाद जॉब की कोई कमी नहीं है। सरकारी और निजी हॉस्पिटल्स, नर्सिंग होम में करियर की संभावना तो हैं ही, साथ ही आप अपना आई क्लीनिक, ऑप्टिकल लेंस मैन्यूफैक्रिंरिंग यूनिट आदि भी खोल सकते हैं। इसके अलावा कॉन्टैक्ट लेंस और ऑप्थेल्मिक लेंस इंडस्ट्री और विभिन्न डिपार्टमेंट्स के आई डिवीजन में वर्क कर सकते हैं। आंख के डॉक्टरों को ट्रेंड असिस्टेंट की जरूरत होती है, जो प्रोफेशनल तरीके से चश्मा, लेंस और अन्य नेत्र संबंधी उपकरण बना सकें। सरकारी रूल्स के मुताबिक ऑप्टिकल्स शॉप में केवल ट्रेंड ऑप्टीशियन को ही रखने का प्रॉविजन है।

मुख्य संस्थान

- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली
- जामिया हमदर्द, फैकल्टी ऑफ मेडिसिन, हमदर्द नगर, दिल्ली
- स्कूल ऑफ ऑप्टोमेट्री : गांधी नेत्र अस्पताल, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
- स्कूल ऑफ ऑप्टोमेट्री : जनकल्याण नेत्र अस्पताल, लखनऊ
- सीतापुर आई हॉस्पिटल, सीतापुर
- वीबीएस पूर्वांचल यूनिर्विसटी, उत्तरप्रदेश
- इंदिरा गांधी इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस, पटना
- पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पटना
- गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, पटियाला
- मेडिकल कॉलेज, अमृतसर
- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्टोमेट्रिक साइंस, कोलकाता

विवेक मन्त्र

उत्साह जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है। उत्साह सही चिंतन से सही संगत से और सही मार्गदर्शन से पैदा होती है। राष्ट्र के निमार्ण के लिए युवाओं में उत्साह का होना अनिवार्य है। भारत माता की पुकार निराश युवाओं द्वारा नहीं सुनी जा सकती है। इसके लिए हमे युवाओ की उत्साही समूह चाहिए जो देश का निर्माण करें।

स्वामी विवेकानंद

एडमिशन एलर्ट

सवाल-क्या बीआईटी मेसरा में फार्मेसी की पढ़ाई होती है।

चितरंजन कुमार शर्मा रामगढ़

जवाब : बीआईटी मेसरा में फार्मेसी की पढ़ाई होती है। इसके लिए एडमिशन टेस्ट होता है जिसकी सूचना मार्च-अप्रैल में प्रकाशित होती है।

सवाल- क्या प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करके सेना की नौकरी ज्वाइन कर सकते हैं। विशाल खूंटी

जवाब : किसी भी प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज जिसका एनसीटीई से मान्यता प्राप्त हो वह सरकारी नियमों के तहत संचालित होता है। इसलिए आप सेना के वैसे नौकरी जो इंजीनियरिंग कोर का हो या ग्रेजुएशन के किसी भी संकाय का हो उसमें आवेदन कर सकते हैं। शारीरिक रुप से स्वस्थ्य होना भी आवश्यक है।

सवाल- क्या सिक्मिम मणिपाल यूनिवर्सिटी की मान्यता है।

जयंत जमशेदपुर, रानी रांची

जवाब : सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी का मामला न्यायालय में चल रहा है। इस संबंध में यूनिवर्सिटी को एडमिशन और परीक्षा लेने की अुनमति दे दी गई है। निजी यूनिवर्सिटी की मान्यता संबंधित मामलों पर सर्वोच्च न्यायालय संबंधित काउंसिल की कार्रवाई पर सवाल खड़ा कर चुका है।

सवालः रेलवे का साइको टेस्ट क्या है?

अविनाश धनबाद

जवाबः लोको पॉयलट के लिए यह अनिवार्य टेस्ट है। इसके लिए ब्रिक टेस्ट सहित अन्य कई प्रकिया जिसमें कलर ब्लाइंडनेस शामिल है उससे गुजरना अनिवार्य है। यह टेस्ट सिर्फ रेलवे के लोको पॉयलट के लिए है रेलवे के दूसरी परीक्षा के लिए नहीं है।

करियर जोन

सवालः जेपीएससी में सफल होने में क्षेत्रिय भाषाओं का आधार क्या है? **अनिता एक्का लोहदगा**

जवाब : ऐसा नहीं है क्योंकि पीटी में सामान्य अध्ययन की ही परीक्षा होगी जो दौ सौ अंक की होगी। इसमें पास होने के बाद ही आप मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकेगी। विषयों के चयन से तैयारी को सही दिशा मिलती है इस कारण उन्ही विषयों का चयन करें जिनकी पाठ्य सामग्री उपलब्ध है।

सवालः आई टी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कौन से जाब्स हैं?

शिप्रा रांची

जवाब : बेव डिजाइनर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, हार्डवेयर इंजीनियर, नेट वर्किंग, सहित वीपीओ और केपीओ के क्षेत्र में सबसे ज्यादा जाब्स है। मोबाइल रिपेयरिंग के ट्रेनिंग में भी कम पूंजी में अपना रोजगार खोल पा रहे हैं।

सवाल : बैंकिंग पीओ के लिए कंप्यूटर शिक्षा कितना आवश्यक है।

अनिकेत बोकारो

जवाब : कंप्यूटर फंडामेंटल की जानकारी पर्याप्त है। अनिवार्यता समाप्त कर दी गयी है।

व्हाट्स अप नबंर 9934345750 पर अपना सवाल भेज सकते हैं आपके सवाल का जवाब हम खबर मन्त्र में प्रकाशित करेंगे।

जॉब एलर्ट

रेलवे में भर्ती

रेलवे रिक्रूटमेंट सेल वेस्टर्न रीजन (आरआरसीडब्ल्यूआर) ने अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए भर्ती निकाली है। इसके जरिए वेस्टर्न रीजन की ओर से 3,624 अप्रेंटिस की नियुक्तियां की जाएंगी। भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 27 जून से शुरू हुई है। आवेदन की आखिरी तारीख 26 जुलाई, 2023 है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन प्रक्रिया

सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद भर्ती लिंक पर क्लिक करें। लॉगिन आइडी और पासवर्ड के माध्यम से फॉर्म भरें और फीस जमा करें। इसके बाद डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें और सबमिट करें। भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को 100 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा। अनुसूचित जाति-जनजाति, पीडब्ल्यूडी और महिला अभ्यर्थियों को शुल्क में पूर्ण छूट प्रदान की गई है।

अनिवार्य योग्यता

रेलवे में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम योग्यता 10 वीं पास रखी गई है, जिसे उन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा एनसीवीटी या एससीवीटी से मान्यता प्राप्त संबंधित ट्रेड में आइटीआइ सर्टिफिकेट भी होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए नोटिफिकेशन देखें।

15 से 24 साल आयुसीमा

इन पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की आयु 15 से 24 साल होनी चाहिए। आयु की गणना 26 जुलाई, 2023 के आधार पर की जाएगी। अनुसूचित जाति, जनजाति को अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष और ओबीसी के आवेदकों को अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट जाएगी। वहीं पीडब्ल्यूडी और एक्स सर्विसमैन को अधिकतम आयु सीमा में दस वर्ष की छूट दी जाएगी। पात्रता संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व आधिकारिक नोटिफिकेशन को अच्छी तरह से पढ़ लें।

मेरिट के आधार पर होगा चयन

आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर होगा। मेरिट लिस्ट हाईस्कूल और आइटीआइ में मिले अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। कोई भी लिखित परीक्षा या इंटरव्यू का आयोजन नहीं होगा। नियुक्ति का यह एक बड़ा अवसर है।

विदेशी भाषा में भी है करियर

चाइनीज भाषा बन रही पसंद

सुधांशु कुमार

जैसे जैसे नई तकनीक विकसित हो रही हैं, वैसे वैसे दुनिया भर में सभी देशों के बीच व्यापारिक संबंध भी नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। दुनिया के विकसित राष्ट्रों में से एक चीन ने भी अन्य देशों की तरह भारत के विशाल बाजार में अपनी पैठ जमाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं और उसके कई उत्पाद भारत सहित दुनिया के कई देशों में उपलब्ध हैं। ऐसे में चीनी भाषा का ज्ञान निश्चित ही रोजगार के नये अवसर पैदा कर सकता है। केरल में विदेशी भाषा जानने को उत्सुक लोगों में 60 प्रतिशत लोग चीनी भाषा जानना चाह रहे हैं। खाड़ी और यूरोपीय देशों में आई मंदी के बाद चीन विदेशी रोजगार वाला संभावित देश बन कर उभरा है,जहां की कंपनियां विदेश जा रही है। भारत में भी आने वाली चीनी कंपनियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारत चीन की सांस्कृतिक दोस्ती बौद्ध धर्म के कारण हजारों वर्ष से है।

70 प्रतिशत छात्र झारखंड-बिहार के

भाषा सदैव से व्यापार बढ़ाने में सहयोगी रहा है। विनोबा भावे का कहना था कि किसी व्यक्ति की प्रांरभिक शिक्षा मातृभाषा में बाद की शिक्षा राजकीय भाषा और उसके बाद उसे एक अतिरिक्त विदेशी भाषा का ज्ञान होना ही चाहिए, चाहे वह किसी भी पद या कार्य पर रहे। मानव मस्तिस्क तीन भाषा को आसानी से सीखने में सक्षम है। आज विदेशी भाषा बड़ी संख्या में अवसर पैदा कर रहा है। अनुवादक से लेकर कंपनी के एचआर तक की नौकरी और बीपीओ से लेकर आयात-नियात,टूरिस्ट गाईड जहाजरानी कंपनियों में इसका उपयोग हो रहा है। भारतीय विद्या भवन दिल्ली में चाइनीज पढ़ने वाले 70 प्रतिशत छात्र झारखंड-बिहार के हैं। दस हजार से ज्यादा छात्र चीन जाकर मेडिकल सहित अन्य कोर्स करते हैं जिन्हें चीनी भाषा मंदारिन सिखना होता है। 12वीं के बाद सीबीएसई चीनी भाषा पढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

चीन एशिया का महत्वपूर्ण राष्ट्र है। यह भारत में अपने पूंजी निवेश का लगातार प्रयत्न कर रहा है और इस क्षेत्र में उसकी कई कंपनियां भारत में अपनी धाक जमाने में सफल हो रही हैं। चीन का जीडीपी दुनियां में सबसे ज्यादा है।

इन कंपनियों में मुख्यतः संगीत वाद्य यंत्र और खिलौनों की कंपनियां हैं। इन कंपनियों को अपना सामान बाजार में मजबूती से स्थापित करने के लिए अपनी भाषा में दक्ष उद्यमियों की आवश्यकता होती हैं जो उन्हें भारत के विषय में जानकारी उपलब्ध करा सकें। चीन में अंग्रेजी भाषी लोगों की कमी है। इसके लिए दुभाषियों की आवश्यकता होती है जो उनके वार्तालाप को दूसरी भाषाओं में परिर्वितत कर दूसरे राष्ट्र के प्रतिनिधियों को समझा सकें और उनकी बातों की अपनी कंपनी के प्रतिनिधि को समझ सकें।

चीनी भाषा सीखने के बाद अनुवादक के रूप में भी करियर बनाया जा सकता है क्योंकि चीनी सरकार से सम्पर्क बनाए रखने के लिए चीनी भाषा में ही पत्र व्यवहार आवश्यक माना जाता है। चीन के पर्यटक भारत में 'गया' और 'सिक्किम' जाने को अपना सबसे बड़ा तीर्थ समझते हैं। इन पर्यटकों के कार्यों को असानी से सम्पन्न करने के लिए टूरस्टि गाइडों की मांग हमेशा बनी रहती है। अन्य देशों के साथ चीन के लगातार बढत्ते व्यापारिक संबंधों के मद्देनजर चीनी भाषा के जानकारों के लिए करियर बनाने के बहुत अवसर हैं। वर्तमान में ऐसे लोगों की काफी मांग है, जो चीनी भाषा के साथ अंग्रेजी का भी ज्ञान रखते हैं।

पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़, जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी नई दिल्ली, सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड,जामिया मिलिया इस्लामिया अलीगढ़, सहित देश के सभी बड़े शहरों में निजी संस्थानों द्वारा चीनी भाषा जो मूल रूप से मंदारिन के नाम से जानी जाती है वहां इसके सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स की पढ़ाई होती है।

सफलता मन्त्र

परिवर्तन स्वीकारें, सफलता पायें

परिवर्तन विश्व की वह स्थिति है जो बदलती नहीं है। परिवर्तन निश्चित है और वह होगा ही। आप पंसद करे या न करें परिवर्तन होकर ही रहेगा। जो व्यक्ति स्वयं को परिवर्तित नहीं करता वह जीवन में हार जाता है। परिवर्तन उसे पीछे छोड़ देता है। यही कारण है कि समाज इसी के सहारे आगे जाताहै और जो इसके सहारे आगे नहीं जाते वे पिछड़ जाते हैं। प्रसिद् वैज्ञानिक हॉकिन्स ने कहा था परिवर्तन के साथ समझौता करना और उसे अपनाना ही बुद्मिानी है। आज के युवा वर्ग में लड़के-लड़कियों में दोस्ती और विवाह आज कल आम है। प्रेम विवाह प्रचलित हो रहा है लोग इसे अपना भी रहे हैं। पर एक जान पहचान के प्रोफेसर अपनी बेटियों को कड़ाई में रखते, किसी से बात करना और मिलना जुलना उन्हें पंसद नहीं था। वे बच्चों से बात नहीं करते थे। इसका परिणाम यह हुआ कि बच्चियां भ्रमित और कुंठाग्रस्त होकर विद्रोह कर दी। पिता के विपरीत जाकर प्रेम विवाह कर लिया। सवाल है कि समाज में हो रहे परिवर्तन से सभी को परिचित होना चाहिए विशेषकर युवाओं को अवश्य समझना चाहिए। विश्व में कई बड़ी कंपनी जो अपने आप को परिवर्तित नहीं कर सकी वह बंद हो गयी। भारत में वेस्पा स्कूटर कंपनी बेहतर स्कूटर बना रही थी लेकिन युवाओं की रूचि वाईक में थी यह बात वेस्पा कंपनी नहीं समझ सकी। वहीं बजाज कंपनी ने इस बात को समझा और स्कूटर उत्पादन बंद कर पूरा ध्यान मोटरसाइकिल पर लगाया जिससे वह आज भी बेहतर स्थिति में है। हम स्थितियों के अनुसार स्वंय को बदल सकेंगे उतना ही जल्दी हम सफल होंगे।

अजयदीप बाधवा
मोटिवेटर सह सीए

जॉब अलर्ट

कैसे बनते हैं प्रशासनिक अधिकारी, क्या है उनकी सेवा और शर्तें

अनल कुमार

भारतीय नागरिक सेवा के तहत आईएएस ऑफिसर का चयन किया जाता है। यह नौकरी के लिए भारत की सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। आईएएस ऑफिसर भारतीय नौकरशाही में टॉप पर होता है। इससे ऊपर केवल केवल मंत्री होते हैं। भारत में ऑल इंडिया सर्विस के तहत तीन टॉप अफसर चुने जाते हैं जिसमें कअर, कढर और कऋर शामिल हैं। सिविल सर्विस परीक्षा में टॉप रैंक आईएएस पाने वाले ही आईएएस चुने जाते हैं। इनके जिम्मे देश चलाने का अधिकार होता है। सिविल सर्विस परीक्षा देने के लिए किसी भी आवेदक का ग्रेजुएट होना जरूरी है।

कैसे करें आइएएस की तैयारी

-सिविल सर्विस परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यूनतम उम्र 21 वर्ष है अगर कोई इस परीक्षा में शामिल होना चाहता है तो उसे कम उम्र से ही इसकी तैयारी कर देनी चाहिए। ध्यान रहे कि सामान्य वर्ग के आवेदक अधिकतम 32 वर्ष की उम्र तक 6 बार इस परीक्षा में हिस्सा ले सकता है। इसके लिए पढ़ाई के साथ कोचिंग ली जा सकती है। दसवीं के बाद सिविल सर्विस की पढ़ाई पर फोकस शुरू कर देना चाहिए।

-रोज अखबार और मैगजीन जरूर पढ़ें इनसे आप करंट अफेयर्स को लेकर जागरुक रहेंगे। साथ ही किसी विषय की तैयारी करने में आपको ज्यादा रिसर्च की जरुरत नहीं पड़ेगी।

-दसवीं के बाद उस विषय को चुनें जिसमें आपकी रूचि हो और जिसे आप सिविल सर्विस के दौरान चुन सकें। पसंद का विषय होने से आपको तैयारी में भी आसानी होगी।

-अपने समय को मैनेज करें। अपना एक रूटीन बनाएं और उसी के हिसाब से तैयारी करें। अनावश्यक कामों में अपना समय बर्बाद न करें।

-यूपीएसई की परीक्षा में कुल 25 विषयों में से अपना विषय चुनना होता है। विषय वही चुनें जिसमें पढ़ाई करना आपके लिए आसान हो। नियमितता और सही विषयों का चयन करें। दस लाख से अधिक तेज युवाओं के बीच प्रतिस्पर्धा होती है।

क्या करता है आईएएस ऑफिसर

नीतियों को लागू करना और उनका पालन करवाना मुख्य रूप से आईएएस का काम होता है। जिले में आईएएस जिला मजिस्ट्रेट, कलेक्टर या कमिश्नर हो सकता है। इसके अलावा पद बढ़ने पर कैबिनेट सेक्रेटरी, जॉइंट सेक्रेटरी, अंडर सेक्रेटरी , डिप्टी सेक्रेटरी आदि पद भी मिलते हैं। भारत में नौकरशाही का टॉप पद कैबिनेट सचिव का होता है जो संसद के प्रति जवाबदेह होता है। इसके अलावा आईएएस ऑफिसर को सरकार के विभिन्न विभागों, कंपनियों, बोर्ड आदि का प्रमुख भी बनाया जाता है जैसे देश के केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, आरके सिंह प्रशासनिक अधिकारी रहें हैं।

स्पीड न्यूज

इंटर में नामांकन शुरू कराने की मांग

गुमला। मिशन बदलाव के सदस्यों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कार्तिक उरांव कॉलेज में इंटर में नामांकन की मांग की है। मिशन बदलाव के जितेश मिंज ने कहा कि सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड रांची के ज्ञापक 1523 में पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि अंगीभूत एवं डिग्री संबंध कॉलेजों में सत्र 2023-2025 इंटरमीडिएट कक्षा में विद्यार्थियों का नामांकन लेना सुनिश्चित किया है। लेकिन अब तक नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। जिसपर तत्काल कार्रवाई करते हुए नामांकन आरंभ कराने की मांग की।

जारी पत्र को निरस्त करने की मांग

घाघरा। मुखिया संघ घाघरा ने बीडीओ को आवेदन सौंप प्रखंड में 15वें वित्त आयोग योजना में बोर्ड सप्लाई का पूर्व में जारी पत्र निरस्त करने की मांग की है। संघ ने कहा कि पूर्व में प्रखंड कार्यालय ने 15वें वित्त आयोग की योजना में बोर्ड लगाने के लिए पत्र सप्लाई जारी किया था जो योजना स्थल पर बोर्ड न लगकर लाभुकों के घर के इर्द-गिर्द छोड़ दिये जाते थे। मौके पर संघ के अध्यक्ष राजेश बड़ाईक, मुखिया चांदनी देवी, फिरंगी उरांव, लोदो एक्का, बिनीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

पेसरार में आजसू के ग्राम प्रभारी गठित

लोहरदगा। जिला आजसू ने पेशरार प्रखंड में पार्टी को मजबूत करने के लिए ग्राम प्रभारी का गठन किया। कहा गया कि ग्राम प्रभारी गठन का मूल मकसद अंतिम व्यक्ति तक कमल किशोर भगत के सपनों को पहुंचाना। आजसू सही मायने में आम लोगों की पार्टी है। लोहरदगा जिले के विकास के जो सपने स्व भगत ने देखी थी उसे पूरा करने के लिए संगठन को मजबूत करते हुए आगामी चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर ग्राम प्रभारी गठन किया गया है। मौके पर स्व भगत की पत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी तथा आजसू पार्टी की महिला उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत, महिला केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी, जिला उपाध्यक्ष हरी महली, पेशरार प्रभारी परमेश्वर भगत, पेशरार पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र उरांव, रोरद पंचायत अध्यक्ष लालू उरांव, रोरद में राजस्व ग्राम 6 एवं पेशरार में 9 ग्राम प्रभारी गठित हुई।

बैंकर्स ने ग्राहकों के साथ की बैठक

कैरो। प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में शाखा प्रबंधक रविकांत झा की अगुवई में बैंकर्स व ग्राहकों के साथ बैठक हुई। एक दूसरे से परिचय के बाद शाखा प्रबंधक ने कहा कि आज के समय में सरकार की करीब सभी योजनाओं का पैसा बैंक के माध्यम से ही लाभुकों को मिलता है। ऐसे में ग्राहक व बैंकर्स का तालमेल बेहद जरूरी है। मौके पर बिपिन सिंह, सुरेंद्र साहू, उज्ज्वल कुमार, दिलीप सिंह, शंभू सोनी भी थे।

आम बागवानी को लेकर कार्यशाला

चैनपुर। प्रखंड सभागार में मनरेगा में आम बागवानी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी पंचायतों के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, मुखिया, पंसस, बागवानी सखी सहित कई लाभुकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने बताया कि प्रखंड की 300 एकड़ जमीन पर आम बागवानी की जा रही है। बागवानी फसलें पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने में मदद करती है। इन फसलों के क्षेत्र में वृद्धि करके वायुमंडल में ऑक्सीजन और कार्बन डाइ ऑक्साइड जैसी गैसों को संतुलित बनाये रखता है। मौके पर बीपीओ कांति कुमारी, डीपीआरओ रामकुमार यादव, अमर साहू के साथ प्रखंड के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

जन्म प्रमाण पत्र बनाने को सर्वे का निर्देश

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं को जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिये अपने अपने पोषक क्षेत्र में 14 जुलाई से 14 अगस्त तक 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को सर्वे का निर्देश पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने दिया। साथ ही सर्वे कर प्रखंड कार्यालय में रिपोर्ट जमा करने को भी कहा गया। वहीं जरकर द्वारा किशोरियों के लिये संचालित योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्ध योजना के अन्तर्गत सरकारी विद्यालय में 8 वीं कक्षा से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली बच्चियों का प्रपत्र भर कर बाल विकास परियोजना कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पर्यवेक्षिका अंगनी बेक के अलावे शांता मिंज, किरण कुमारी, टिंकी देवी शहनाज बेगम, रजनी देवी, अनिता देवी, सुमरिन बानो, गीता देवी व सभी सेविकाएं उपस्थित थीं।

पेंशन एवं अन्यान्य कार्यों को लेकर सरकारी कर्मियों की बैठक 15 को

गुमला। एसएस +2 उवि गुमला में पेंशन एवं अन्यान्य कार्यों के निमित सरकारी कर्मियों की एक बैठक 15 जुलाई को होगी। जिसमें एनएमओपीएस की जिला कार्यकारिणी फिर से बनेगी। एनएमओपीएस गुमला जिला संयोजक सुमित नंद ने समस्त सरकारी कर्मचारियों से आह्वान किया है कि उक्त तिथि को भारी संख्या में उपस्थित होकर स्वच्छ लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव का कार्य सम्पन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में राज्य से पर्यवेक्षक के रूप में आनंद किशोर साहू तथा डॉ सुधांशु कुमार सिंह को प्राधिकृत किया गया है।

बिजली चोरी के खिलाफ चला अभियान

चैनपुर। झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के निर्देश पर गुरुवार को चैनपुर प्रखंड में विद्युत चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। टीम में कनीय अभियंता कृष्णा कुमार, सहायक विद्युत अभियंता हरी उरांव, प्रदीप विश्वकर्मा, अनामुल अंसारी व प्रमोद जायसवाल शामिल थे। टीम ने चैनपुर के खेपाटोली निवासी अजय कुमार गुप्ता के घर में सबसे पहले छापामारी की तो पाया कि निगम के एलटी तार से लगे घरेलू विद्युत तार से बाईपास कर विद्युत चोरी कर उसका उपयोग अपने आयुष लेडीज कॉर्नर व फैंसी गिफ्ट सेंटर में कर रहा था।

डालमिया भारत ने युवाओं को 'जय कांवर पुरस्कार' से किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची/ देवघर। भारत की अग्रणी सीमेंट निमार्ता कंपनी, डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) ने देवघर में आयोजित वार्षिक 'श्रावणी मेला 2023' में कावड़ियों के उल्लेखनीय गुणों और स्थानीय युवाओं की अदम्य भावना का जश्न मनाया। कंपनी की 'सैल्यूटिंग द एक्सपर्ट' पहल को पूर्वी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के अनुरूप देवघर के तीन प्रतिभावान युवा नायकों को 'जय कांवर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार कावड़ियों की सुदृढ़ता और डालमिया डीएसपी सीमेंट 'ढलाई एक्सपर्ट' द्वारा पेश की गई डोमेन विशेषज्ञता के बीच साझा तालमेल पर आधारित है। यह स्थानीय उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो अपने उद्देश्य और खुद पर विशेष विश्वास रखते हैं। इस वर्ष इस पुरस्कार को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया। इस प्रकार नीरज मंडल को एनईईटी में उनके शानदार प्रदर्शन के एवज में; प्रमुख व महत्वाकांक्षी एथलीट आकाश कुमार को खेल में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए और उत्साही सामाजिक कार्यकर्ता समीर मिश्रा को सामुदायिक प्रयासों के प्रति उनके समर्पित योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इन विजेताओं का चयन तीन सदस्यों वाले जूरी पैनल द्वारा किया गया। इस पैनल में संथाल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष; मारवाड़ी युवा मंच, देवघर के महासचिव और ऑल इंडिया वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के सचिव जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल थे। वार्षिक परंपरा बन चुका जय कांवर पुरस्कार इस वर्ष अपने तीसरे संस्करण में है, जो डालमिया सीमेंट और देवघर के लोगों के बीच विशेष संबंधों का प्रतीक है।

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हम जय कांवर पुरस्कार के माध्यम से इन युवाओं की असाधारण उपलब्धियों और अटूट दृढ़ संकल्प का सम्मान करते हुए बेहद गर्वित महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र के स्थानीय युवाओं का समर्थन करना हमारे लिए सम्मान की बात है, जो हमारे प्रति उनके विश्वास को दशार्ता है। ये पुरस्कार समुदायों के उत्थान और उत्कृष्टता व सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयास करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें मान्यता देने की हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं।

प्रकाश भाटिया लाता था वीरेंद्र राम का कैश, अकाउंट में ट्रांसफर होता था पैसा

ओटीपी वाला सिम तारा चंद ने दिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े टेंडर मैनेज कर अकूत संपत्ति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने के केस में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए खुलासे हो रहे हैं। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि वीरेंद्र राम, सीए नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया के जरिये अपनी काली कमाई को निवेश करवाता था और ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में तब्दील करवाता था। सीए नीरज मित्तल ने इस काम के लिए हरीश यादव को सहयोगी के रूप में रखा था। जिसके पास अलग-अलग कंपनियों के नाम से तीन बैंक अकाउंट हैं। उन बैंक अकाउंट से ही वीरेंद्र राम के पारिवारिक सदस्यों के खाते में पैसे भेजे जाते थे। प्रति दस लाख रुपए के ट्रांजेक्शन पर हरीश को दो हजार रुपये मिलता था। नकद राशि राम प्रकाश भाटिया लाकर हरीश यादव को देता था।

जानकारी के मुताबिक, राम प्रकाश भाटिया ने 10 बार से ज्यादा नकद राशि हरीश को दिये। वीरेंद्र राम के परिजनों को अकाउंट ट्रांसफर कर पैसे भेजे जाते थे। पैसों के ट्रांजेक्शन के लिए जिस मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता था, वह मोबाइल और सिम तारा चंद ने हरीश को उपलब्ध करवाया था।

महिला की हत्या के आरोपी को घाघरा पुलिस ने भेजा जेल

- टांगी तेज करने के पैसे मांगने पर युवक ने महिला की कर दी थी हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरफ्तार आरोपी के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

घाघरा। घाघरा पुलिस ने हत्या के आरोपी को 5 घंटे में गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थानेदार अमित चौधरी, एसआई अभिषेक कुमार व टेकलाल महतो ने बताया कि तुसगांव गांव में सोमारी लोहराईन (55) की हत्या गांव के ही लोहरा उरांव उर्फ धनेश्वर ने धारदार हथियार से बुधवार की रात करीब 9 बजे कर दी गयी थी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने घाघरा थाना को दी। जिसके बाद थानेदार अमित चौधरी व एसआई अभिषेक कुमार के अलावे कई पुलिस के जवान घटनास्थल पहुंचे और शव कब्जे में कर जांच पड़ताल की। इससे पता चला कि सोमारी का पति मनबोधवा लोहरा गांव में खेती बारी के साथ लोहरा का काम करता था जो गांव के लोगों का कुदाल, टांगी, हल सहित कई खेती बारी के औजार को धार करता था। इसी क्रम में लोहरा उरांव उर्फ धनेश्वर ने टांगी धार कराने मनबोधवा को दिया था। जिसे लेने बुधवार की शाम करीब 8 बजे गया तो घर पर मनबोधवा नहीं था। युवक ने सोमारी से टांगी मांगा तो सोमारी ने लोहरा से पैसे मांगे। कहासुनी होने पर धनेश्वर ने बगल में रखे टांगी से सोमारी को मार डाला।

मृतका सोमारी के पति मनबोधवा ने बताया कि पूर्व में भी कई बार लोहरा उरांव उर्फ धनेश्वर ने धार कराने के लिए खेती बारी का सामान लेकर आता था और बिना पैसा दिए ही लेकर जाता था। पर गुरुवार को मैं घर पर नहीं था और मेरी पत्नी से उसने बिना पैसा दिए ही धार किया हुआ टांगी मांगा तो मेरी पत्नी नहीं दे रही थी इसीलिए उसने मेरी पत्नी की हत्या कर दी।

लोहरदगा के लीडरों ने रखी अपनी संस्कृति की बातें

19 राज्य, 3 केंद्र शासित प्रदेश से 51 जनजाति समूह के 97 प्रतिनिधि शामिल

ट्राइबल लीडरशिप प्रोग्राम

खबर मन्त्र संवाददाता

मुंबई के कार्यक्रम में शामिल जिले के लोग।

लोहरदगा। महाराष्ट्र मुंबई के पंचगनी में आयोजित आठ दिवसीय ट्राइबल लीडरशिप प्रोग्राम में झारखंड से कुल 21 ट्राइबल लीडरशिप कार्यक्रम में शामिल होकर अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा, दुमका के आदिवासी समाज के लीडर शामिल हुए। पंचगनी एशिया प्लेटो इनोसिटिव ऑफ चेंज में 3 जुलाई से 10 जुलाई 2023 तक टाटा स्टील फाउंडेशन जमशेदपुर के बैनर तले ट्राइबल लीडरशिप प्रोग्राम हुआ। इसमें झारखंड के विभिन्न आदिवासी समुदाय ने अपने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य, सामाजिक परिवर्तन जैसे विषय को संक्षेप में रखा। क्षेत्र के विकास में भागीदारी निभाने का प्रण लिया। ट्राइबल लीडरशिप प्रोग्राम में भारत देश के 19 राज्य एवं 3 केंद्रशासित प्रदेश से 51 आदिवासी जनजाति समूह के 97 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान जनजाति समुदाय के प्रतिनिधियों ने अपने जनजातीय पहचान की लड़ाई लड़ने एवं इसके अस्तित्व की रक्षा करने को लेकर संकल्प लिया। ट्राइबल लीडरशिप प्रोग्राम में आदिवासी छात्र संघ रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष- मनोज उरांव आदि उपस्थित थे।

ब्राउन शूगर बेचने के आरोपी का जेल में आत्महत्या की कोशिश

जेल परिसर में कैसे पहुंचा उस्तुरा, डीआइजी ने दिया जांच का आदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची के होटवार जेल में जवाहरलाल बनरा नाम के एक कैदी ने आत्महत्या करने का प्रयास किया है। कैदी के गले और पेट में जख्म के निशान पाया गया है। कैदी के द्वारा उस्तुरा मारकर आत्महत्या के मामले में जेल प्रबंधन की तरफ से तुरंत ही घायल कैदी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया। रिम्स लाने के बाद कैदी का इमरजेंसी में प्राथमिक इलाज किया गया। हालांकि उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसका ऑपरेशन किया गया। होटवार जेल में कैदी के आत्महत्या की कोशिश मामले में जेल प्रबंधन पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। रिम्स में कैदी के इलाज के दौरान डॉक्टर ने भी इस बात की आशंका जताई है कि इस पर किसी ने वार किया है। डॉक्टरों का कहना है कि आम तौर पर इस तरह की घटना नहीं होती जिसमें कोई पहले अपने पेट पर वार करे और फिर गले पर वार कर आत्महत्या करने की कोशिश करे। कैदी की स्थिति को देखते हुए जेल में गैंगवार की भी आशंका जताई जा रही है। जिस तरह से कैदी के शरीर पर जख्म के निशान हैं, उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह किसी के हमले के कारण हुआ है।

इस मामले में डीआइजी अनूप बिरथरे ने एसएसपी किशोर कौशल को जांच की जिम्मेवारी सौंपी है। इधर, खेलगांव थाना पुलिस कैदी का बयान लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस के कहना है कि वे सभी पहलुओं को देख रही है और उसके आधार पर छानबीन कर रही है। हालांकि, जेल में बंद जवाहर लाल बानरा ने खुद को नाई के उस्तुरा से गला रेतने की बात सामने आई है।

कल रात से ही था बेचैन

इस मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में जेल में बंद अन्य कैदियों ने बताया कि जवाहर बुधवार रात से ही बेचैन था। गुरुवार की सुबह जेल परिसर में जहां कैदियों का बाल दाढ़ी बनाया जाता है वहीं पर जवाहर दौड़ते-दौड़ते आया और नाई के उस्तुरा से खुद का गला रेत लिया।

सप्ताह भर पहले पुलिस ने भेजा था जेल

जवाहर लाल उर्फ करण को पुलिस ने गिरफ्तार कर नौ जुलाई को जेल भेजा था. जेल में वह 12 डी वार्ड में बंद था। जवाहर लाल का रिम्स के ईएनटी विभाग के चिकित्सक डॉ आरके चौधरी की देखरेख में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

आक्सब्रिज स्कूल के छात्रों ने जीता स्वर्ण पदक

मांडर। टाटा समुदाय, धनबाद द्वारा झारखंड राज्य सब .जूनियर चैम्पियनशिप का आयोजन 09 तथा 10 जुलाई 2023 को किया गया। जिसमें ऑक्सब्रिज स्कूल का छात्र सुंदरम तिग्गा तथा त्रिवेणी मिंज ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इन दोनों को राष्ट्रीय चैम्पियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। पूर्व में आयोजित इसी प्रतियोगिता में ऑक्सबिज स्कूल मांडर के ही अमन कच्छप ने स्वर्ण पदक जीता तथा उसे चंडीगढ़ में होनेवाली वुशु प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जा चुका है। सुबह की प्रार्थना . सभा में प्राचार्या महोदया ने विजेताओं को सम्मानित कर अन्य विद्यार्थियों के खेल . कूद के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकगण तथा छात्रवृंद ने गौरान्वित महसूस किया। पेज 2 राजनीतिक मन्त्र लेकर रांची लौटे बाबूलाल, कल करेंगे पदभार ग्रहण

लोहरदगा के बच्चे हर क्षेत्र में कर रहे हैं बेहतर : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। झाखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त श्री कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जिला के सरकारी विद्यालयों के बच्चे शिक्षा, खेल समेत अन्य क्षेत्रों में काफी अच्छा कर रहे हैं। मैट्रिक या इंटरमीडिएट परीक्षा हो सभी में रिजल्ट बेहतर हो रहा है। यहां के छात्रों ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर बेहतर माहौल मिले तो ये किसी भी मामले में किसी से कम नहीं हैं।

बाघमारा अकादमी के छह छात्रों का चयन

खो-खो प्रतियोगिता

चान्हो। रांची जिला के चान्हो प्रखंड में स्थित बाघवार अकादमी के 6 छात्रों का चयन आगामी 14 से 16 जुलाई तक गुमला जिला के सिसई प्रखंड स्थित माघी बालिका उच्च विद्यालय में होने वाले राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के 16 वर्ष के आयु वर्ग में हुआ है। 3 दिनों तक चलने वाले राज्य स्तरीय खो.खो प्रतियोगिता में राज्य के द्वारा मान्यता प्राप्त विभिन्न स्कूलों के छात्र हिस्सा लेंगे। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में चयनित होने के लिए गत 5 जुलाई को रांची जिला में धुर्वा सेक्टर 2 स्थित लीची बागान मैदान में खुली चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस खुली चयन प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों छात्रों ने हिस्सा लिया था।विद्यालय के जिन 6 छात्रों का चयन हुआ है उनके नाम इस प्रकार हैं। विष्णु उरांव ए अमन उरांव एविशाल कुमार महलीए सुजीत कुमार एसुमित उरांव एवं अभिषेक महली। ये सभी विद्यालय में कक्षा आठ के छात्र हैं। ये सभी छात्र इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अनुज उरांव के देखरेख में आज रवाना होंगे। इन छात्रों के चयन होने पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने इन बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि ये बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर अपने माता.पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

प्रदेश भाजपा का मिलन समारोह बैंक्वेट हॉल में 15 जुलाई को

रांची। नयी दिल्ली से राजनीतिक मन्त्र लेकर भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गुरूवार को रांची लौट आये हैं। श्री मरांडी 15 जुलाई को आयोजित समारोह में पदभार ग्रहण करेंगे। निवर्त्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश उन्हें पदभार ग्रहण करायेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा के अनुसार इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित रहेंगे। डॉ वर्मा ने बताया कि 15जुलाई को हरमू रोड स्थित कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में मिलन समारोह 10 .30बजे पूर्वा में आयोजित है। उन्होंने बताया कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को विधिवत पदभार ग्रहण करायेंगे। इसकी तैयारी जोरों से चल रही है।

केंद्र सरकार झारखंड में अनुदानों की कर रही बरसात : भाजपा

रांची। भाजपा ने कहा है कि केंद्र सरकार झारखंड में अनुदानों की बरसात कर रही है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें नीति आयोग के समक्ष उपेक्षा का आरोप लगाया था। गुरुवार को श्री षाडंगी ने इस आशय में राज्य सरकार की आलोचना करते हुये कहा की राज्य सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर राजनीतिक आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में लगातार वित्तीय अनुदानों की बारिश हो रही है। लेकिन, दुर्भाग्य है कि गठबंधन सरकार ने इन वित्तीय बारिश को सुरक्षित करने के बजाये बाल्टी उलट कर रखा है। ऐसे में लाभ न मिलना स्वभाविक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्य सरकार की ओर से प्रति लाभुक 50,000 रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा हुई थी, जिसका आज तक कुछ अता पता नही है। आंगनबाड़ी केंद्रों में अनुदान का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं हो रहा है। अनाज के आवंटन में प्रतिदिन घोटाले की खबरें आती है। उन्होंने कहा कि सरकार आंकड़ों पर बात नहीं करती है। उन्होंने कहा कि श्रेय लेने की राजनीति के चक्कर में राज्य का बेड़ा गर्क किया जा रहा है।

केंद्र की किसान सम्मान योजना से लाभान्वित हो रहे हैं किसान

खबर मन्त्र संवाददाता

ठाकुरगांव। केंद्र सरकार बिना भेदभाव के देश के सभी लोगों का सर्वांगीण विकास कर रही है। मोदी सरकार किसानों के लिए किसान सम्मान योजना, प्रधानमंत्री अन्न योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उक्त बातें भाजपा के एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम ने गुरुवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान कांके प्रखंड के मालश्रृंग गांव में कही। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केवल घोषणाएं करने में माहिर है। हेमंत सरकार में राज्य के युवाओं को सिर्फ छला जा रहा है। मौके पर भाजपा नेता ने मालश्रृंग समेत काटमकुली, करकटा, उरुगुट्ठू, सांगा समेत अन्य गांवों में भी अभियान चलाकर मोदी सरकार के 9 सालों के कार्यों तथा उपलब्धियों को बताया। मौके पर किशोर मास्टर, जनक गुप्ता, दीपक साहु, मनोज साहु समेत अन्य मौजूद थे।

बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

खलारी। खलारी प्रखंड कार्यलय के गेट के मुख्य पथ के किनारे बनी नालियों में कचड़ा का अंबार को साफ सफाई करने के सम्बंध में समाजसेवी सह भाजपा नेत्री सरोजनी देवी ने खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि एक ओर सड़क किनारे रखे कचड़े हैं। वहीं बारिस से नाली बजबजा रही है। इससे परेशानी है।

समान नागरिक संहिता पर मंतव्य लेने की अवधि तीन महीना बढ़ाये विधि आयोग : शहजादा अनवर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने विधि आयोग, भारत सरकार के अध्यक्ष ऋतुराज अवस्थी को पत्र लिखकर समान नागरिक संहिता (युसीसी) का मंतव्य लेने की अवधि तीन महीने (90दिन) बढ़ाने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि 30 दिनों की अवधि जो विधि आयोग ने दिया था वो कल 14 जुलाई 2023 को समाप्त हो रहा है। शहजादा अनवर ने पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि श्री अवस्थी अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के सम्बंध में अपना पक्ष या मंतव्य देने के लिए देश की जनता को या सामाजिक वो धार्मिक संगठनों को 30 दिनों का समय दिया है जो 14 जुलाई को समाप्त हो रहा है। इस सम्बंध में ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्होंने कहा है कि मंतव्य देने के लिए जिस प्रकार की जागरुकता की आवश्यकता थी वह वह दुर्भाग्य से नहीं हो पाया है। एक सौ पैंतीस करोड़ की जनसंख्या वाले देश में अभी तक सुत्रों से जानकारी के मुताबिक एक करोड़ भी मंतव्य विधि आयोग को प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी निष्कर्ष पर पहुँचना अन्यायपूर्ण और अव्यवहारिक होगा। देश भर में कई समाज, धर्म और वर्ग के लोगों ने समान नागरिक संहिता पर अपनी चिंता जताई है लेकिन जागरूकता की कमी के कारण वे इसको उचित मंच पर नहीं रख पाए हैं।

हाजियों का पहला जत्था गुरुवार को जद्दा से कोलकाता पहुंचा। एयरपोट पर मंत्री हफीजुल हसन ने हाजियों का स्वागत किया। गुरुवार को दो फ्लाइट से 631 हाजी भारत पहुंचे।

बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने सीरीज जीती

तीसरे टी-20 में निराशाजनक प्रदर्शन, मेजवान टीम चार विकेट से जीती

एजेंसी

ढाका। भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज 2-1 से जीत ली है। गुरुवार को आखिरी टी20 मुकाबले में भारत कोहार का सामना करना पड़ा। भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद निराशाजनक प्रदर्शन किया और टीम 20 ओवर में 102 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की टीम 19वें ओवर में जीत गयी। अब 16 जुलाई से दोनों टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए आमने सामने होंगी।

स्पिन के आगे जूझती रही टीम

ढाका में तीसरे टी20 मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों का स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का जूझना जारी रहा। इसका फायदा बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम को मिला। गुरुवार को यहां अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट की सांत्वना भरी जीत दर्ज करने में सफल रही। भारत ने हालांकि तीन मैचों की यह सीरीज 2-1 से अपने नाम की लेकिन उन्हें प्रदर्शन में सुधार करने के लिए काफी कुछ करना होगा। दूसरे मुकाबले में भी भारत ने 20 ओवरों में महज 95 रन बनाये थे। वह तो गेंदबाजों का कमाल था कि भारत ने आठ रन से वह मुकाबला जीत लिया था।

बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक

भारत का बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट गंवाकर 102 रन बनाये। पिछले मैच में जो बांग्लादेश की टीम 96 रन के लक्ष्य का पीछा भी नहीं कर पायी थी, वह 18.1 ओवर में इस लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रही। मेजबान के लिए लिए सलामी बल्लेबाज शमिमा सुल्ताना (46 गेंद में 42 रन) ने पारी संभाली और टीम इस मैच में सांत्वना भरी जीत हासिल कर पायी। भारत के पास क्लीन स्वीप करने का मौका था जो उसने गंवा दिया।

हरमनप्रीत ने संभाली पारी

भारतीय बल्लेबाजों के लिए स्पिन के लिए मददगार विकेट पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं रहा और खिलाड़ियों में धीमी गेंदबाजों को दबाव में लाने के लिए जरूरी आक्रामकता की कमी दिखी। कप्तान हरमनप्रीत कौर के अलावा कोई भी बल्लेबाज तीन मैचों में बाउंड्री नहीं लगा सकीं। ऑफ स्पिनर मीनू मणि (28 रन देकर दो विकेट) का प्रदर्शन हालांकि भारत के लिए सकारात्मक चीज रही। हालांकि जब नया मुख्य कोच टीम की जिम्मेदारी संभालेगा तो उन्हें अगले साल टीम के टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश लौटने के लिए काफी काम करना होगा।

गेंदबाजों का उम्दा प्रदर्शन

इससे पहले हरमनप्रीत ने 41 गेंद में 40 रन बनाये जिसके बाद अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी क्रम चरमराने से भारत ने 11 रन के अंदर छह विकेट गंवा दिये। लेग स्पिनर राबिया खान ने बांग्लादेश के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उन्होंने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट झटके। ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने पावरप्ले में प्रभावित किया। उन्होंने शेफाली वर्मा (11 रन) और स्मृति मंधाना (01) की सलामी जोड़ी को आउट किया। मारूफा अख्तर ने भी दो विकेट हासिल किये।

लो स्कोरिंग वाली सीरीज

इस कम स्कोर वाली पूरी सीरीज के दौरान पिच काफी पेचीदा रही है जिसे देखते हुए हरमनप्रीत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली और मंधाना की सलामी जोड़ी एक बार फिर भारत को अच्छी शुरूआत दिलाने में विफल रही। छह ओवर में टीम का स्कोर दो विकेट पर 27 रन हो गया। जेमिमा रोड्रिग्स (26 गेंद में 28 रन) और हरमनप्रीत ने तीसरे विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी निभाकर पारी आगे बढ़ायी, लेकिन लेग स्पिनर शोर्ना अख्तर ने रोड्रिग्स की पारी खत्म कर इस भागीदारी को तोड़ा। रोड्रिग्स ने अपनी पारी के दौरान सकारात्मक जज्बा दिखाया और स्पिनरों के खिलाफ अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया।

सीरीज में एक मात्र छक्का हरमनप्रीत ने जड़ा

हरमनप्रीत के 17वें ओवर में स्टंप आउट होने के बाद लगातार विकेट गिरते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाज बाउंड्री नहीं लगा सकीं। बल्लेबाजी की बात करें तो छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाये। सभी एक, दो और चार जैसे स्कोर पर आउट हो गये। पूरे सीरीज में एक मात्र छक्का कप्तान हरमनप्रीत के बल्ले से निकला। इस मुकाबले में बांग्लादेश के गेंदबाजों को दाद देनी होगी कि उन्होंने एक भी एक्स्ट्रा रन नहीं दिये। भारतीय गेंदबाजों ने एक्स्ट्रा के रूप में पांच रन लुटाये। देखा जाए तो भारतीय स्पिनरों के आगे बांग्लादेशी बल्लेबाज भी बेबस नजर आये और सुल्ताना के अलावा कोई भी बल्लेबाज 15 का आंकड़ा पार नहीं कर पाया।

अपने पहले ही टेस्ट में यशस्वी ने जड़ा शतक

पहला टेस्ट, दूसरा दिन, इंडीज पर 57 रन की बढ़त, भारत बिना क्षति के 207 रन

एजेंसी

डोमिनिका। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहले टेस्ट के दूसरे दिन अपना पहला टेस्ट खेलते हुए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक जड़ दिया। उन्होंने 215 गेंद का सामना करते हुए 11 चौकों की मदद से शानदार 100 रन नाबाद बना लिया। कप्तान रोहित शर्मा भी शतक के करीब हैं। वह 90 रन पर खेल रहे हैं। भारत ने बिना क्षति के 205 रन बना लिया हैं। इससे पूर्व पहला दिन टीम इंडिया के नाम रहा। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में मेहमान भारत ने कमाल का प्रदर्शन किया। गेंदबाजों ने मेजबान टीम को पहले ही दिन 150 रनों पर समेट दिया। रविचंद्रन अश्विन ने पांच विकेट चटकाये। अश्विन ने अपने अनुभव का भरपूर फायदा उठाया और कैरिबियन बल्लेबाजों को शुरू से परेशान किया। भारतीय गेंदबाजों ने कैरिबियाई बल्लेबाजों को पहली पारी में 150 रन पर समेट दिया।

अनूठा प्रदर्शन

सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाये। अश्विन ने 33वीं बार पांच विकेट चटकाकर एक रिकॉर्ड दर्ज किया। इसके अलावा अश्विन ने एक और यूनिक रिकॉर्ड अपने नाम किया। रविचंद्रन अश्विन पहले ऐसे भारतीय गेंदबाज बन गये, जिन्होंने किसी देश के खिलाफ खेलते हुए पिता और पुत्र दोनों को अपना शिकार बनाया। दरअसल वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज टेगेनरीन चंद्रपॉल वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज शिवनारायण चंद्रपॉल के बेटे हैं। अश्विन अपने शुरुआती दिनों में शिवनारायण चंद्रपॉल के खिलाफ भी खेल चुके हैं। दिल्ली के एक मैच में अश्विन ने अपनी गेंद पर शिवनारायण चंद्रपॉल को भी आउट किया था। इस प्रकार अश्विन पहले भारतीय गेंदबाज बन गये हैं, जिन्होंने किसी एक देश के पिता और बेटे दोनों को अपनी गेंद पर आउट किया है।

शुरू से हावी रहे अश्विन

अश्विन ने अपनी कलात्मकता से मेजबान टीम के दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट किया। अनुभवी के कमाल से भारत ने लंच तब वेस्टइंडीज को 68/4 पर रोक दिया। दूसरे सत्र में भी भारत ने तीन विकेट निकाले और फिर चाय के बाद वेस्टइंडीज को समेट दिया। पहली बार विदेशी परिस्थितियों में तीसरे सीमर के रूप में काम कर रहे शार्दुल ठाकुर (3 ओवर में 1/7) ने विकेट लेने का अपना आनंद जारी रखा। रवींद्र जडेजा (2 ओवर में 1/6) ने भी विकेट लेने में अपना नाम दर्ज कराया।

भारत के लिए पहला टेस्ट खेलने उतरे यशस्वी जयसवाल (40) ने कप्तान रोहित शर्मा (30) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की अविजित साझेदारी की। भारतीय टीम को वेस्ट इंडीज के 150 रन के लक्ष्य को पार करने के लिए 70 रन की और जरुरत है। रोहित का भाग्य ने उस समय साथ दिया जब भारत की पारी के दूसरे ओवर में जोरदार अपील के बाद अंपायर कॉल ने उन्हें आउट नहीं दिया। इसके बाद रोहित ने केमर रोच की गेंद पर एक हाथ से कवर ड्राइव लगाते हुए गेद को बाउंड्री के पार पहुंचाया। रोहित ने जोसेफ की गेंद पर एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव लगाकर अपने हाथ खोले और फिर स्पिनर जोमेल वारिकन को उनके पहले ही ओवर में छक्का लगाकर 50 रन की साझेदारी पूरी की। रोहित के शॉट को देखते हुए जयसवाल का भी हौसला बढ़ा। जयसवाल ने कॉर्नवाल और वारिकन की लेंथ को जल्दी स भांप लिया और कुछ गेंद को कट के जरिये बॉउंड्री के पार पहुंचाने में सफल रहे। उन्होंने जेसन होल्डर की गेंद को भी कवर के क्षेत्र से सीमा पर कर अपनी पांचवी बाउंड्री लगायी और फिर दिन के आखिरी ओवर में वॉरिकन की गेंद पर रिवर्स-स्विप लगाकर चौका बटोरा।

क्रिकेट स्कोरिंग पर सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ, रांची द्वारा स्कोरर के लिए राज्य स्तरीय सेमिनार सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए जिले में मौजूद अथवा इच्छुक क्रिकेट प्रेमी जो स्कोरिंग की दक्षता रखते हैं, उनका नाम प्रस्तावित करने के लिए जिला क्रिकेट संघ, दुमका को निर्देशित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट संघ दुमका के सचिव भास्कर अजित सिंह ने बताया गया कि जिले में वैसे खिलाड़ी, पूर्व खिलाड़ी अथवा स्कोरिंग की अर्हता रखने वाले लोग जो क्रिकेट स्कोरिंग के क्षेत्र में अपनी पहचान या करियर बनाना चाहते हैं या स्कोरिंग करना चाहते हैं। वे जिला क्रिकेट संघ से दुमका से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

थानाध्यक्ष पर पत्रकार को धमकाने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिला के जयनगर थानाध्यक्ष पर एक दैनिक अखबार के संवाददाता को गाली-गलौज कर झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगा है। इसको लेकर पीड़ित पत्रकार संतोष राणा ने एसपी कुमार गौरव को लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आवेदन में बताया है कि बीते 10 जुलाई को जयनगर में विभिन्न बालू घाटों से अवैध बालू उठाव से संबंधित खबर अखबार में प्रकाशित की गई थी, इस खबर को लेकर जयनगर थानाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने 11 जुलाई की शाम 6:30 बजे उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल कर गाली गलौज करते हुए झूठे मुकदमा में फंसा कर जेल भेजने की धमकी दी। वहीं पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने मामले की छानबीन कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पटना लाठीचार्ज में भाजपा नेता की मौत से घर में कोहराम, पिता के थम नहीं रहे आंसू

जहानाबाद। पटना में गुरुवार को भाजपा द्वारा आयोजित विरोध-प्रदर्शन एवं विधानसभा का घेराव में पुलिस के द्वारा किए गए लाठीचार्ज में हुई भगदड़ में जहानाबाद जिले के भाजपा के महामंत्री विजय कुमार सिंह की मौत हो गई। विरोध प्रदर्शन में पटना के डाक बंगला चौराहे पर हुई भगदड़ के बाद भाजपा के लोगों ने विजय सिंह को इलाज के लिए पटना पीएमसीएच ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक विजय कुमार सिंह जहानाबाद जिला भाजपा पार्टी में महामंत्री के पद पर कार्यरत थे। इस घटना की जैसे ही सूचना मृतक विजय कुमार सिंह जो कि जहानाबाद सदर प्रखंड के कल्पा गांव के निवासी थे के परिवार वालों को मिली परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। मृतक के भाई सुनील सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह वो पटना जाने के लिए घर से निकले थे। कहा था कि हम लोग विरोध प्रदर्शन में भाग लेने जा रहे हैं। बाद में खबर आयी कि यह सूचना आई कि विरोध प्रदर्शन में हुई भगदड़ में उनकी जान चली गई।

सीएम नीतीश पर चिराग का हमला

चिराग पासवान नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले छात्र फिर शिक्षक अभ्यर्थी और बुधवार को किसान सलाहकारों के बाद आज भाजपा नेताओं और कार्यकताओं पर लाठीचार्ज करना नीतीश कुमार के तानाशाही रवैया को दर्शाता है।

स्पीड न्यूज

ट्रैक्टर से दबकर झामुमो कार्यकर्ता की मौत

मासलिया। जिले के मसलिया थाना क्षेत्र के मकरमपुर शीतपहाड़ी मोड़ पर तेज रफ्तार खाली ट्रैक्टर पलटने से एक झामुमो कार्यकर्ता मैनेजर टुडू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक लखन मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार मैनेजर टुडू पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा किए जा रहे पेयजल आपूर्ति योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई का काम कर रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पलटने से मैनेजर टुडू ट्रैक्टर की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई है वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मामले में मसलिया थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई है।गश्ती दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है।

आयकर विभाग के लोग पहुंचे महुआडांड़, बाजार में मचा हड़कंप

लातेहार। आयकर विभाग के कुछ लोग महुआंडाड़ स्थित लोध जलप्रपात घुमने के लिए आए हुए थे। इसी क्रम वे सभी महुआंडाड़ मुख्य बाजार में रुक गए। इसकी सूचना महुआंडाड़ बाजार में आग की तरह फैल गई। सूचना प्राप्त होने के बाद पूरे बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बहुत सारे लोगों ने अपनी अपनी दुकानें बंद कर दी। जबकि आयकर विभाग के लोग लोध फॉल घुमने आये हुए थे। इस क्रम में किसी रिश्तेदार के यहाँ रूके थे। जिसकी खबर बाजार में लग गई की छापामारी हो रही है। जिसके बाद बाजार क्षेत्र में घंटों के लिए दुकाने बंद हो गई। हालांकि कुछ घंटों के फिर दुकाने खोल दी गई। यह मामला सुबह लगभग के 11 बजे की है।

अपने पति के कब्र को बचाने के लिए मुख्यमंत्री से लगायी गुहार

दुमका। जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र के दिग्घी गाँव की प्रमिला मराण्डी ने मुख्यमंत्री के एक आवेदन भेजकर अपने पति के कब्र को बचाने के लिए गुहार लगाई है। प्रमिला मराण्डी ने बताया है कि दिग्घी गाँव के सरकारी जमीन पर पिछले 50 वर्षो से अधिक समय से आदिवासी समाज के लोग मृत व्यक्तियों को दफना रहे है। वहाँ वर्तमान में लगभग 33 व्यक्तियों का शव का कब्र बना हुआ है। प्रमिला मराण्डी के पति जेम्स होपना हाँसदा का भी कब्र वहाँ है। उस कब्रिस्तान की जमीन को स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के लिए चिन्हित किया है और अंचल कर्मचारी द्वारा उस जमीन पर स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के लिए जमीन की नापी आदि करने की प्रक्रिया शुरू किया गया है। प्रमिला मराण्डी बताती है कि उसके पति के अलावा चुण्डा सोरेन के परिवार का 5 सदस्यों का वह कब्रस्थान है। माईकल सोरेन के परिवार का 12 सदस्य, गणेष टुडू के परिवार का एक सदस्य, होपना हाँसदा के परिवार का सदस्य का कब्र है। स्टेफन बास्की के परिवार का 5 सदस्य, प्रमिला मराण्डी के परिवार का दो सदस्य का भी वहीं कब्रस्थान है। रामेसोल हाँसदा के परिवार का दो सदस्य और सोम मराण्डी के परिवार का चार सदस्य समेत 33 व्यक्तियों को वहाँ दफनाया गया है। उन सभी शवों को उखाड़ कर वहाँ स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के लिए जमीन चिन्हित किया गया है। प्रमिला मराण्डी बताती है कि वर्ष 1970 से 2023 तक वहाँ संताल समाज के लोग शवों को दफनाते आये है।

एक नजर में

जनप्रतिनिधियों को ढिबरा मजदूरों की परवाह नही : कृष्णा घटवार

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। ढिबरा को लेकर अब आर-पार की लड़ाई लड़ने पर ढिबरा मजदूर विवश है। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ हजारो मजदूरों को गोलबंद कर समाहरणालय के समक्ष महाजुटान के जरिये सरकार और सांसद-विधायक के उदासीनता पर आक्रोश जताएगी। ढिबरा स्क्रैप संघ बड़े स्तर पर महाजुटान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ महाजुटान को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। संघ की बैठक आयोजित किया गया है। इसमें महाजुटान कार्यक्रम की रूपरेखा पर मुहर लगेगी। उक्त बातें ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने कही। उन्होंने कहा कि पांच बार विधायक रहने वाले अब सांसद है और केंद्र में मंत्री है, लेकिन ढिबरा को लेकर कुछ भी नीति नही बनी। वहीं 2014 से कोडरमा में भाजपा विधायक है, फिर भी ढिबरा मजदूर असहाय है। हेमन्त सरकार ने को-ऑपरेटिव के जरिये ढिबरा पॉलिसी बनाया, लेकिन जिस वाहन को डंप के लिए सीएम ने हरीझंडी दिखाकर पहाड़पुर से रवाना किया, 6 महीने बाद भी ढिबरा लदा वाहन डंप तक नही पहुंचा। ढिबरा मजदूरों को हेमन्त सरकार की ढिबरा पॉलिसी से काफी आशा थी, लेकिन हेमन्त सरकार में भी ढिबरा नीति पर ठोस कार्रवाई अमल में नही है। माइका (ढिबरा) से कोडरमा की पहचान है और यह पहचान अब समाप्त हो रहा। ढिबरा स्क्रैप संघ खामोश नही रहेगी। संघ के पास अब आंदोलन ही विकल्प है, आंदोलन को कैसे बड़ा बनाया जाए, इसके लिए संघ बैठक कर रणनीति तैयार करेगी।

ढिबरा गोदाम पर कार्रवाई का विरोध : ढिबरा गोदाम में लगातार हो रही कार्रवाई का संघ ने विरोध जताया है। वहीं संघ अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने कहा कि एक तरफ ढिबरा चुनने और ट्रांसपोटिंग पर रोक लगी है। दूसरी तरफ प्रशासन ढिबरा गोदामों पर छापेमारी कर रही है। ढिबरा गोदाम से हजारों मजदूर जुड़े हैं, गोदाम सील होने से मजदूरों के सामने भुखमरी की नौबत आ जाती है, मगर प्रशासन मानवीय आधार पर कोई संवेदना नही रखती। ढिबरा लाइफलाइन है, ढिबरा कारोबार बढ़ेगा तो कोडरमा खुशहाल होगा। वैध-अवैध के चक्कर में मजदूरों का नुकसान हो रहा।

प्रधानमंत्री मोदी भी कर चुके हैं सी-बकथोर्न फल की तारीफ

दुमका। लेह-लद्दाख में 40 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान में पैदा होने वाला सी-बकथोर्न नामक औषधीय फल से तैयार जूस के नियमित इस्तेमाल से कई बीमारियां जड़ से खत्म हो जाती हैं। यह जानकारी रविवार को दुमका के रॉयल मेजेस्टिक मिनी कॉन्?क्लेव में आयोजित एक कार्यक्रम में सी-बकथोर्न के निदेशक सरदार पंकज कुमार सिंह ने दी।

संजीवनी बूटी के जैसा है यह फल

कार्यक्रम की शुरूआत पूनम वर्मा के द्वारा सरदार पंकज कुमार सिंह को अंग वस्त्र ओढ़कर की गई। इस मौके पर पंकज कुमार सिंह ने सी-बकथोर्न के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इसकी जड़ें 200 फीट गहरी होती हैं।

देश-विदेश में जंगली पेड़-पौधों पर रिसर्च करने वाले 50 शोधकताओं के अलग-अलग अनुसंधान से यह साबित हुआ है कि यह फल संजीवनी बूटी जैसा ही है। सी-बकथोर्न हमारे शरीर में विटामिंस, मिनरल्स, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट और ओमेगा 3679 की कमी को पूरा करता है।

फल से होता है कई सारी गंभीर बीमारियों का नाश

इस फल में फाइव एचटीपी जो हैप्पी मालिक्यूल कहलाते हैं वह भी पाया जाता है। पॉलिफिनालिक कंपाउंडस मैलिक एसिड, विटामिन बी कॉम्प्लैक्स भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

पंकज के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी ने साल 2019 में एक कॉलेज के कार्यक्रम में इस फल की चर्चा की थी। विदेशों के कई आधुनिक संस्थानों ने भी इसे बहुत ही मूल्यवान माना है। खासकर ब्लड प्रेशर, बुखार, स्टोन, ट्यूमर,अल्सर, थायराइड, शुगर जैसी बीमारियों के लिए इस फल का जूस काफी फायदेमंद है। मौके पर थे ये भी उपस्थित आंवले से 80 गुना ज्यादा विटामिन सी सी-बकथोर्न में पाया जाता है। इसके उपयोग से कोशिकाएं सजीव बनी रहती हैं। इस मौके पर संदीप मुर्मू , सुप्रिया कुमारी, मनीष कुमार ने भी इस फल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष अमिता रक्षित, पूर्व वार्ड पर्षद सरिता सिन्हा, अधिवक्ता राजेंद्र साह, समाजसेवी राणा प्रताप सिंह समेत कई मौजूद थे।

सोन नदी में अचानक पानी बढ़ने से मच गयी खलबली

खबर मन्त्र संवाददाता

रोहतास। बिहार में मानसून की बरसात के बाद बिहार की नदियां उफान पर है। नदियों के जलस्तर में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन नदियों में गाद होने की वजह से नदियों में उफान देखा जा रहा है। कहीं कटाव हो रहा है तो कहीं नदिया अपना किनारा छोड़ रही हैं। रोहतास जिले के डेहरी में इंद्रपुरी के कटार बालू घाट में अचानक जल स्तर बढ़ने से सोन नदी में 28 ट्रक फंस गए। सोन नदी में फंसे ट्रकों को निकालने की कवायद शुरू की गई। मगर इस कवायद ने नदी के सैलाब और वेग के आगे घुटने टेक दिए।

सोन बराज के तीन फाटक को बंद कर रेस्क्यू ऑपरेशन

सोन नदी में बालू खनन के लिए गए ट्रकों के फंसने की सूचना शुक्रवार को प्रशासन को मिली। जिसके बाद प्रशासन ने सोन नदी में फंसे ट्रकों को निकालने की कोशिश की। इंद्रपुरी के सोन बराज के तीन फाटक को बंद किया गया। ताकि सोन नदी में पानी का बहाव को कम किया जा सके। डेहरी की अंचलाधिकारी अनामिका कुमारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचीं। बचाव का कार्य शुरू किए गए। दस से अधिक जेसीबी मशीन लगाए गए। बताया गया है कि बालू से सोन नदी में नया रास्ता बनाया जा रहा है, ताकि नदी के बीच में फंसे बालू के ट्रकों को निकाला जा सके।

ट्रक चालक और खलासी को सुरक्षित बाहर निकाला गया

बताया गया है कि अत्यधिक बारिश के कारण सोन नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। परिणाम यह हुआ कि बालू घाट से बालू निकालने के लिए सोन नदी के पेटी घुसे थे। जिन्हें प्रशासन की लाख कोशिश के बाद भी रेस्क्यू नहीं किया जा सका। सर्किल ऑफिसर अनामिका कुमारी ने बताया कि इस ऑपरेशन में ट्रकों को बाहर नहीं निकाला जा सका वही ट्रकों पर सवार ड्राइवर और खलासी को सुरक्षित निकाल पाने में सफलता मिल गई है।

अग्नि प्रभावित बांसजोड़ा और ऐना कोलियरी का किया निरीक्षण

धनबाद : कोयला मंत्री ने सुनीं अग्नि प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याएं

झरिया के लोगों के पुनर्वास पर होगी चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। इसके साथ ही वह झरिया इलाके का दौरा भी करेंगे कोयला मंत्री ने कहा कि अधिकारियों के साथ पुनर्वास पर भी चर्चा की जाएगी, साथ ही कोयले की आग को बुझा कर वहां से कोयला निकालने का काम किया जा रहा है। शाम को 4:00 बजे कोयला मंत्री बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 4 कतरास एरिया के अंतर्गत भूमि आउटसोर्सिंग के व्यू प्वाइंट से उत्खनन का निरीक्षण किया। जिसके बाद कोयला मंत्री बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 के द्वारा आयोजित एक सभा जो बांसजोड़ा कोलयरी में आयोजित थी,वहां शामिल हुए जहां बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के महाप्रबंधक आलोक कुमार राय ने कोयला मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। जिसके बाद कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी अग्नि प्रभावित एवं भू-धंसान क्षेत्र के ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। बांसजोड़ा के अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र महाप्रबंधक अनूप कुमार राय सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह डायरेक्टर बीसीसीएल आरके सहाय कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद उदय ए कोले डायरेक्टर (ओपी) एम के रमैया (डीपी) बीसीसीएल आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

लोगों की निगाहें बैठक पर टिकी

कोयला मंत्री के धनबाद दौरे को लेकर अग्नि प्रभावित और भू-धंसान क्षेत्र में बसे लोगों की निगाहें भी गुरुवार की समीक्षा बैठक पर टिकी हुई है । अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्थिति काफी दयनीय हो चली है। आए दिन वह मौत के साए में जीने को मजबूर है ।कोयला मंत्री से ऐसे क्षेत्र में बसे लोग विशेष उम्मीद लगाए हुए हैं।

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ऑनलाइन बिक्री का करेगा विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध मे एक बैठक की। जिसमे बिहार स्टेट सेल्स रिपेरजेंटेटिव के बिहार झारखण्ड के अध्यक्ष असीम हलदर, धनबाद जिला के अध्यक्ष संदीप आईच, सुजॉय मुखर्जी उपस्थित थे।बैठक मे ऑनलाइन दवा की बिक्री जो भी कम्पनियों द्वारा किया जा रहा है उसका पुरजोर विरोध किया गया। बैठक में दवा की ऑनलाइन फामेर्सी से दवाइपो पर 30 से 40 परसेंट की छूट गैर कानूनी है। ऑनलाइन फामेर्सी द्वारा बेचीं जा रही दवा फेक है की नहीं इसकी जांच कहा होगी? डॉक्टर द्वारा मरीज को जो प्रिस्क्रिप्शन दिया जाता है उसका हेत्थ डाटा चोरी होने का डर है। ऑनलाइन बिक्री कानूनन कहां तक सही है और इसकी जांच कहा होगी? दवा की गुणवत्ता पर बहुत बड़ा सवाल खड़ा होता है। इन सभी विषयो पर ड्रग कंटोलर जनरल ऑफ इंडिया ने ऑनलाइन फामेर्सी वाली 20 कंपनियों को शोकॉज नोटिस जारी किया है।

बैठक में थे शामिल

बैठक की अध्यक्षता केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने की। बैठक में सचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, संयुक्त सचिव प्रकाश गोयल, देवेन तिवारी, सुनील पोद्दार, अजय सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, विकाश चौधरी, मीडिया प्रभारी तरुण अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

बैठक में निर्णय लिया गया की जल्द ही हमलोग इन सभी विषयों पर संयुक्त रूप से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ऐ. के. सिंह से भी मिलेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे।एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने धनबाद जिला के सभी नागरिकों से अपील की है की दवा हमारी जान बचाती है। इसलिए दवा ऑनलाइन ना मंगवाए और हमारे लोकल केमिस्ट दुकानदार भाई खे ही ले। सचिव धीरज दास मे कहा की एक अवेयरनेस प्रोग्राम का भी आयोजन हमारा संगठन करेगा। हमलोग पोस्टर बैनर के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करेंगे।

बीएसडब्ल्यू के महामंत्री ददई दूबे के खिलाफ दायर याचिका खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रबंधन एवं मजदूरों को दिग्भ्रमित कर रहे वीरेन्द्र नाथ चौबे की कलई खोलते हुए झारखंड उच्च न्यायालय ने वीरेंद्र नाथ चौबे द्वारा दायर रिट याचिका 2690/2021 को खारिज कर दिया है। उक्त जानकारी देते हुए बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन के सचिव राजू कुमार सिंह ने कहा कि ट्रेड यूनियन रजिस्ट्रार ने 4 जून 2021 को बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन के री-रजिस्ट्रेशन संख्या 275 को चन्द्रशेखर दूबे उर्फ ददई दूबे के पक्ष में सही बताया था जिसके खिलाफ बीरेन्द्र नाथ चौबे ने झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर किया था। 10 जुलाई 2023 को इसे झारखंड उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन के असली महामंत्री चन्द्रशेखर दूबे ही हैं। बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रबंधन व मजदूरों को अब दिग्भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। महामंत्री ददई दुबे के नेतृत्व में यूनियनए मजदूरों के हक की लड़ाई शुरू से लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। प्रेसवार्ता में यूनियन के इंद्रदेव प्रसाद, दीनानाथ पांडेय, अजय चौबे, राजू कुमार सिंह, जगदिश पांडेय, गोपाल ठाकुर, आरके मिश्रा, संतोष कुमार सिंह, संजय कुमार ठाकुर, संतोष रॉय, कन्हैया पांडे, विकास पांडेय, प्रवीण पांडेय, मनीष सिंह, संजय दास, रमेश रॉय, उमेश मेहरा, यूके मंडल, मिराजुद्दीन अंसारी सहित सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

सीएम ने किया बोकारो जिला के महत्वाकांक्षी योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। बोकारो के नावाडीह बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में बोकारो जिला अंतर्गत महत्वकांक्षी योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन तथा परिसंपती का वितरण करने आये झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विशिष्ट अतिथि के तौर पर माननीय मंत्री उत्पाद मध्य निषेध विभाग बेबी देवी, गोमिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक लम्बोदर महतो तथा पुलिस उप महा निरीक्षक मयूर पटेल, बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक चंदन झा कार्यकर्म में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में हजारों की संख्या ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कुल 23 करोड़ 22 लाख की लागत से बनी 17 योजनाओं का उद्घाटन सहित कुल 147 करोड़ की लागत से बनने वाली 53 योजनाओं का शिलान्यास किया गया तथा कुल 170 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली योजनाओं की सौगात नावाडीह की जनता को देने का काम किया, जिसमें मुख्य रूप से 25 करोड़ की लागत से डिग्री कॉलेज का निर्माण कराया जायेगा।

जगरनाथ महतो के सपनों को करेंगे साकार

मुख्यमंत्री ने भाषण के दौरान पूर्व दिवंगत मंत्री जगरणाथ महतो के सपनो को साकार करने की बाते कही। मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत लोगों को 25 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे लोग रोजगार से जुड़ सकेंगे और वर्तमान झारखंड सरकार की 1932 का जो मुद्दा है उसे लागू करना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

महंगाई के खिलाफ राजद का बलियापुर में धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। बढ़ती महँगाई को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल ने बलियापुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान उन्होंने बलियापुर बीडीओ अमित कुमार को झारखंड के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। राजद बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पाल व सिंदरी नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव ने कहा कि जिलाध्यक्ष तारकेश्वर यादव के निर्देश पर महँगाई के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया गया है। केंद्र सरकार की नीतियाँ गरीबों के हित में नहीं होकर कारपोरेट घरानों के हित में है। केन्द्र सरकार द्वारा कमरतोड़ महँगाई के साथ गरीबों से किए वादे विफल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र सरकार को ठेंगा दिखाएगी।

धरना में ये लोग थे शामिल

धरना में राजद जिला महासचिव प्रकाश महतो, विनय सिंह, जिला सचिव अशोक चंद्रा, सिंदरी नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पाल, उपाध्यक्ष रंजीत महतो, दिलीप महतो, आदिवासी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विनोद मरांडी, राकेश यादव, राजकुमार यादव, रौशन कुमार मौजूद रहे।

चिन्मया में शिक्षक व अभिभावकों के बीच समन्वय कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो के चिन्मया विद्यालय के तपोवन सभागार में कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाना है। हर अभिभावक को प्रत्येक दिन अपने बच्चों के साथ सकारात्मक समय देना चाहिए। बच्चों के शिक्षक के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पढ़ाई के साथ साथ खेलए चित्रकला, संगीत में भाग लेने को प्रेरित करने से बच्चों की प्रतिभा को निखार सकते हैं। प्राचार्य सूरज शर्मा ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से चिन्मय मिशन व चिन्मय विद्यालय के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि चिन्मय विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के बाद ये होनहार छात्र विश्व के कोने कोने मेंए विभिन्न विश्व प्रसिद्ध कंपनियों में विभिन्न देशों के सरकार के साथ भी काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में संजीव सिंह, रश्मि शुक्ला, श्रेय गुप्ता, रजनीश चौधरी, रणधीर नारायण व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

बगदा गांव में धूमधाम से हुई गाराम-मड़य आषाढ़ी पूजा

अच्छी बारिश के लिए की आराधना

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के बगदा गांव में धूमधाम से गांव गाराम-मड़य आषाढ़ी पूजा किया गया। मड़य थान में स्थापित जेहार बुढ़ी महामाय थान, चिड़ि गोसाईं व रांगाहाड़ि तथा कुछ दूरी पर स्थित गांव गाराम, जाहिर थान, बोड़ो पहाड़ एवं कपसा थान व राजा थान में पूजा-अर्चना गांव के नाया नारायण मरांडी एवं सहयोगी मिथुन मरांडी के द्वारा किया गया। सभी थानों में बकरी, बकरा, भेड़ा व मुर्गे की बलि चढ़ाई गई। ग्रामीणों ने आराध्य देवा-भूता से गांव में उत्तम बारिश के साथ धान की उम्दा फसल पैदावार की कामना की। वहीं गांव में सुख-समृद्धि, अमन-चैन व बेहतर स्वास्थ्य की भी कामना की। पूजा को सफल बनाने में चांदमुख महंतो, धर्मनाथ महतो, सुखदेव राम, बिट्टू डोम, रवि महतो, दिनेश महतो, कमलेश महतो, लोकेश महतो, चंदन चक्रवर्ती, संदीप चक्रवर्ती, सदानंद प्रजापति, सुभाष कुमार, पुरण कुमार, अखिलेश्वर मांझी, मनोज दास समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

मासस कार्यालय में वाम मोर्चा की बैठक में चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। मुगमा केंद्र सरकार के खिलाफ भंडाफोड अभियान चलाने के सवाल पर निरसा विधान सभा स्तरीय वाम मोर्चा की बैठक 12 जुलाई को देर रात मुगमा मोड स्थित मासस कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मासस नेता सह जिला परिषद सदस्य कॉमरेड बादल बाउरी व संचालन सीपीएम नेता कॉमरेड कार्तिक घोष ने किया।नेताओ ने कहा कि केंद्र सरकार के जन विरोधी नीतिओं व लोकतंत्र पसंद लोगो पर हो रहे हमने एवं रोजगार व महंगाई के सवाल पर देश में लोकतंत्र पसंद राजनीतिक पार्टियों की हो रही गोलबंदी में वामपंथी पार्टियों की अहम भुमिका है।झारखंड में वाम मोर्चे के वेहतर पहलकदमी को लेकर प्रखंड से पंचायत तक केन्द्र सरकार के 9 वर्षो के क्रिया-कलापों के आम जनता के बीच भंडाफोड अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना है और आने वाले 2024 के चुनाव में सवक सिखाने का काम करना है।17 जुलाई से 30 जुलाई तक नुक्कड सभा व पर्चा वितरण करते हुए अभियान की शुरूआत किया जायेगा।मौके पर माले नेता नागेन्द्र कुमार मासस नेता रामजी यादव, अंजू चटर्जी, मेनका मंडल, राजू राय, रोशन मिश्रा, दिनेश हाडी, सुमना लहरी मौजूद थीं।

झामुमो के नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद जिला अन्तर्गत गोबिन्दपुर प्रंखड में स्थित विवाह भवन, गोबिन्दपुर प्रखंड कार्यालय के समीप झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में झामुमो धनबाद जिला अन्तर्गत नव मनोनीत सभी वर्ग संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा की आप सभी को केन्द्रीय समिति ने बड़ी जिम्मेदारी दी हैं आने वाले समय में राज्य में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हैं और धनबाद जिला में अधिक से अधिक सीटें झामुमो के खाते में डालना है।इस लिए आज से ही आप लोग संगठन केलिए इमानदारी से कार्य करें पूरा जिला कमीटी आप लोगों के साथ हैं।बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा की वर्ग संगठन मुख्य संगठक का गहना होता हैं, वर्ग संगठन के होने से हर धर्म, जाती, यूवा,छात्र, महिला सहित अन्य वर्ग के लोगों को संगठन में जोड़ा जाता हैं एवं उचित सम्मान दिया जाता है आप सभी का दायित्व बहोत बड़ा है आप सभी से आशा एवं उम्मीद हैं जिला कमीटी के साथ मिलकर संगठन को पूरे जिले में मजबूत करेंगे।

इन्हें किया सम्मानित

नव गठित वर्ग संगठन के पदाधिकारी जिन्हें सम्मानित किया गया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलाम कुरेशी, सचिव रामचंद्र मुर्मू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना हेंब्रम, सचिव लक्की बावरीन, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हाजी अख्तर अंसारीसचिव अजीमुदीन अंसारी, बुद्धिजीवी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू हाड़ी,सचिव कामदेव शर्मा, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, सचिव आजाद महतो।

एक नजर में

रणधीर वर्मा चौक पर भागीदारी पार्टी का धरना

धनबाद। धनबाद रणधीर वर्मा चौक के समीप 5 सूत्री मांगो को लेकर भागीदारी पार्टी का महाप्रदर्शन धरना दे कर विरोध जताया। महाप्रदर्शन धरना में भागीदारी पार्टी ने झारखंड हेमंत सरकार को घेरते हुए मांगा की है की राज्य में टोल टैक्स और फास्ट टैग के नाम पर जो नाजायज रकम वसूली की जा रहा है। उस पर अविलंब रोक लगाई जाए। झारखण्ड समेत देस भर में महंगाई चरम पर है। जिसे देखन वाला कोई नहीं। जिससे गरीब मजदूरों को हर दिन जातो जाहत करना पड़ता रहा है। थाली पर दाल रोटी भी जुटाना मुश्किल है। राज्य भर के बस स्टैंड में ुरक्षा कर्मी को तैनात किया जाए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम चंद प्रजापति ने कहा की यदि झारखंड सरकार द्वारा इन मांगो को नही पूरा किया गया तो सितंबर महीने से भागीदारी पार्टी झारखंड बंद का आह्वाहन करती है।

पैरेंट्स एसोसिएशन और एआईएसएफ ने की छात्रा सुसाइड केस की भर्त्सना

बोकारो। झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र राय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को ई मेल प्रेषित कर छात्रा सुसाइड केस को गंभीरता पूर्वक लेते हुए एक जांच कमेटी बनाकर इस मामले की जांचए आयोग की देखरेख में कराने एवं दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के झारखंड राज्य कार्यकारिणी सदस्य अफजल दुरानी ने धनबाद संत जेवियर स्कूल की घटना की निंदा करते हैं।

पेज 1 का शेष

1932 हमारा मुद्दा...

भाजपा-आजसू पर साधा निशाना : अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता के मसले को जोरशोर से उठाया। उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान केआधार पर कानून बनाया लेकिन आजसू और भाजपा के लोगों ने कोर्ट में जाकर अड़चन डाल दिया। सीएम ने 60-40 नाय चलतो वाले नारे का जिक्र किये बगैर कहा कि एक नया नारा देकर लोगों को भड़काया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 1932 हमारा मुद्दा था और मुद्दा रहेगा। हम हारे नहीं हैं बल्कि लंबी छलांग के लिए दो कदम पीछे आये हैं। उन्होंने कहा कि इन खुराफातियों ने 20 वर्षों तक राज्य के विकास की गति को रोके रखा। **सीएम ने गिनायी उपलब्धियां :** मुक्यमंत्री ने सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम जैसी योजनाओं का जिक्र किया। साथ ही निजी क्षेत्रों में स्थानीय को 75 प्रतिशत आरक्षण के लिए उठाये गये कदम की जानकारी दी। उन्होंने सौ यूनिट तक फ्री बिजली देने, छात्रों को विदेश में पढ़ाई का मौका देने और उच्च शिक्षा के लिए कम ब्याज पर ऋण देने के लिए किए जा रहे कार्यों को गिनाया। **सीएम ने दिखाया भविष्य का पिक्चर :** सीएम ने कहा कि 15 हजार किमी ग्रामीण सड़कें बनेंगी। कोई भी गांव बिना सड़क का नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल सुखाड़ झेल चुके हैं। इस बार भी वही नौबत दिख रही है। इसको ध्यान में रखते हुए सिंचाई योजनाओं पर काम चल रहा है। आने वाले 7-8 वर्षों में हर खेत में पानी पहुंचने लगेगा।

पटना में पुलिस लाठीचार्ज...

पार्टी सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करायेगी। पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी सहित सभी बड़े नेताओं को हिरासत में लिया है। हालांकि प्रशासन ने मौत की पुष्टि से इनकार किया है। **विरोध में धरना शुरू, आज राजभवन मार्च :** विधानसभा मार्च के दौरान लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने शुक्रवार को राजभवन मार्च का ऐलान किया है। गुरुवार को हुए लाठीचार्ज में पार्टी के कई विधायक और सांसद समेत कार्यकर्ता घायल हैं। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने विधानसभा के बाहर धरना देना शुरू कर दिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि हम लोगों ने पहले से ही विधानसभा मार्च का ऐलान कर रखा था। विधानसभा मार्च के दौरान जिस प्रकार से लाठी से पीटा गया है, हमारे एक नेता की मौत हो हुई, हम लोग इसे छोड़ने वाले नहीं हैं। जो कार्रवाई पुलिस की तरफ से की गई है नीतीश कुमार और तेजस्वी के इशारे पर की गयी है। **नीतीश इस्तीफा दें : मोदी-** भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि हमारे एक विजय कुमार सिंह का खून बेकार नहीं जायेगा। जनता इनके खून का बदला लेगी। उन्होंने प्रशासन पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस्तीफा देने की मांग की।

मिलिट्री डे परेड के मुख्य अतिथि...

शिखर वार्ता में द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के विस्तार पर मुख्य रूप से ध्यान दिये जाने की उम्मीद है। **कई मुद्दों पर होगी अहम चर्चा :** पीएम मोदी मेजवान राष्ट्रपति मैक्रों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान मैंक्रो की तरफ से उनके लिए राजकीय भोज भी आयोजित किया जायेगा। पीएम मोदी के दौरे को लेकर मैंक्रो भी खासे उत्साहित हैं। भारत-फ्रांस की इंडो-पैसिफिक रणनीति का एक अहम हिस्सा है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो पीएम मोदी का रेड कारपेट वेलकम करने के लिए बेकरार हैं। पीएम मोदी का फ्रांस दौरा अमेरिकी दौरे के बाद हो रहा है।

स्पीड न्यूज

विद्या भारती भवन निर्माण के लिए दिया 10 हजार का दान

बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सिह नगर निवासी सह अभिभावक राघवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ तूफानी सिंह ने विद्या भारती भवन निर्माण एवं विकास फंड हेतु 10ए000६.;दस हजार रूपएद्ध का सहयोग किया। कहा कि इस विद्यालय ने हमारे परिवार को बहुत कुछ दिया है उन्होंने आगे भी विद्यालय को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कहा कि मै इस विद्यालय का छात्र भी रहा हूं।

नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप की तैयारी शुरू

बोकारो। 48वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड स्टेट बास्केटबॉल संघ की बालक एवं बालिका की टीमें भाग लेंगी। पांडिचेरी में आगामी 3 से 9 अगस्त तक आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड की प्रतियोगी टीमों की चयन प्रक्रिया 16 जुलाई को जमशेदपुर में रखी गई है, जहां हर जिले से 5-5 प्रतिभावान खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। बोकारो जिला बास्केट बॉल संघ की टीम भी चयन प्रक्रिया में भाग लेने जा रही है। संघ की ओर से संजीव सिंह ने बताया कि बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ चयन प्रक्रिया सेक्टर 12 के बास्केट बॉल कोर्ट में आयोजित कर रही है।

लॉटरी से लाभुकों के बीच पीएम आवास का आवंटन

धनबाद । बाबूडीह स्थिति विवाह भवन में प्रधानमंत्री आवासीय योजना (शहरी) के तहत धनबाद नगर निगम द्वारा बारामुड़ी किफायती आवास परियोजना के आवासों का लॉटरी द्वारा आवंटन किया गया। ज्ञात करो 12 मोड़ी में नगर निगम के द्वारा 320 आवास बनाए गए थे पिछले बार हुए आवास आवंटन कार्यक्रम में 42 लाभुकों को आवास नहीं मिला था इसके बाद उनसे आवेदन लेकर उनकी जांच उपरांत लॉटरी के माध्यम से सभी को आवास आवंटित किए गए। दिए गए। लाभुकों को ध्यान में रखते हुए उनको 4 वर्गों में बांटा गया है उसमें से विकलांगता को प्रमुखता दी गई है। कार्यक्रम में धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह, अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार उपस्थित हुए।

महिला से सोने की चेन और 70 हजार की छिनतई

धनबाद। सदर थाना क्षेत्र के ज्ञान मुखर्जी रोड की आइस्क्रीम गली में एक महिला को अपराधियों ने अपना निशान बनाया। अपराधियों ने महिला को बीच सड़क पर रोका और धमकाया फिर उसके कान से सोने के झुमके और रुपये लेकर भाग खड़े हुए। अचानक इस लूटपाट से आहत महिला चीखने और चिल्लाने लगी। उसकी चीख-पुकार सुन कर आसपास के लोग दौड़े. देखते ही देखते वहां भीड़ जुट गई। पीड़ित महिला ने बताया कि वह चिरागोड़ा जागृति मंदिर के समीप रहती है। किसी काम से कोर्ट के पास बाजार गई थी। वहां से लौटते वक्त दो युवकों ने उसके सोने के झुमके और 70 हजार रुपये लूट लिये व फरार हो गए। बता दें कि एक सप्ताह पहले 7 जुलाई को अपराधियों ने हीरापुर विनोद नगर में नकली पुलिस अधिकारी बनकर रेलवे के सेवानिवृत कर्मी मुरलीधर रजक को लूटा था। चकमा देकर उनसे सोने की अंगूठी और चेन लेकर कुछ बदामाश फरार हो गए थे।

चास रोटरी ने बच्चों के बीच किया स्कूल ड्रेस का वितरण

बोकारो। स्थानीय चास के तेलीडीह रोड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों में चास रोटरी द्वारा स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। मौके पर चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने एवं बच्चों में अनुशासन के लिए उन्हें स्कूल की ड्रेस उपलब्ध कराई गई है। संयोजक व स्कूल ड्रेस के प्रायोजक ब्रूस टबोडा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की कहा कि बच्चों के चेहरे पर हमेशा मुस्कान बनी रहे।

चंद्रयान-3 प्रक्षेपण के लिए उलटी गिनती शुरू

एजेंसी

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि देश के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण के लिए 25.30 घंटे की उलटी गिनती गुरुवार को यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र में शुरू हो गई।शुक्रवार को रवाना होने वाला चंद्र मिशन वर्ष 2019 के चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है।

भारत के इस तीसरे चंद्र मिशन में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का लक्ष्य चंद्रमा की सतह पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग का है।

चंद्रयान-2 मिशन के दौरान अंतिम क्षणों में लैंडर विक्रम पथ विचलन के चलते सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफल नहीं हुआ था। यदि इस बार इस मिशन में सफलता मिलती है तो भारत ऐसी उपलब्धि हासिल कर चुके अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ जैसे देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा। इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एलवीएम3एम4-चंद्रयान-3 मिशनः कल (शुक्रवार-14 जुलाई) को 14.35 बजे (अपराह्न दो बजकर 35 मिनट) पर किए जाने वाले प्रक्षेपण की उलटी गिनती शुरू हो गई है।अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि चंद्रयान-3 कार्यक्रम के तहत इसरो अपने चंद्र मॉड्यूल की मदद से चंद्र सतह पर सॉफ्ट-लैंडिंग और चंद्र भूभाग पर रोवर के घूमने का प्रदर्शन करके नई सीमाएं पार करने जा रहा है।

हरिकोटा में आज 2.35 बजे होगा लांच

इसरो के वैज्ञानिकों ने तिरुमला में मंदिर में की पूजा

तिरुपति। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण से पहले गुरुवार की सुबह तिरुमला में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। देश के महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन के तहत चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा।

मंदिर पहुंचे वैज्ञानिक दल में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल थे, जिनके गुरुवार सुबह मंदिर पहुंचने की तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर आ गए। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के एक अधिकारी ने भी उनके मंदिर पहुंचने की पुष्टि की है।टीटीडी के एक अधिकारी ने बताया कि जी हां, इसरो का दल तिरुमला आया लेकिन हमारी जनसंपर्क शाखा ने उनके दौरे को कवर नहीं किया। उन्होंने बताया कि मंदिर के अधिकारी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के दौरे में व्यस्त थे।

हर तरह से सफल होना चाहिए मिशनः माधवन

बेंगलुरु। वरिष्ठ अंतरिक्ष वैज्ञानिक जी माधवन नायर ने गुरुवार को कहा कि चंद्रमा तक पहुंचने के चंद्रयान-3 मिशन को सभी पहलुओं पर सफल होना चाहिए ताकि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक अहम पड़ाव पार कर सके। उन्होंने चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग को बेहद मुश्किल और जटिल करार दिया। इसरो के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान इसरो के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने करीब चार साल पहले चंद्रयान-2 की सॉफ्ट लैंडिंग के दौरान आई समस्याओं से सबक लेते हुए वर्तमान अभियान में कई उपाय किए हैं और प्रणालियों को मजबूत किया है। वर्ष 2003 से इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग में सचिव के रूप में छह साल के कार्यकाल के तहत 25 सफल अभियानों को पूरा करने वाले नायर ने कहाकि इस क्षण मैं केवल इतना कह सकता हूं कि यह मिशन सभी तरह से सफल होना चाहिए ताकि हम अंतरिक्ष अन्वेषण में एक प्रमुख मील का पत्थर पार कर सकें। नायर ने कहा कि यह बहुत कठिन तथा जटिल प्रक्रिया है और हम इसे पहली बार अज्ञात क्षेत्र में करने जा रहे हैं। काफी बेसब्री है।

स्पीड न्यूज

हैरिस ने सीनेट में टाई-ब्रेकिंग वोट के साथ इतिहास रचा

वाशिंगटन। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सीनेट में एक मतदान में दोनों पक्षों के समान वोट पड़ने की स्थिति में अपना मत (टाई-ब्रेकिंग वोट) डालकर अमेरिका के इतिहास में एक और नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। इस तरह हैरिस ने उपराष्ट्रपति के रूप में टाई-ब्रेकिंग वोट डालने के 191 साल पुराने रिकार्ड की बराबरी की और संघीय एजेंसी की सदस्य के रुप में भारतीय मूल की कल्पना कोटागल के नामांकन का समर्थन किया।

दिल्ली में 16 जुलाई तक बंद रहेंगे स्कूल

नयी दिल्ली। शिक्षा निदेशालय (डीओई) के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने के मद्देनजर दिल्ली में सभी सरकारी और निजी स्कूल 16 जुलाई तक बंद रहेंगे। इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की एक विशेष बैठक के बाद स्कूलों को बंद करने की घोषणा की थी। यह बैठक उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की अध्यक्षता में हुई।

हत्या मामले में पिता पुत्र समेत चार को उम्रकैद

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की एक अदालत गुरुवार को छह साल पुराने हत्या के मामले में पिता-पुत्र समेत चार लोगों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अरविंद लाल ने बताया कि इस्लाम नगर थाना क्षेत्र के गांव अलेहपुर की मड़ैया निवासी महिपाल सिंह ने 26 नवंबर 2017 को थाने में तहरीर दी थी।

नोएडा : फैक्टरी में आग से एक की मौत

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में कपड़ों की एक फैक्टरी में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना बुधवार रात सेक्टर-63 के एफ-ब्लॉक में स्थित फैक्टरी में हुई।

पूर्व सांसद कल्याण जैन का निधन

इंदौर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और इंदौर के पूर्व लोकसभा सांसद कल्याण जैन का गुरुवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके एक रिश्तेदार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैन कुछ दिनों से निमोनिया से पीड़ित थे और उन्होंने अपने इंदौर स्थित घर में आखिरी सांस ली।

गुजरात : जमीन विवाद में दो दलितों की हत्या

सुरेंद्रनगर। गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के कुछ लोगों ने जमीन विवाद के चलते दो दलित व्यक्तियों की कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार शाम को चूड़ा तालुका में समाधिआला गांव में हुई।

महाराष्ट्र में कैबिनेट का विस्तार आज

मुंबई। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार और विभागों का बंटवारा शुक्रवार को होने की संभावना है, लेकिन पार्टी के विरोधी धड़े शिवसेना (यूबीटी) ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट के विधायकों को नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर संदेह जताया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार और उनकी पार्टी के आठ अन्य विधायकों ने दो जुलाई को महाराष्ट्र सरकार के मंत्रियों के तौर पर शपथ ग्रहण की थी। शिवसेना-भाजपा के गठबंधन में राकांपा विधायकों के शामिल होने से मंत्रालयों के बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हो गया है।

प्रोफेसर का हाथ काटने के मामले में पीएफआइ के तीन सदस्यों को उम्रकैद

एजेंसी

कोच्चि। केरल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने 2010 में एक कॉलेज के प्रोफेसर का हाथ काटे जाने के सनसनीखेज मामले में दोषी ठहराये गये छह लोगों में से तीन को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। इडुक्की जिले के थोडुपुझा में न्यूमैन कॉलेज के प्रोफेसर टी. जे. जोसेफ का दाहिना हाथ चार जुलाई, 2010 को मौजूदा प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कथित सदस्यों ने काट दिया था।

विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश अनिल के. भास्कर ने मामले के दूसरे चरण की सुनवाई में बुधवार को इन लोगों में से तीन, साजिल, नासर और नजीब को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के अंतर्गत हत्या, साजिश रचने और अन्य अपराधों के साथ सख्त गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दोषी ठहराया गया था और आज इन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

सुनवाई के पहले चरण में 10 लोगों को यूएपीए के साथ-साथ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और आईपीसी के तहत दोषी करार दिया गया था। इसके अलावा अदालत ने तीन अन्य को आरोपियों को शरण देने के लिए भी दोषी करार दिया था। अदालत ने तीन को दोषी ठहराते हुए कहा था कि दूसरा आरोपी साजिल हमले में शामिल था जबकि तीसरा आरोपी नासर मामले में मुख्य साजिशकर्ता है और पांचवे आरोपी नजीब ने इस आतंकवादी कृत्य की सारी योजना बनाई थी लेकिन इसमें शामिल नहीं हुआ।यह हमला उस वक्त किया गया था जब वह (प्रोफेसर) अपने परिवार के साथ एनार्कुलम जिले के मूवाट्टुपुझा स्थित एक गिरजाघर से रविवार की प्रार्थना के बाद घर लौट रहे थे। सात लोगों के समूह ने प्रोफेसर जोसेफ का वाहन रोका, उन्हें बाहर खींचा और उनके साथ मारपीट कर उनका दाहिना हाथ काट दिया। घटना का मुख्य आरोपी सवाद अभी भी फरार है।

केरल में एनआइए की अदालत ने सुनाई सजा

▸▸ चार जुलाई, 2010 को इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के सदस्यों ने न्यूमैन कॉलेज के प्रोफेसर टीजे जोसेफ का काटा था दाहिना हाथ

पुलवामा, शोपियां समेत पांच स्थानों पर एनआइए की रेड

श्रीनगर। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी साजिश से जुड़े एक मामले में गुरुवार को जम्मू कश्मीर के पुलवामा और शोपियां जिलों में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।.एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू कश्मीर में आतंकवादी साजिश से जुड़े मामले में अपनी जांच के तहत एनआईए ने पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े आतंकवादियों के परिसरों पर एक और दौर की छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) सहित कुछ नवगठित संगठनों को सोशल मीडिया के जरिये केंद्र शासित प्रदेश में हमले करने की धमकियां देते पाया गया है। उन्होंने बताया कि ये छापेमारी शोपियां, अवंतीपोरा और पुलवामा में पांच स्थानों पर की गई। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डाटा वाले कई डिजिटल उपकरण बरामद किये गये।

दिल्ली में लालकिले की दीवारों तक पहुंचा यमुना का पानी

नयी दिल्ली। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली के कुछ हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए लालकिला गुरुवार को दिन के उत्तरार्ध में आगंतुकों के लिए बंद कर दिया गया और यह 14 जुलाई को भी बंद रहेगा।सोमवार को खतरे के निशान को पार करने के बाद, उफनती यमुना का पानी राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर आ गया जिससे कई इलाके जलमग्न हो गए।यमुना का पानी लालकिले की दीवारों तक भी पहुंच गया, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल है। कई इलाकों में लोगों को कमर तक और कुछ स्थानों पर गर्दन तक पानी में यात्रा करते देखा गया। राजघाट व पुराना किला क्षेत्र में अत्यधिक जलभराव की सूचना है।

14 जुलाई तक आगंतुकों के लिए किया गया बंद

चंद्रयान-3 के कई पुर्जों की एलएंडटी ने की है आपूर्ति

नयी दिल्ली। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने गुरुवार को कहा कि उसने भारत के चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 के लिए विभिन्न पुर्जों की आपूर्ति की है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इस मिशन के लिए मध्य खंड और नोजल बकेट फ्लैंज जैसे पुर्जों का विनिर्माण पवई स्थित उसके संयंत्र में किया गया। इसके अलावा ग्राउंड और फ्लाइट अम्बिलिकल प्लेट जैसे घटक कोयंबटूर स्थित कंपनी के एयरोस्पेस विनिर्माण संयंत्र में तैयार किए गए।

एलएंडटी डिफेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रमुख ए टी रामचंदानी ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र भारतीय उद्योग के लिए खुल रहा है और हम भविष्य के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में बड़ी भूमिका निभाने के लिए इसरो के साथ मिलकर काम करेंगे। कंपनी ने बताया कि इन सभी पुर्जों कों की आपूर्ति तय समय से पहले कर दी गई थी। एलएंडटी ने कहा कि वह इसरो के चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2, गगनयान और मंगलयान मिशन के लिए हार्डवेयर बनाने में भी शामिल रही है।

कोयला घोटाले में पूर्व सांसद विजय दर्डा समेत सात दोषी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन में अनियमितता से जुड़े मामले में सात लोगों को दोषी ठहराया। इनमें पूर्व राज्यसभा सांसद विजय दर्डा और पूर्व कोयला सचिव एच सी गुप्ता शामिल हैं। विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने कोयला घोटाले में दर्डा के बेटे देवेंद्र दर्डा, दो वरिष्ठ लोक सेवकों के एस क्रोफा और के सी सामरिया, मेसर्स जेएलडी यवतमाल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक मनोज कुमार जयासवाल को भी दोषी ठहराया। इस मामले में सजा पर 18 जुलाई को बहस होगी। अदालत ने आरोपियों को आपराधिक साजिश (आईपीसी की धारा 120-बी के तहत दंडनीय) और धोखाधड़ी (आईपीसी की धारा 420 के तहत दंडनीय) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

▸▸ दिल्ली की अदालत ने पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता को भी ठहराया दोषी,सजा पर फैसला 18 जुलाई को

सीयूइटी-यूजी का रिजल्ट 17 जुलाई तक होंगे घोषित

नयी दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रमुख जगदीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि सीयूईटी-यूजी के नतीजे 17 जुलाई तक घोषित किए जाएंगे। इससे पहले, नतीजों के 15 जुलाई तक घोषित किए जाने की उम्मीद थी।देश भर के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी के परिणाम घोषित होने के बाद शुरू होगी। कुमार ने कहा कि उम्मीदवारों को 29 जून से एक जुलाई के बीच उत्तर पुस्तिकाओं को चुनौती देने का मौका दिया गया। उन्होंने कहा कि करीब 25,782 चुनौतियां मिलीं जिनमें 3,886 भिन्न थीं।

26 को केजरीवाल, संजय सिंह कोर्ट में होंगे पेश

एजेंसी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री को लेकर व्यंग्यात्मक और अपमानजनक बयानों से संबंधित आपराधिक मानहानि के मामले में यहां की एक अदालत ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को 26 जुलाई को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया।

आम आदमी पार्टी (आप) के दोनों नेताओं के खिलाफ मामला गुजरात विश्वविद्यालय (जीयू) की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। यहां की एक मेट्रोपोलिटन अदालत ने पूर्व में दोनों नेताओं को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था। हालांकि, उनके वकील ने छूट संबंधी आवेदन दायर कर कहा कि केजरीवाल और सिंह दिल्ली में भारी बारिश के कारण पेश नहीं हो सके।

गुजरात विश्वविद्यालय के वकील अमित नायर ने याचिका का विरोध नहीं किया, लेकिन अदालत से आग्रह किया कि आप नेताओं को अगली तारीख पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया जाए क्योंकि मुकदमे में देरी हो रही है।पेशी से छूट संबंधी उनकी याचिका पर विचार करने के बाद, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एसजे पांचाल ने केजरीवाल और सिंह को 26 जुलाई को उपस्थित रहने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान, आप नेताओं के वकील ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 309 के तहत एक और याचिका दायर की, जिसमें अदालत से गुजरात उच्च न्यायालय में संबंधित मामले की सुनवाई के मद्देनजर, इस मामले की सुनवाई स्थगित करने का आग्रह किया गया। नायर ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले और उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामले के बीच कोई संबंध नहीं है। इसके बाद, आप नेताओं ने याचिका पर जोर नहीं दिया और इसे वापस ले लिया।

पिछली सुनवाई के दौरान, अदालत ने यह देखने के बाद दोनों आप नेताओं को तलब किया था कि प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 (मानहानि) के तहत मामला बनता प्रतीत होता है। गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षणिक डिग्री पर मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द किए जाने के बाद गुजरात विवि के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने दोनों नेताओं के खिलाफ उनकी टिप्पणियों को लेकर मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी।

▸▸ प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री को लेकर व्यंग्यात्मक व अपमानजनक बयानों के मामले में गुजरात की अदालत ने दिया निर्देश

फिल्म वेदा में नजर आयेंगी तमन्ना भाटिया

मुंबई। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को जी करदा और लस्ट स्टोरीज 2 में उनके अभिनय ने फिर से सुर्खियों में ला दिया। तमन्ना ही अब जॉन अब्राहम के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। तमन्ना और जॉन की जोड़ी फिल्म वेदा में नजर आएंगी। इस फिल्म को निखिल आडवाणी लेकर आए हैं। इसमें कोई शक नहीं कि जॉन और तमन्ना को एक साथ देखना उनके प्रशंसकों के लिए एक विजुअल ट्रीट होगा। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सूत्रों के मुताबिक ये दोनों एक साथ आएंगे। ये दोनों फिल्म वेदा' करने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक तमन्ना भाटिया जॉन अब्राहम के साथ एक नए प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। इसके बारे में जल्द ही खुलासा किया जाएगा। फिल्म का निर्देशन निखिल आडवाणी कर रहे हैं और वह सात साल बाद एक दमदार कहानी के साथ वापसी करेंगे। तमन्ना इस समय सुर्खियों में हैं। फिल्म लस्ट स्टोरीज 2 में उनकी अभिनय की काफी चर्चा हुई थी। साथ ही अब वह रजनीकांत के साथ एक फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का गाना कावला भी यूट्यूब पर काफी मशहूर हो चुका है।

कार्तिक आर्यन ने फिल्म चंदू चैंपियन की शूटिंग शुरू की

मुंबई। अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्मकार कबीर खान की फिल्म चंदू चैंपियन की शूटिंग शुरू कर दी है। साजिद नाडियाडवाला की निर्माण कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। खान इस फिल्म के सह-निर्माता हैं।आर्यन (32) ने सोशल मीडिया मंच पर निर्देशक खान के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि शुभारंभ, कैप्टन कबीर खान के साथ मेरे करियर के अभी तक के सबसे चुनौतीपूर्ण व रोमांचक सफर की शुरूआत #चंदूचैंपियन। कबीर खान ने 83 और बजरंगी भाईजान जैसी हिट फिल्मों का निर्देशन किया है।

हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा गलियारा जल्द होगा विकसित : मुख्यमंत्री

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों से हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा गलियारा विकसित करने की कार्रवाई जल्द शुरू करने को कहा ।

राज्य के विभिन्न शहरों में नवीन टाउनशिप विकसित किये जाने के सबंध में यहां एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा गलियारा योजना के क्रियान्वयन के लिये बनाई जाने वाली कंपनी के लिए राज्य मंत्रिमंडल के सामने शीघ्र प्रस्ताव लाया जाए । उन्होंने कहा कि हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा गलियारे का काम अक्टूबर 2026 तक पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों में पांच एवं पर्वतीय क्षेत्रों में तीन टाउनशिप विकसित करने का निर्देश दिया।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !